• 6 राज्य
• 2 केंद्रशासित प्रदेश
• 22 संस्करण


राजधानी ••
वर्ष 22 | अंक 265 | पृष्ठ : 14
मूल्य : साढ़े तीन रुपये

# अमर उजाला

नई दिल्ली
बृहस्पतिवार, 2 जनवरी 2025
पौष शुक्ल-तृतीया
विक्रम संवत-2081

amarujala.com

रक्षा सुधार सेना को मिलेगी तकनीक की ताकत और एकीकृत सैन्य कमान...11



दिल्ली-एनसीआर

### रिश्तों से रिसता रक्त : नए साल की पहली सुबह... लखनऊ की सामूहिक हत्या और दिल्ली की खुदकुशी ने इन्सानियत को झकझोरा

## बेटे ने पिता के साथ मिल किया मां व चार बहनों का कत्ल

लखनऊ। आगरा के रहने वाले 24 साल के मोहम्मद अरशद ने पिता के साथ मिलकर लखनऊ के होटल के कमरे में मां और चार बहनों की बेरहमी से हत्या कर दी। सभी अजमेर से सोमवार को लखनऊ आए थे और होटल में ठहरे थे। हत्या से पहले आरोपी पिता-पुत्र ने सभी को शराब पिलाई, फिर हाथ की नसें काट दीं और गला दबा दिया। अरशद ने इस दौरान वीडियो भी बनाया, जिसमें उसने आगरा में अपने मोहल्ले के लोगों पर घर कब्जाने के लिए अत्याचार का आरोप लगाया है। पुलिस ने अरशद को गिरफ्तार कर लिया, जबकि उसके पिता बदर की तलाश जारी है।

वारदात के बाद अरशद खुद बुधवार सुबह करीब सात बजे लोको पुलिस चौकी पहुंचा और पुलिस को बताया कि उसने पिता के साथ मिलकर मां अस्मा (49), बहन अल्शिया (19), रहमीन (18), अक्सा (16) और आलिया (9) की हत्या की है। नाका स्थित होटल में पहुंची पुलिस को कमरे में पांच शव बिस्तर पर पड़े मिले। होटल के कमरे से हत्या में इस्तेमाल ब्लेड और दुपट्टा बरामद किया गया है। डीसीपी रवीना त्यागी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में घरेलू विवाद वारदात की वजह के रूप में सामने आई है। ब्यूरो >> घर बन गया था मां-बेटियों का कैदखाना : पेज 8

### लखनऊ में वारदात : पहले जबरन शराब पिलाई, फिर काटी नस व गला दबाया



आरोपी अरशद का पिता बदर, मां व चारों बहनें। (फाइल फोटो)

#### नए साल की पार्टी के नाम पर पिलाई शराब



अरशद

पूछताछ में अरशद ने बताया कि आगरा में मोहल्ले वाले उसके घर पर कब्जा करना चाहते थे, इसके लिए परिवार को बहुत परेशान किया जा रहा था। उसे और पिता को डर था कि अगर उन्हें कुछ हो गया, तो परिवार का क्या होगा? इसलिए उन्होंने नए साल की पार्टी के बहाने मंगलवार रात सभी को शराब पिलाई, ताकि बेसुध होने पर उनकी हत्या कर सकें। रात दो बजे उसने पिता के साथ मिलकर ब्लेड से मां-बहनों के हाथों की नसें काटीं, फिर दुपट्टे से गला दबाकर मार डाला। चीख न निकले, इसके लिए उनके मुंह में कपड़ा ठूंस दिया था।

#### पिता को छोड़ा स्टेशन

सुबह 6:55 बजे दोनों आरोपी होटल से निकले। सीसीटीवी फुटेज में भी वे साथ निकलते दिखे। अरशद ने पिता को रेलवे स्टेशन छोड़ा, फिर चौकी पहुंच वारदात की जानकारी दी। बदर अपना फोन होटल में ही छोड़ गया, जिससे पुलिस को उसकी लोकेशन नहीं मिल सकी।

#### वीडियो में यह बताई वजह

वायरल वीडियो में अरशद कह रहा है, मैं निराशा में यह कदम उठाने को मजबूर हूं। पुलिस मोहल्ले के लोगों को इसके लिए जिम्मेदार ठहराए, जिन्होंने घर पर कब्जा कर लिया है। 10 दिनों से हम फुटपाथ पर सोने को मजबूर हैं। उसने परेशान करने वाले लोगों के नाम भी लिए हैं।

## पत्नी पर प्रताड़ना का आरोप लगाकर कैफे मालिक पुनीत ने की आत्महत्या

### दिल्ली में अतुल सुभाष जैसी घटना, जान देने से पहले बनाया वीडियो

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में बंगलूरू के अतुल सुभाष जैसा सनसनीखेज मामला सामने आया है। वुडबॉक्स कैफे के मालिक पुनीत खुराना ने 31 दिसंबर की रात फंदा लगाकर जान दे दी। इससे पहले उन्होंने पत्नी मनिका पाहवा से फोन पर बात की थी, जिसकी ऑडियो रिकॉर्डिंग मिली है।

आत्महत्या से पूर्व पुनीत ने 59 मिनट का वीडियो भी बनाया है, जिसमें उसने पत्नी व ससुराल वालों पर प्रताड़ना के आरोप लगाए हैं। उसके परिजनों ने कहा कि पुलिस ने पुनीत का मोबाइल फोन जब्त कर लिया और वीडियो नहीं दिया। उत्तर-पश्चिमी जिला पुलिस उपायुक्त भीष्म सिंह ने बताया कि मॉडल टाउन के कल्याण विहार में पुलिस पुनीत के घर पहुंची, तो वह बिस्तर पर मृत मिले। गले पर दुपट्टे के दबाव का निशान था। प्रारंभिक जांच में पत्नी से रकम के लेनदेन का विवाद सामने आया है। पुनीत के पिता ने बताया कि नौ साल पहले उन्होंने लड़की के परिवार को 1.65 करोड़ रुपये ब्याज पर दिए थे। ब्यूरो



मनिका पाहवा और पुनीत खुराना।

#### तलाक का चल रहा था मामला

पुनीत व मनिका की 2016 में शादी हुई थी, पर कुछ समय बाद ही विवाद शुरू हो गया। उनके बीच तलाक का मामला चल रहा था। खुदकुशी से पहले फोन पर बातचीत में मनिका कह रही है कि फिर तुम धमकी दोगे, आत्महत्या कर लूंगा। जिस घर में पुनीत ने खुदकुशी की है, वह मनिका के नाम है। >> पेज 3



## जीएसटी संग्रह 7.3 फीसदी बढ़कर 1.77 लाख करोड़

नई दिल्ली। निर्यात व घरेलू मदों में कर रिफंड के बावजूद जीएसटी संग्रह दिसंबर, 2024 में सालाना आधार पर 7.3 फीसदी बढ़कर 1.77 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया। घरेलू लेनदेन व आयात कर राजस्व में वृद्धि से कर संग्रह बढ़ा है। दिसंबर, 2023 में सरकार को जीएसटी से 1.65 लाख करोड़ रुपये की कमाई हुई थी।

- कुल 1,76,857 करोड़ के संग्रह में केंद्रीय जीएसटी की हिस्सेदारी 32,836 करोड़ रुपये रही। राज्य जीएसटी का 40,499 करोड़, एकीकृत जीएसटी का 47,783 करोड़ और उपकर का 11,471 करोड़ रुपये योगदान रहा।
- 2024 में कुल 21,52,518 करोड़ का कर संग्रह हुआ, जो 2023 के 19,64,575 करोड़ की तुलना में 9.56 फीसदी अधिक है। ब्यूरो >> जीडीपी में मजबूती : कारोबार

## राहत : वाणिज्यिक एलपीजी सिलिंडर 14.5 रुपये सस्ता

नई दिल्ली। नए साल के पहले दिन वाणिज्यिक एलपीजी सिलिंडर के दाम में कमी की गई है। साथ ही, विमान ईंधन के दाम में भी 1.5 फीसदी की कटौती हुई है। तेल कंपनियों ने दिल्ली में वाणिज्यिक एलपीजी (19 किलो) का मूल्य 14.5 रुपये घटाकर 1,804 रुपये कर दिया है। लगातार पांच महीने की बढ़ोतरी के बाद यह पहली कटौती है। ब्यूरो

# पीएम फसल योजना का आवंटन बढ़ा डीएपी पुरानी कीमतों पर ही मिलेगा

### नए साल का पहला दिन किसानों के नाम खाद का 50 किग्रा का बैग 1,350 रुपये में ही

**69,516** करोड़ हुआ अब फसल बीमा का आवंटन

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने देश के करोड़ों किसानों को नए साल के पहले दिन बड़ा तोहफा दिया। सरकार ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) व पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना को एक साल और 2025-26 के लिए बढ़ा दिया। फसल बीमा योजना का आवंटन बढ़ाकर 69,515.71 करोड़ रुपये किया गया है। साथ ही, डाई-अमोनियम फॉस्फेट (डीएपी) खाद पर 3,850 करोड़ की अतिरिक्त सब्सिडी दी गई है। इससे 50 किलोग्राम का डीएपी बैग 1,350 रुपये में ही मिलता रहेगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) की बैठक में कृषि क्षेत्र में नवाचार और तकनीक को बढ़ावा देने के लिए 824.77 करोड़ रुपये का अलग कोष बनाने का फैसला भी किया गया। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि योजनाओं को किसानों से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है। इसलिए पीएमएफबीवाई और मौसम आधारित फसल बीमा योजना के लिए आवंटन बढ़ाया गया है। पंजाब में जारी किसान आंदोलन और उन्हें समझा नहीं पाने के सवाल पर उन्होंने कहा, यदि आपने हरियाणा चुनाव के समय दौरा किया होता, तो खुद देख सकते थे कि किसानों ने आंदोलन के बजाय अपने कल्याण के लिए बेहतर विकल्प पर बहुत अच्छी प्रतिक्रिया दी थी। उन्होंने कहा, दोनों फसल बीमा योजना के लिए कुल खर्च वित्त वर्ष 2021-22 से 2025-26 के लिए 66,550 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 69,515.71 करोड़ रुपये कर दिया गया है। पीएमएफबीवाई उपज जोखिम के आधार पर फसल के नुकसान को कवर करता है, जबकि दूसरी मौसम संबंधी जोखिमों पर ध्यान केंद्रित करती है।

#### किसान भाई-बहनों को समर्पित : मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया में लिखा कि नए वर्ष का पहला निर्णय हमारे देश के करोड़ों किसान भाई-बहनों को समर्पित है। हमने फसल बीमा के लिए आवंटन बढ़ाने को मंजूरी दी है। इससे जहां अन्नदाताओं की फसलों को और ज्यादा सुरक्षा मिलेगी, वहीं नुकसान की चिंता भी कम होगी।



**3,850 करोड़ रुपये का एकमुश्त पैकेज :** डीएपी खाद पर 3,850 करोड़ रुपये का एकमुश्त विशेष पैकेज दिया है। यदि सरकार सब्सिडी नहीं बढ़ाती तो 1,350 रुपये के बैग की कीमत 175 रुपये प्रति बैग के हिसाब से बढ़ जाती।

**प्रीमियम में बदलाव नहीं** किसान को पहले की तरह ही फसल बीमा मूल्य का 1.5 से 5% प्रीमियम चुकाना होगा। दक्षता व पारदर्शिता के लिए डिजिटल और रिमोट सेंसिंग तकनीक का उपयोग होगा। 2023-24 में 4 करोड़ किसानों (55% गैर-ऋणी) को बीमाकृत किया गया। इसमें 6 करोड़ हेक्टेयर भूमि क्षेत्र कवर किया है।

#### कवरेज क्षेत्र में बदलाव

पॉलिसियों के संदर्भ में पीएमएफबीवाई देश की सबसे बड़ी और कुल प्रीमियम के मामले में तीसरी सबसे बड़ी बीमा योजना है। 23 राज्य और केंद्रशासित प्रदेश इसे लागू कर रहे हैं। पीएमएफबीवाई और मौसम आधारित योजना अप्रत्याशित घटनाओं के कारण फसल के नुकसान से प्रभावित किसानों को वित्तीय सहायता देते हैं। पहले तहसील या बड़े क्षेत्र में नुकसान पर ही मुआवजा दिया जाता था, पर अब स्थानीय स्तर या खेत स्तर पर बीमा कवरेज क्षेत्र के दायरे में सुधार से अब मुआवजा मिलने में आसानी होगी।

#### उत्पादन प्रभावित होने पर मिलेगा मुआवजा

पीएम फसल बीमा में प्राकृतिक आपदाओं और प्रतिकूल जलवायु परिस्थितियों से नुकसान भी कवर होता है यानी बुवाई के समय ज्यादा गर्मी या सर्दी से उत्पादन पर असर पड़ता है, तो इसका भी मुआवजा दिया जाएगा। इसमें अनुदान का पैटर्न पूर्वोत्तर व हिमालयी राज्यों के लिए 90:10 रखा गया है, जबकि अन्य राज्यों के लिए 50:50 रखा गया है। >> दावा निपटाने के लिए एफआईएटी : पेज 11

## तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण को अमेरिका की मंजूरी, भारत लाने का रास्ता साफ

### 26/11 हमले के आरोपी को लाने के लिए राजनयिक प्रयास तेज

नई दिल्ली। मुंबई में 26/11 के आतंकी हमले के आरोपी तहव्वुर हुसैन राणा पर जल्द ही भारत का शिकंजा कसेगा। अमेरिकी अदालत ने भारत-अमेरिका प्रत्यर्पण संधि के तहत राणा के प्रत्यर्पण को मंजूरी दे दी है। अब उसे भारत लाने और उस पर मुकदमा चलाने का रास्ता साफ हो गया है। अमेरिकी सरकार ने पिछले साल दिसंबर में अपने सुप्रीम कोर्ट से प्रत्यर्पण के खिलाफ राणा की अपील खारिज करने का आग्रह किया था।

तहव्वुर राणा पाकिस्तानी मूल का कनाडाई नागरिक है और 26/11 हमले के मुख्य आरोपियों में से एक है। उसे अमेरिकी खुफिया एजेंसी एफबीआई ने 2009 में गिरफ्तार किया था। सूत्रों के मुताबिक, उसे भारत लाने के लिए राजनयिक प्रयास तेजी से जारी हैं। पिछले साल नवंबर में अमेरिका की निचली अदालतों और सान फ्रांसिस्को में नॉर्थ सर्किट की यूएस कोर्ट ऑफ अपील्स समेत संघीय अदालतों में वह प्रत्यर्पण के खिलाफ कानूनी लड़ाई हार चुका है। राणा ने फिर अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की। दावा किया, 2008 के मुंबई आतंकी हमले से जुड़े आरोपों पर शिकागो में इलिनोइस की संघीय अदालत ने उसे बरी कर दिया। भारत भी अब शिकागो मामले में समान आरोपों पर मुकदमा चलाने के लिए प्रत्यर्पण चाहता है। लेकिन, अमेरिकी सरकार ने राणा की याचिका खारिज करने की मांग की। अगस्त, 2024 में अमेरिकी अदालत ने फैसला सुनाया था कि राणा को भारत प्रत्यर्पित किया जा सकता है। अदालत ने राणा की बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका को खारिज करने के फैसले को कायम रखा। ब्यूरो

>> राणा की संलिप्तता के भारत ने दिए हैं ठोस सबूत : पेज 10



#### 166 लोगों की गई थी जान

26 नवंबर, 2008 को मुंबई में लश्कर-ए-ताइबा के दस आतंकियों ने हमला किया था, जिसमें 166 लोग मारे गए। 300 घायल हुए थे। मरने वालों में कुछ अमेरिकी नागरिक भी थे। एनकाउंटर में पुलिस ने 9 आतंकियों को मार गिराया और अजमल कसाब को गिरफ्तार किया था। 2012 में उसे फांसी दे दी गई।

## केजरीवाल के संघ से सवाल पूछे जाने पर गरमाई सियासत

- पत्र लिखने के बजाय संघ से सेवा भाव सीखें : भाजपा

*नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली में विधानसभा चुनाव से पहले गरमाती सियासत के बीच आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत को पत्र लिखकर कई सवाल किए हैं। उन्होंने पूछा, क्या संघ भाजपा के किए गलत कार्यों का समर्थन करता है? इस पर भाजपा ने पलटवार करते हुए कहा कि भागवत को पत्र लिख सियासी चाल चलने की जगह उन्हें संघ से सेवा भावना सीखनी चाहिए।* ब्यूरो

#### क्या भाजपा की हरकतों का समर्थन करता है संघ

संघ प्रमुख भागवत को लिखे खत में केजरीवाल ने पूछा कि क्या संघ वोट खरीदने के लिए भाजपा नेताओं की ओर से खुलेआम पैसे बांटे जाने का समर्थन करता है? भाजपा बड़े पैमाने पर दलित, पूर्वांचली मतदाताओं के वोट कटवाने की कोशिश कर रही है। क्या संघ को लगता है कि ऐसा करना लोकतंत्र के लिए सही है? क्या यह लोकतंत्र को कमजोर करना नहीं है? उन्होंने पूछा कि संघ दिल्ली चुनाव में भाजपा के लिए वोट मांगेगा, क्या यह सही है? उन्होंने पूछा, क्या संघ भाजपा की हरकतों का समर्थन करता है?

#### मुद्दे से न भटकाएं, बताएं दिल्ली को कैसे लूटा

केजरीवाल के खत पर दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा, उनकी हैसियत नहीं कि वह संघ प्रमुख से बात भी कर सकें। जब आप कनाडा में आतंकियों से पैसा लेते हैं, तो क्या संघ प्रमुख से पूछते हैं? उन्होंने कहा कि मुद्दे को मत भटकाइए, बताइए आपने किस तरह से दिल्ली को लूटने का काम किया। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने आरोप लगाया, चिट्ठी और कुछ नहीं, बल्कि मीडिया का ध्यान खींचने की कोशिश है। उन्होंने केजरीवाल से कहा, संघ से सीखिए, पत्र मत लिखिए। >> सत्ता संग्राम : पेज 4

## पीएम मोदी अजमेर दरगाह के लिए आज भेजेंगे चादर

### अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री रिजिजू लेकर जाएंगे

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तरफ से शनिवार को ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह पर चादर चढ़ाई जाएगी। अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू और भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी चादर लेकर अजमेर जाएंगे। बृहस्पतिवार शाम 6 बजे पीएम उन्हें चादर सौंपेंगे।

प्रधानमंत्री हर साल सूफी संत के उर्स पर अजमेर दरगाह के लिए चादर भेजते हैं। 28 दिसंबर से ख्वाजा साहब का 813वां उर्स चल रहा है। यह 11वां मौका होगा, जब पीएम मोदी की तरफ से चादर चढ़ाई जाएगी। पिछले साल पीएम की तरफ से पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी व जमाल सिद्दीकी ने चादर चढ़ाई थी।

पीएम मोदी का इस बार चादर भेजना इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि अजमेर दरगाह में मंदिर होने का दावा किया गया है। इसे लेकर कोर्ट में मामला चल रहा है, जिसकी सुनवाई 24 जनवरी को होगी। याचिका दायर करने वाले हिंदू राष्ट्र सेना के अध्यक्ष विष्णु गुप्ता ने चादर नहीं भेजने की अपील की थी। ब्यूरो




# नमस्ते दिल्ली

नमस्ते इंडिया गाय का दूध अब दिल्ली में भी उपलब्ध।

उच्च गुणवत्ता के डेयरी उत्पाद बनाने व उन्हें उपभोक्ताओं तक पहुचाने के लिए प्रसिद्ध कंपनी नमस्ते इंडिया ने गाय का दूध लांच किया है। कम्पनी के सीओओ ने बताया की ताज़ा और प्योर गाय का दूध ही उपभोक्ताओं की पहली पसंद है। बाजार में उपलब्ध गाय के दूध से उपभोक्ता पूर्ण रूप से संतुष्ट नहीं है इसी बात को ध्यान रखते हुए कम्पनी ने गाय का दूध लांच करने का फैसला लिया है और सीधा किसानों से लाया हुआ शुद्ध व गुणवत्ता से भरपूर गाय का दूध मल्टी लेयर क्वालिटी टेस्ट से गुजरने के बाद उपभोक्ताओं तक पहुंचाया जायेगा। गाय का दूध सुपाच्य होता है इस वजह से यह बच्चों के साथ प्रौढ़ और वृद्ध लोगो के लिए भी बहुत अच्छा होता है।

**लांच ऑफर**...साथ ही साथ कंपनी ने लांच ऑफर के तौर पर उपभोक्ताओं को आधा लीटर पर रु2/- व एक लीटर पर रु4/-की छूट भी दी है

**ताज़े प्योर गाय के दूध की पहचान**... गाय के ताजा और शुद्ध दूध की सबसे आसान पहचान उसकी प्राकृतिक मिठास है। यदि बिना चीनी मिलाए दूध का स्वाद हल्का मीठा है, तो आप निश्चिंत हो सकते हैं कि यह शुद्धतम ताज़ा पूर्णतया प्राकृतिक गाय का दूध है। आप भी अपने घर के बुजुर्गो से नमस्ते इंडिया गाय के शुद्ध दूध की पहचान कराईये।




1800-123-0800 | +919090858576 | crm@nirpl.com | www.namasteindiafoods.com

# नववर्ष मनाने उमड़ा जनसैलाब... ठहर गई दिल्ली

## पर्यटन और धार्मिक स्थलों पर लोगों की भारी भीड़ से पुलिस के इंतजाम हुए ध्वस्त, जाम ने वाहन चालकों को किया परेशान

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** नववर्ष का जश्न दिल्लीवालों ने जमकर मनाया। इंडिया, कनॉट प्लेस, चिड़ियाघर, बिरला मंदिर, हनुमान मंदिर, इस्कॉन, बंगला साहिब गुरुद्वारे सहित सभी धार्मिक स्थलों व पिकनिक स्पॉट पर लोगों की भारी भीड़ नजर रही। इससे नई दिल्ली का इलाका पूरी तरह ठप हो गया।

सभी सड़कें पूरी जाम होने से वाहन चालक परेशान रहे। आलम यह था कि इंडिया गेट पर एक लाख से ज्यादा लोग पहुंच गए। देर रात तक बड़ी संख्या में लोग अलग-अलग जगहों पर जमे रहे। इनमें विदेशी पर्यटक भी शामिल रहे। बड़ी संख्या में लोगों ने नए साल की शुरुआत धार्मिक स्थलों पर पूजा से की। दोपहर बाद दिल्ली के अलग-अलग इलाकों की सड़कें जाम हो गईं। इसकी शुरुआत लुटियन की दिल्ली से हुई।

**01 लाख से ज्यादा लोग इंडिया गेट पर पहुंचे**

ऐसे में ट्रैफिक पुलिस को कई जगह डायवर्जन करना पड़ा। भीषण जाम को देखते हुए ट्रैफिक पुलिस ने इंडिया गेट को रात को 7:45 बजे पूरी तरह खाली करा लिया। पिछले वर्षों के पहले दिन के अनुभव को देखते हुए पुलिस को अनुमान था कि इस बार भी लोग इंडिया गेट, कनॉट प्लेस, चिड़ियाघर, पुराना किला व लोधी गार्डन समेत अन्य जगहों पर बड़ी संख्या में आएंगे। ऐसे में सुबह से ही ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को तैनात कर दिया गया था। इंडिया गेट व कनॉट प्लेस में दोपहर 2 बजे तक 50 से 60 हजार लोग पहुंच गए थी। पुलिस लोगों को संभालने में लगी हुई थी। पुलिस ने इंडिया गेट से जाकिर हुसैन मार्ग, अकबर रोड, तिलक मार्ग, शेरशाह सूरी मार्ग व अन्य जगहों पर ट्रैफिक को डायवर्ट कर दिया था।

कनॉट प्लेस के रास्ते बंद करने से इससे पंचकुइया रोड, मंडी हाउस, केजी मार्ग, बाबा खड़क सिंह मार्ग व संसद मार्ग पर भारी जाम था। गुरुद्वारा बंगला साहिब व कनॉट प्लेस स्थित हनुमान मंदिर में भारी संख्या में लोगों के आने से कई मार्ग पहले से बंद थे। सभी जगहों पर जबरदस्त जाम था। हालात इतने खराब थे कि कहीं भी पैदल लोगों के लिए आने जाने की व्यवस्था नहीं थी।

हालांकि, ट्रैफिक पुलिस की नई दिल्ली रेंज के उपायुक्त ढाल सिंह ने बताया कि इस बार एक लाख से ज्यादा लोग इंडिया गेट पर पहुंचे। फिर भी, यातायात प्रबंधन के इंतजाम पूरे थे। इंडिया गेट के सामने सी हैक्सागॉन के राजपथ वाले मार्ग पर विशेष चैनल बनाए गए थे। इसके अलावा दो इंस्पेक्टरों के साथ 50 से ज्यादा ट्रैफिककर्मी तैनात किए गए थे।



नववर्ष के पहले दिन बुधवार को इंडिया गेट पर एक लाख से अधिक लोग पहुंचे। कर्तव्य पथ का नजारा देखने लायक रहा। भूपिंदर सिंह

**भीड़ को देखते हुए ट्रैफिक पुलिस ने इंडिया गेट को शाम 7:45 बजे पूरी तरह खाली करा लिया**

### देर रात तक लगा रहा जाम

कनॉट प्लेस, पंचकुईया रोड, बाबा खड़क सिंह मार्ग, गोल डाकखाना, गोल मार्केट, अशोक रोड, पंडित पंत मार्ग, संसद मार्ग आदि जगहों पर देर रात तक जाम लगा रहा।



बुधवार को कनॉट प्लेस स्थित बाबा खड़क सिंह मार्ग पर लगा जाम। अमर उजाला


गुरुद्वारा बंगला साहिब में दर्शन करने पहुंचे श्रद्धालु। अमर उजाला


हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना के लिए इंतजार करते लोग। अमर उजाला


गोल डाकखाना स्थित सेक्रेड हार्ट कैथेड्रल चर्च में पहुंचे श्रद्धालु। अमर उजाला

## मेट्रो हुई फुल, यात्रियों को बाहर रोकना पड़ा

**नई दिल्ली।** नए साल के जश्न का असर दिल्ली मेट्रो भी पड़ा। नई दिल्ली सहित ज्यादातर मेट्रो स्टेशनों पर बुधवार दोपहर बाद से लंबी लाइनें लगने लगीं। शाम होने से पहले कई बार सुरक्षाकर्मियों को प्लेटफॉर्म पर बढ़ती भीड़ को देखते हुए लोगों को बाहर ही रोकना पड़ा। राजीव चौक, पटेल चौक, मंडी हाउस, केंद्रीय सचिवालय, उद्योग भवन, आईटीओ, जनपथ आदि मेट्रो स्टेशन ज्यादा प्रभावित हुए। यहां इंडिया गेट और कनॉट प्लेस पर उमड़ी भीड़ देर रात तक मेट्रो स्टेशनों में घुसने के लिए लाइन लगी रही। इन स्टेशनों से गुजरने वाली मेट्रो पूरी तरह भरी रहीं। ब्यूरो


केंद्रीय सचिवालय मेट्रो स्टेशन से बाहर निकलते लोग। अमर उजाला

## आत्म परिवर्तन पर केंद्रित करें ध्यान : सुधांशु महाराज

**नई दिल्ली।** दृढ़ संकल्प की कमी और बुरी आदतों से साल की शुरुआत में तय किए लक्ष्य पूरे नहीं होते। इसलिए हमें आत्म परिवर्तन पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। गुरु के मार्गदर्शन में संकल्प शक्ति पहचानने से लक्ष्यसिद्धि में सफलता निश्चित मिलेगी। ये बातें बुधवार को सुधांशु महाराज ने कहीं। वे पश्चिमी दिल्ली के बक्करवाला मार्ग स्थित आनंदधाम आश्रम में नववर्ष महोत्सव एवं भक्ति सत्संग को संबोधित कर रहे थे। ब्यूरो


आनंदधाम आश्रम में सत्संग के दौरान सुधांशु महाराज व अन्य। अमर उजाला

### धार्मिक स्थलों पर उमड़े लोग

**नई दिल्ली।** राजधानी निवासियों ने 2025 का स्वागत उत्साह, उमंग और धार्मिक भावना के साथ किया। उज्ज्वल भविष्य और सुख-समृद्धि की कामना के लिए सभी धर्मों के अनुयायियों ने अपने धार्मिक स्थलों में प्रार्थना की। इस दौरान सुबह से देर रात तक आस्थावानों की कतार देखी गई। साल के पहले दिन सुबह से ही मंदिरों में लोगों का आना शुरू हो गया। झंडेवालान मंदिर में माता के दर्शन के लिए हजारों भक्त उमड़े। कालकाजी और छतरपुर मंदिर में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। कनॉट प्लेस और यमुना बाजार के हनुमान मंदिरों में भक्तों ने भगवान के समक्ष हाजिरी लगाई। सिख समुदाय के लोग गुरुद्वारा बंगला साहिब, शीशगंज और नानक प्याऊ में मत्था टेकने पहुंचे। इस दौरान विशेष कीर्तन और अरदास का आयोजन किया गया। वहीं, ईसाइयों ने गोल डाकखाना स्थित सेक्रेड हार्ट चर्च में विशेष प्रार्थना की। ब्यूरो

### आज के कार्यक्रम

**प्रदर्शनी**

- **इंडिया हैबिटेट सेंटर :** कन्वेंशन सेंटर फॉयर में सुबह 11 बजे से पेंटिंग प्रदर्शनी लगेगी।

**संगीत**

- **सफदरजंग :** द पियानो मैन में रात 8:30 बजे से कलाकार संगीत प्रस्तुति देंगे।

**नृत्य**

- **चावड़ी बाजार :** कथिका कल्चर सेंटर में सुबह 11:30 बजे से नृत्य प्रस्तुति होगी।

**आपकी आवाज**

किसी कार्यक्रम की सूचना, अन्य जानकारी और फोटो हमें भेजें।

ईमेल

del.metrobureau@del.amarujala.com

व्हाट्सएप करें

9873687563

DPCC

LiFE Lifestyle for Environment

कृपया ध्यान दें

रेजीडेंट वेल्फेयर एसोसिएशन्स/बिल्डर्स/ परियोजना प्रस्तावक/नागरिक/गैर सरकारी संगठन (NGOs)

खुले में आग जलाने एवं वायु प्रदूषण से बचें

सुरक्षा और अन्य कर्मचारियों को इलेक्ट्रिक हीटर एवं गर्म कपड़े उपलब्ध कराएं





✓ ठोस कचरा और बायोमास को खुले में जलाने से बचें

✓ हीटिंग के लिए कोयले और लकड़ी का उपयोग न करें

आइए हम सब मिलकर अपनी हवा की रक्षा करें!

दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति

http://dpcc.delhigovt.nic.in

ग्रीन दिल्ली ऐप डाउनलोड करने के लिए QR कोड स्कैन करें

## बर्फीली हवाओं ने बढ़ाई ठिठुरन आज कोहरे का येलो अलर्ट

**नई दिल्ली।** राजधानी में पहाड़ों से आ रही बर्फीली हवाओं ने कंपकपी बढ़ा दी है। बुधवार को लगातार तीसरे दिन शीतलहर का दौर चला। ऐसे में अधिकतम तापमान के साथ न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई। दिन में धूप खिलने के बाद भी ठंड से राहत नहीं मिली। इस दौरान न्यूनतम तापमान 7.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

यह सामान्य से 0.5 डिग्री सेल्सियस अधिक है। वहीं, कई इलाकों में पारा छह डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। इससे लोगों को ठिठुरन महसूस हुई। उधर, पालम एयरपोर्ट में सुबह छह बजे दृश्यता 100 मीटर और सफदरजंग में दृश्यता 700 मीटर रही। घना कोहरा छाने से वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। मौसम विभाग ने आज घने से घना कोहरे का येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग का पूर्वानुमान है कि सुबह के समय अधिकांश स्थानों पर धुंध व मध्यम कोहरा छाया रह सकता है। साथ ही, कुछ स्थानों पर घना कोहरा छाए रहने की आशंका है। आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमशः 17 और 8 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहेगा। बुधवार को हवा में नमी का स्तर 70 फीसदी से लेकर 97 फीसदी रहा। प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक अधिकतम तापमान 15 डिग्री दर्ज किया गया। दिनभर ठंडी हवाएं चलती रहीं। धूप निकलने के बाद भी लोगों को ठंड से राहत नहीं मिली। रात के समय ठंड से बचने के लिए लोग अलाव का सहारा लेते दिखे। ब्यूरो

## सदमे से सफेद बाघ का शावक मरा

**नई दिल्ली।** चिड़ियाघर में नौ महीने का सफेद बाघ का शावक मर गया। शावक की मौत की वजह सदमा और निमोनिया बताई जा रही है।

शावक कई दिनों से बीमार था। चिड़ियाघर के निदेशक डॉ. संजीत कुमार ने बुधवार को बताया कि शावक सितंबर से अस्पताल की निगरानी में था। चार दिन पहले उसकी मौत हो गई। वह आघातक सदमे और तीव्र निमोनिया के कारण मरा। साथ ही उसके हाथ में फ्रैक्चर भी था। उसके नमूने परीक्षण के लिए प्रयोगशाला भेजे गए हैं। इसके अलावा दो और शावक अस्पताल में भर्ती थे, जोकि अब स्वस्थ हैं। वहीं, अन्य शावकों की भी निगरानी शुरू की गई है। ब्यूरो

### एनडीएमसी 'विकसित भारत' विजन के तहत करेगी कार्य : चहल

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) नए साल में अपनी योजनाओं को प्राथमिकताओं से पूरा करेगी। एनडीएमसी के उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने बुधवार को बताया कि 2025 में विकसित भारत@2047 के विजन के तहत कार्य किया जाएगा। इसका उद्देश्य नई दिल्ली को स्वच्छ, हरित और विश्वस्तरीय शहर के रूप में विकसित करना है। एनडीएमसी का 2025-26 का बजट इस विजन को साकार करने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। ब्यूरो

अमर उजाला क्लासीफाइड विज्ञापन बुक करने के लिए कॉल करें- 1800-121-1166

Objectionable ads? Complain to ASCI 7710012345 www.ascionline.in

**आवश्यकता है**

**सामान्य**

आवश्यकता है: सबमर्सिबल पंप बाइंडर, इलेक्ट्रिक मोटर बाइंडर, खरादिया, इलेक्ट्रिशियन, इलेक्ट्रिकल डिप्लोमा होल्डर, इलैक्ट्रिकल पैनल वायर मैन, गाजियाबाद। सम्पर्क करें 9599298802, 8929260904

चंडीगढ़, पंजाब, जम्मू AIRPORT हेतु नौकरी डायरेक्ट भर्ती 10वी, 12वी, अनपढ़-ग्रेजुएट 3509 (लड़के-लड़कियां) (46900 -72900) हेल्पर, लोडर, चैकर, सुपरवाइजर (रहना+ खाना) #9220518800#

**पार्ट टाइम**

✓Telecom 5G कम्पनी घरबैठे (SMS Job) करके लड़के- लड़कियों, गृहणियों, कमायें (21500- 45,500) महीना (लैपटॉप, मोबाइल मुफ्त) Name, Address, Qualifications Whatsapp/ Call करें 8101180949

POLICY BAZAAR SMS वर्क घरबैठे रोजाना 100 SMS मोबाइल से भेजकर कमाए 5000/- रोजाना मोबाइल+ सिम फ्री (युवक, युवतियाँ गृहणियाँ) सम्पर्क 9453857589, 9452282553

**वर्कर**

एयरपोर्ट हेतु भर्ती लडके-लड़कियाँ बेरोजगार अनपढ़-ग्रेजुएट, सुपरवाईजर, हेल्पर, ड्राइवर, क्लर्क, मैनेजर, चैकर, गार्ड (19500- 55,500) योग्यतानुसार रहना+ खाना, फण्ड, बोनस 8920938254, 9354279311

**एजुकेशन**

**एकेडमिक**

JANHIT INSTITUTE Estd. 2002 Greater Noida | Ghaziabad | Saharanpur Approved-N.C.T.E., New Delhi & S.C.E.R.T., Lucknow D.El.Ed. (B.T.C.) Admission -2024 डी.एल.एड. (B.T.C.) 2024 में पंजीकृत छात्र/छात्राएं प्रवेश हेतु संपर्क करें। संपर्क सूत्र Greater Noida : 8178097994 Ghaziabad : 9717584400 Saharanpur : 9720512337

**मेडिकल**

**सैक्स संबंधी**

सैक्स समस्याएं छोटी इन्द्री निराश क्यों ? कीमत 400/-, 600/- जोश जगा दे, धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक इन्द्री को 8-9 इंच लम्बा मोटा, कठोर बनायें। सैक्स टाइम 30 से 40 मिनट बढ़ायें। नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी. पी. में भी जबरदस्त लाभदायक। दवाई घर बैठे मंगवाये। लाभ नही तो पैसे वापिस। 8271080945 8271080946

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु संपर्क करें अमर उजाला सी-21-22, सेक्टर-59, नोएडा फोन नं.-0120-4694354

**सूचना**

**व्यक्तिगत**

I, Gaurav Yadav S/o Sharnam Singh Yadav R/o H.No-32, Radha Krishana Kunj, Amrit Nagar Ghaziabad (UP), have changed my father name from Sharnam Singh Yadav to Sarnam Singh. Henceforth, he would be known by the name of Sarnam Singh for all future purposes.

I have changed my name from Shalendra Kumar Jendal and Shailender Jindal to Shailendra Jindal S/o Narendra Kumar Jendal, House No. 1139, Shiv Villa, Patel Nagar, Railway Road, Hapur Uttar Pradesh- 245101

मै अपने पुत्र धीरज को गलत आचरण के कारण चल अचल सम्पत्ति से बेदखलकर पारिवारिक सम्बन्ध विच्छेद करता हूं। धारा पुत्र मान सिंह, ग्राम परतापुर, पिलखुवा, धौलाना, हापुड़।

मैं अपने पुत्र सचिन को उसके गलत आचरण के कारण अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखलकर समस्त संबंध विच्छेद करता हूं ओमवीर पुत्र ब्रह्म सिंह गली नंबर 4 जगतपुरी मोदीनगर गाजियाबाद।

I, Renu W/o Shailendra Kumar R/o PN 111 112 113 120 121 122 Flat No. UG-4 Royal Garden Adhyatmic nagar Ghaziabad have changed my name to Renu Chauhan for all future purposes DOP: 15-Oct-2024

मेरी यूपी बोर्ड हाई स्कूल की मार्कशीट वर्ष 2015 अनुक्रमांक 0552453 वास्तव में कहीं खो गई है दीपांशु पुत्र सत्यपाल सिंह तगा सराय हापुड़।

मैंने अपना नाम रूबीना अली से बदलकर रूबीना पत्नी अब्दुल रहमान निवासी मोहल्ला नियर एस्सार पेट्रोल पम्प गढ़मुक्तेश्वर जिला गढ़मुक्तेश्वर जिला हापुड़ कर लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए।

I, Anarodhiya Devi W/o Dukhan Mandal have changed my name to Anju Devi for all purposes. Vide affidavit dated: 30-Dec-2024 Sworn before notary Virendra Singh

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह दी जाती है किसी विज्ञापन पर किसी भी प्रतिक्रिया से पहले विज्ञापन में प्रकाशित किसी उत्पाद या सेवा के बारे में अपनी पूरी तरह जॉच पडताल कर लें। यह समाचार पत्र उत्पाद या सेवा की गुणवत्ता या विज्ञापन दाता आदि के विवरण के बारे में विज्ञापन दाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता। समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन **जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य** किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठको को सावधान किया जाता है कि कोई भी प्रतिक्रिया करने से पहले विज्ञापन के बारे में पूर्ण जांच पड़ताल कर लें तब आगे बढ़ें। समाचार पत्र उपरोक्त किसी भी विज्ञापन के बारे में किसी पाठक के प्रति उत्तरदायी नहीं होगा।

# पुलिस का एनआईसी सिस्टम फेल, शराब पीकर धड़ल्ले से वाहन दौड़ाते रहे लोग

## शाम को ठप हुआ सिस्टम देर रात तक हो सका शुरू, चालान करने में हुई परेशानी, सिस्टम शुरू होने के बाद 558 लोगों के किए गए चालान, पूरी रात रही निगहबानी

पुरुषोत्तम वर्मा

**नई दिल्ली।** नए वर्ष-2025 के जश्न के दौरान उत्पात मचाने व शराब पीकर वाहन चलाने वालों को पकड़ने के लिए दिल्ली पुलिस खासकर ट्रैफिक पुलिस ने कड़े बंदोबस्त किए थे, मगर केंद्रीय सूचना सेंटर(एनआईसी) सिस्टम ठप होने से ट्रैफिक पुलिस की तैयारियां धरी रह गईं।

ट्रैफिक पुलिस ने 31 दिसंबर की रात 12 बजे से शराब पीकर वाहन चलाने वालों के चालान करना शुरू किया। इस दौरान 558 लोगों के चालान किए गए। ट्रैफिक पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि नए साल पर शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर पुलिस की कड़ी नजर थी।

लेकिन, शाम 6.30 बजे के बाद एनआईसी सिस्टम में खराबी आने के कारण पुलिस चालान करने में असमर्थ हो गई। इस दौरान शराब पीकर वाहन चलाने वाले धड़ल्ले से वाहन दौड़ाते रहे। ट्रैफिक पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि दिल्ली ट्रैफिक पुलिस के पास कुल 1500 चालान मशीन हैं। जश्न के दौरान शराब पीकर वाहन चलाने वालों को पकड़ने के लिए सभी मशीनों को उतार दिया गया था।

शाम करीब 6.30 बजे एनआईसी सिस्टम ठप हो गया। चालान मशीनें एनआईआर सर्वर से डेटा लेती हैं। फिर चालान किए जाते हैं। सर्वर ठप होने से चालान मशीनों ने रात 12 बजे तक काम नहीं किया।

### पूर्वी रेंज में पकड़े सबसे ज्यादा शराबी चालक

पुलिस अधिकारी ने बताया कि चालान मशीनों ने रात 12 बजे के बाद काम करना शुरू किया था। इसके बाद शराब पीकर वाहन चालाने वाले चालाकों का चालान करना शुरू किया। इस दौरान पूर्वी रेंज में सबसे ज्यादा चालक 153 चालकों का चालान किया गया।

**कुल चालान**

| रेंज | कुल चालान | ड्रंकन ड्राइविंग चालान |
|---|---|---|
| नई दिल्ली रेंज | 583 | 57 |
| सर्दन रेंज | 450 | 85 |
| वेस्टर्न रेंज | 1410 | 38 |
| सेंट्रल रेंज | 897 | 101 |
| नार्थन रेंज | 479 | 124 |
| ईस्टर्न रेंज | 824 | 153 |

इस बार लोगों ने शांतिपूर्ण तरीके से नए वर्ष का स्वागत किया। इस बार दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने संबंधित स्थानीय पुलिस के साथ चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था की थी। सड़कों पर पूरी रात पुलिस के तैनात होने से पिछले वर्ष के मुकाबले इस वर्ष बहुत कम चालान हुए हैं।
**-अजय चौधरी विशेष पुलिस आयुक्त, ट्रैफिक दिल्ली पुलिस**

### ऑपरेशन बुलेट राजा चलाया, 35 पर केस दर्ज

**नई दिल्ली।** जामिया नगर थाना क्षेत्र में 31 दिसंबर से 1 जनवरी के बीच ऑपरेशन बुलेट राजा चलाया गया। अभियान के तहत संशोधित साइलेंसर (फट-फट की आवाज करने वाले) का इस्तेमाल करने और स्टंट करने पर 35 बुलेट सवारों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। दक्षिण-पूर्व जिला पुलिस उपायुक्त रवि कुमार सिंह ने बताया कार्रवाई जामिया नगर थाने के पुलिसकर्मियों के ओर से शुरू किए गए ऑपरेशन बुलेट राजा के तहत, जामिया नगर में संशोधित साइलेंसर का इस्तेमाल करने वाले और स्टंट करने के लिए 35 मोटरसाइकिल सवारों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। वहीं, डीपी अधिनियम की धारा 65 के तहत 673 लोगों को हिरासत में लिया गया। वहीं, धारा 66 के तहत 131 वाहन जब्त किए गए। ब्यूरो


जब्त की गई बाइक। अमर उजाला

### पेपर रोल फैक्टरी में लगी भीषण आग

**नई दिल्ली।** उतरी-बाहरी जिले के नगली पूना इलाके में मंगलवार देर रात पेपर रोल फैक्टरी में भीषण आग लग गई। मौके पर एक दर्जन से अधिक दमकल की गाड़ियां पहुंचीं। अग्निशमन कर्मियों ने करीब 4 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। हालांकि हादसे में कोई घायल या हताहत नहीं हुआ।अग्निशमन विभाग के निदेशक अतुल गर्ग ने बताया कि हादसा ग्राउंड फ्लोर पर 500 स्क्वायर यार्ड में बनी फैक्ट्ररी में हुआ था। इस फैक्ट्री में पेपर रोल और प्लास्टिक रोल का काम होता है। डिवीजनल ऑफीसर राजेंद्र अटवाल सहित 60 अग्निशमन कर्मियों की टीम ने आग पर काबू पाया। बताया कि कंट्रोल रूम को देर रात 11.45 बजे के आसपास आग लगने की सूचना मिली थी। आग पर तड़के 4 बजे के बाद काबू पाया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। ब्यूरो

# बात तू-तड़ाक से शुरू हुई, गाली गलौज तक पहुंची... फिर खत्म हुआ सब कुछ

## पत्नी की प्रताड़ना से तंग आकर जान देने का मामला, अंतिम बातचीत में दोनों ने एक दूसरे पर लगाए कई आरोप

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पत्नी की प्रताड़ना से तंग आकर आत्महत्या करने वाले पुनीत खुराना के मामले में चौंकाने वाली जानकारी सामने आई है। दांपत्य जीवन कितना खराब चल रहा था, इसका अंदाजा दोनों के बीच हुई अंतिम बातचीत से लगाया जा सकता है। पुलिस का कहना है कि पत्नी ने पहले आप बोल कर बातचीत की शुरुआत की। इसके बाद तू-तड़ाक और फिर गालियों में बात होने लगी।

दोनों के बीच मोबाइल पर हुई बातचीत की ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। इसमें दोनों एक दूसरे पर कई गंभीर आरोप लगा रहे हैं। वहीं, पुनित के परिवार वालों का आरोप है कि मनिका और उनके घर वालों ने पुनीत को इतना परेशान किया कि उसने खुदकुशी कर ली।

पुलिस के अनुसार, मॉडल टाउन के कल्याण विहार निवासी पुनीत ने मंगलवार देर रात जान दी थी। परिवार का आरोप है कि पुनीत पत्नी से परेशान थे। दोनों के बीच कुछ भी ठीक नहीं था। कॉल रिकॉर्डिंग ने उनके रिश्ते की पोल खोलकर रख दी है। पुनीत और मणिका के बीच हुई आखिरी बातचीत पुनीत के इंस्टाग्राम अकाउंट हैक से शुरू हुई। मणिका कहती है कि उसने कोई अकाउंट हैक नहीं किया। तुमने मेरे व परिवार के साथ अच्छा व्यवहार नहीं किया। फिर वही धमकी दी कि सुसाइड कर लूंगा और घर छोड़कर चला जाऊंगा, बिजनेस वापस ले लूंगा।

इस पर पुनीत ने पूछा कि तुमको क्या चाहिए। मणिका कहती है कि कल सुबह सामने आओ तब बताती हूं। इसके बाद पुनीत मिलने से मना कर देते हैं। इस पर मणिका कहती है कि फिर पूछा क्यों। सामने आने की हिम्मत नहीं है तो रात के तीन बजे बकवास क्यों कर रहे हो। फिर दोनों में पासवर्ड को लेकर बहस हुई। इसके बाद मणिका ने पुनीत पर दूसरी महिला से संबंध होने का आरोप लगाया, जिसे पुनीत ने साफ इनकार कर दिया। इस बीच दोनों में बहस बढ़ गई। मणिका कहती है कि बिजनेस में अब भी पार्टनर हूं। मेरा सारा बकाया चुकाना होगा। इसके बाद वह तू-तड़ाक पर उतर आती है।


पुनीत खुराना। फाइल

### पुनीत के घरवालों ने मांगा इंसाफ

पुनीत की मां ने अपने बेटे के लिए इंसाफ की मांग की है। बेटे की मौत से पूरा परिवार सदमे में है। उन्होंने कहा कि जब पुनीत ने दरवाजा नहीं खोला तो उसके पिता को फोन कर बुलाया गया। उन्होंने आकर दरवाजा तोड़ा तो पुनीत पंखे से लटका हुआ था।

### मणिका ने रखी थीं पांच मांगें

परिजनों का आरोप है कि पुनीत की पत्नी ने उसके सामने 70 हजार रुपये हर माह देने, वकील की फीस का भुगतान करने सहित पांच मांगें रखी थीं। आरोप है कि वह उसे और उसके परिजनों को जेल भिजवाने की धमकी देती थी। पुनीत की बहन रीना का आरोप है कि शादी के एक साल बाद से ही भाभी झगड़ा करने लगी थी। हालात इतने खराब हो गए थे कि भाई अलग से किराये पर मकान लेकर रहने लगे थे। कभी कभार ही घर पर किसी तरह से मिलने आते थे।

### पुनीत दो साल तक माता-पिता से अलग पत्नी के साथ रहे

पुनीत के पिता ने बताया कि शादी के बाद पुनीत और मनिका के बीच शुरुआत में तो सब ठीक चल रहा था लेकिन उसके बाद झगड़े शुरू हो गए। पुनीत दो साल तक अपने माता-पिता से अलग पत्नी के साथ रहे, लेकिन इसके बाद जब दोनों के बीच नहीं बनी तो वह अपने घर आ गए और मनिका अपने माता-पिता के घर चली गई। इसके बाद दोनों ने कोर्ट में कैसे भी दाखिल कर दिया।

### पुनीत के पिता ने ब्याज पर दिए थे 1.65 करोड़

पुनीत के पिता का कहना है कि 9 साल पहले उन्होंने लड़की के परिवार को 1.65 करोड़ रुपये ब्याज पर दिए थे। साथ ही रोहिणी का अपना डीडीए का घर बेच दिया था। दोनों की प्लानिंग थी कि मनिका के पिता प्रोपर्टी बनाएंगे, जिसमें पुनीत के पिता पैसा निवेश करेंगे।

### दोनों शादी से पहले से ही एक-दूसरे को जानते थे

पुनीत व मनिका शादी से पहले से एक-दूसरे को जानते थे। शादी दोनों की सहमति से हुई थी। शादी के डेढ़ साल बाद दोनों में मनमुटाव होने लगा। मनिका फिलहाल अपने मायके में रह रही थी। दोनों के कोई बच्चा नहीं है।

# नववर्ष का मनाया जश्न, फिर 3 साल के बेटे के सामने मां-बाप ने दी जान

## नहीं मिला कोई सुसाइड नोट, पति जल बोर्ड में तो पत्नी चलाती थी ब्यूटी पार्लर

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** वजीराबाद में रह रहे एक परिवार में साल के आखिरी दिन तक सब कुछ ठीक था। परिवार ने पहले खुशी-खुशी नए साल का जश्न मनाया। लेकिन, देर रात करीब तीन बजे अपने तीन साल के बच्चे के सामने दंपती के खुदकुशी करने से खुशियां मातम में बदल गईं।

मृतक नितेश (32) जल बोर्ड में काम करता था और चांदनी (28) खुद का ब्यूटी पार्लर चलाती थी। मौके से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। मूलरूप से बिहार का रहने वाला परिवार लंबे समय से यहां पर रहता था। नितेश और चांदनी तीन वर्षीय बेटे के साथ चार मंजिला इमारत की पहली मंजिल पर रहते थे। ग्राउंड फ्लोर पर नितेश के माता-पिता रहते हैं।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि सुबह 3:45 बजे वजीराबाद की सुरेंद्र कॉलोनी में रहने वाले दंपती के आत्महत्या करने के संबंध में जानकारी मिली। मौके पर पहुंचने पर पता चला कि दंपती ने अपने कमरे में फांसी लगा लगाई थी। जब उनका बच्चा आधी रात को उठा तो उसने माता-पिता को ऐसी स्थिति में देखा।

**पांच वर्ष पहले हुई थी शादी :** पुलिस अधिकारी के अनुसार, जिस कमरे में दंपती ने आत्महत्या की है। वहां से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। फिलहाल मामले में जांच की जा रही है। पांच वर्ष पहले दोनों की शादी हुई थी। पुलिस ने दोनों के मोबाइल फोन जब्त कर लिए हैं।


नितेश और चांदनी। (फाइल फोटो)

### देर रात तक हुई थी पार्टी

बताया जा रहा है कि घर में देर रात तक नव वर्ष को लेकर पार्टी की गई थी। इसमें परिवार के सभी लोगों के अलावा दंपती के जानकार और रिश्तेदार भी शामिल हुए थे। माना जा रहा है कि दंपती ने तीन बजे के करीब आत्महत्या की है।

## अपराध संक्षेप

### नशे में झगड़ा, मकान मालिक की मौत

**नई दिल्ली।** प्रसाद नगर इलाके में नव वर्ष की पूर्व संध्या पर मकान मालिक को किरायेदारों के साथ शराब पीना महंगा पड़ गया। नशे में हुए झगड़े के दौरान चार किरायेदारों ने मकान मालिक मोहित पर हमला कर दिया। घायल अवस्था में उन्हें पास के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उनकी मौत हो गई। पुलिस ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि मंगलवार देर रात करीब साढ़े तीन बजे मारपीट की सूचना मिली। मोहित नामक व्यक्ति पर चार लोगों ने हमला किया था। हमला नशे में झगड़े के दौरान हुआ था। आरोपी और मृतक ने साथ में शराब भी पी थी। गिरफ्तार आरोपियों ने अपने आधार कार्ड के अनुसार खुद को नाबालिग बताया है। ब्यूरो

### मेट्रो की स्कैनिंग मशीन से चोरी, दो धरे

**नई दिल्ली।** करोल बाग मेट्रो स्टेशन पर एक्सरे मशीन से जांच के दौरान 15 लाख रुपये के आभूषणों से भरा बैग चोरी करने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। मेट्रो पुलिस उपायुक्त डॉ. जी राम गोपाल नायक ने बताया कि आरोपियों की पहचान झारखंड निवासी मन्नोनित डांग (30) और सालिक महली (29) के रूप में हुई है। शिकायतकर्ता ने 26 दिसंबर को ई-एफआईआर से बैग चोरी होने की शिकायत की थी। बैग में कीमती आभूषण थे। पुलिस ने 28 दिसंबर को एक महिला को गिरफ्तार कर लिया। उसका साथी सालिक महली अहमदाबाद भाग गया था। उसे पकड़कर दिल्ली लाया गया। दोनों से आभूषणों से भरा बैग बरामद किया गया है। ब्यूरो

### स्टॉक में निवेश के बहाने 31 लाख ठगे

**नई दिल्ली।** लाजपत नगर थाना इलाके में साइबर जालसाजों ने स्टॉक मार्केट में निवेश के बहाने एक व्यक्ति से 31 लाख रुपये ठग लिए। पुलिस को दी शिकायत में लाजपत नगर निवासी पीड़ित ने बताया कि नौ जुलाई 2024 को शिवांगी नामक युवती ने व्हाट्सएप पर संपर्क किया। युवती ने कहा कि उसकी कंपनी स्टॉक ट्रेडिंग मे मदद करती है। स्टॉक मार्केट में निवेश करके वह मोटा मुनाफा कमा सकते हैं। उसने पीड़ित को एक व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ दिया। यहां एक स्कीम के जरिये 300 फीसदी रिटर्न का प्रलोभन दिया गया। झांसे में आकर पीड़ित ने 31 लाख रुपये का निवेश कर दिया। इसके बाद जालसाज और निवेश का दबाव बनाने लगे। ठगी के अहसास पर पीड़ित ने पुलिस को शिकायत दी। ब्यूरो

# 25 बांग्लादेशियों को वापस भेजने की प्रक्रिया शुरू

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पुलिस ने बांग्लादेश से आए 25 से अधिक अवैध प्रवासियों की पहचान कर उन्हें उनके देश वापस भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। दिल्ली पुलिस के विशेष पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था) मधुप तिवारी ने कहा कि बांग्लादेश से आए अवैध प्रवासियों की पहचान करने का अभियान दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना के आदेश पर चलाया जा रहा है। अवैध प्रवासियों की पहचान कर उन्हें निर्वासित करना शुरू कर दिया है।

विशेष पुलिस आयुक्त ने कहा कि अवैध प्रवासियों के खिलाफ अभियान चलाने के लिए उन्हें मानव खुफिया और तकनीकी निगरानी की मदद लेनी पड़ी। उनमें से कई के पास बांग्लादेश के आईडी कार्ड हैं और उन्होंने यहां मतदाता पहचान पत्र भी बनवाए हैं। वह मेघालय की सीमाओं के माध्यम से भारत में घुसपैठ करते हैं और दिल्ली पहुंचते हैं। फिर उन्हें एक फर्जी आधार कार्ड दिया जाता था, जिसका डेटा चेक करने पर आधार कार्ड फर्जी निकला।

इससे पहले, दिल्ली पुलिस ने 12 बांग्लादेशी नागरिकों को हिरासत में लिया, जो बिना किसी पहचान के दक्षिण दिल्ली के विभिन्न इलाकों में रह रहे थे। दक्षिण पूर्व पूर्व जिला पुलिस उपायुक्त रवि कुमार सिंह ने कहा कि इन लोगों को निजामुद्दीन, कालिंदी कुंज, शाहीन बाग और सरिता विहार सहित क्षेत्रों से पकड़ा गया था। हिरासत शिविर में भेज दिया गया है, उन्होंने कहा कि अब तक, हमने निजामुद्दीन, कालिंदी कुंज, शाहीन बाग और सरिता विहार जैसे विभिन्न क्षेत्रों से 12 बांग्लादेशियों को पकड़ा है।

### 11 को भेजा

दक्षिण-पश्चिम जिले के एंटी स्नैचिंग सेल ने जिले में अवैध रूप से रह 11 बांग्लादेशी प्रवासियों की पहचान कर उन्हें वापस उनके देश भेजा है। आरोपियों ने दिल्ली में अवैध रूप से रहने के लिए होटलों का इस्तेमाल किया था। दक्षिण-पश्चिमी जिला पुलिस उपायुक्त सुरेंद्र चौधरी के अनुसार अवैध रूप से रह रहे प्रवासियों की पहचान मोहम्मद शिमुल (36), मोहम्मद अली पोरन (24),मोहम्मद शिहाब हुसैन (21), मोहम्मद जाकिर हुसैन बिप्लोव (36), अनवर हसन (25) मसूदुल आलम अतुल (25) जकारिया अहमद (26), अर्पोन कुमार चंदा वर्ष (38) एमडी रफीकुल, (48), मिजानुद्दीन और (21) आरिफुर रहमान अकरम (25)के रूप में हुई है। सभी को एफआरआरओ के माध्यम से बांग्लादेश भेज दिया गया है।

# एनसीआर से कारें चुराकर नक्सलियों को बेचने वाले गिरोह का पर्दाफाश

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने दिल्ली-एनसीआर से फॉर्च्यूनर जैसी लग्जरी कारें चुराकर मणिपुर में नक्सलियों को बेचने वाले एक गिरोह का पर्दाफाश किया है। टीम ने सुल्तानपुर से चल रहे इस गिरोह के दो सदस्यों आकिल व साजिद को गिरफ्तार किया है। आरोपी दिल्ली-एनसीआर से 70 से अधिक कारें चुरा चुके हैं।

### दो गिरफ्तार, 70 से अधिक कारें चुराने की वारदात में शामिल थे आरोपी

गिरोह के सदस्य प्रोग्रामिंग टूल अतुल के जरिये लग्जरी कारें कुछ ही सेकंड में चुरा लेते थे। यह अतुल से प्रोग्रामिंग सिस्टम को डिकोड कर नई चाबी बना लेते थे और इसके बाद कार को अनलॉक कर ले जाते थे। आरोपियों से चोरी की गई दो फॉर्च्यूनर कारें, दो डुप्लीकेट चाबियां और एक प्रोग्रामिंग टूल बरामद किया गया है।

अपराध शाखा के पुलिस उपायुक्त संजय कुमार सैन के अनुसार टीम को सूचना मिली थी कि वाहन चोर एक काले रंग की फॉर्च्यूनर में वाहन चोरी करने दिल्ली आ रहे हैं। टीम ने चिल्ला मोड़, मयूर विहार में घेराबंदी कर एक काले रंग की फॉर्च्यूनर को रोका। पुलिस को देखकर आरोपी भागने लगे। काफी मशक्कत के बाद पुलिस टीम ने मुजफ्फरनगर निवासी आकिल को पकड़ लिया। उसके पास से एक चोरी की गई काली टोयोटा फॉर्च्यूनर कार, डुप्लीकेट चाबी और एक अतुल नाम का चाबी प्रोग्रामिंग टूल नाम बरामद किया गया।

यह कार आनंद विहार थाना इलाके से चोरी हुई थी। वहीं, आकिल की निशानदेही पर दूसरे आरोपी मेरठ निवासी साजिद को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है। ब्यूरो

अमर उजाला
यदि आपको अमर उजाला की प्रति नियमित या समय से नहीं मिल रही है तो कृपया टोल फ्री नंबर या ई-मेल के माध्यम से हमें बताएं। हम शीघ्र ही उसे समय से पहुंचाना सुनिश्चित करेंगे।
अपना अखबार शुरू करवाने के लिए संपर्क करें
1800 121 1166
सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक
circulation@amarujala.com

# एक वर्ष में 296 बच्चों को ढूंढकर परिजनों को सौंपा

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस बदमाशों के खिलाफ अभियान चलाकर उन्हें गिरफ्तार करने, उनसे हथियार, लूटे गए सामान, कैश, ज्वैलरी इत्यादि को बरामद करने के साथ नाबालिग बच्चों के मामले में भी काफी अलर्ट है। पश्चिमी जिला पुलिस ने 2024 में लापता/अपहृत हुए 339 बच्चों में से 296 को ढूंढकर परिवार तक पहुंचाया।

पुलिस उपायुक्त विचित्र वीर ने बताया की इस दौरान 8 साल तक की उम्र के 5 बच्चों का अपहरण हुआ था। 12 साल तक की उम्र के 25 बच्चों को पुलिस ढूंढकर परिवार तक पहुंचाने में सफल रही है। वहीं 12 से 15 साल तक की उम्र के 107 बच्चों के लापता/अपहरण होने की शिकायत पहुंची थी, जिसमें पुलिस ने 97 बच्चों को ढूंढकर उनके परिजनों तक पहुंचाया। 15 से 18 साल की उम्र के 202 बच्चों में से 169 बच्चों को बरामद कर सकुशल लौटाया गया है। ब्यूरो

### प्रमुख वारदात

- राजौरी गार्डन में 13 जून को सबसे सनसनीखेज वारदात हुई थी। जहां दो बाइक सवारों ने फुटपाथ पर मां के साथ सो रहे बच्चे का आधी रात को अपहरण कर लिया था। पुलिस टीम 300 बाइकों के नंबरों की जांच के बाद आरोपियों को गिरफ्तार करके बच्चे को सकुशल बरामद करने में कामयाब हुई थी। बच्चे को बिहार में 3 लाख रुपये में बेच दिया था।
- 1 दिसंबर को राजौरी गार्डन के एमसीडी स्कूल के पास से निकल रहे नगर कीर्तन के दौरान भीड़ का फायदा उठाकर आरोपियों ने चार वर्षीय बच्ची का अपहरण कर लिया था। पुलिस टीम 22 दिनों की मशक्कत के बाद इस मामले को सुलझाने में कामयाब रही। बाहरी दिल्ली के चंद्र विहार से दो महिलाओं को गिरफ्तार करके बच्ची को सकुशल बरामद कर लिया।








# दिल्ली में कल प्रधानमंत्री मोदी फूंकेंगे चुनावी बिगुल

## दूसरी रैली पांच जनवरी को पूर्वी दिल्ली के सीबीडी ग्राउंड में प्रस्तावित

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिल्ली विधानसभा चुनाव का बिगुल शुक्रवार को फूंकेंगे। रोहिणी के जापानी पार्क में पीएम रैली को संबोधित करेंगे और दिल्ली के विकास की कार्ययोजना पेश करते हुए 4500 करोड़ रुपये की कई परियोजनाओं की सौगात देंगे। वहीं, प्रधानमंत्री की दूसरी रैली पांच जनवरी को पूर्वी दिल्ली के सीबीडी ग्राउंड में प्रस्तावित है।

इस मौके पर प्रधानमंत्री दिल्ली मेट्रो के फेज-4 के तहत रिठाला-नरेला-कुंडली लाइन का शिलान्यास और दिल्ली-सहारनपुर नेशनल हाईवे के शुभारंभ के साथ ही दिल्ली को जाम व प्रदूषण मुक्त करने के लिए चार मुख्य प्रोजेक्टों से अवगत कराएंगे। भाजपा जनसभाओं में भारी भीड़ जुटाने की तैयारी में है।

**4500 करोड़ रुपये की कई परियोजनाओं की सौगात सौंपेंगे**

मंडल अध्यक्षों को कम से कम दो बसें भरकर लाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। भाजपा सांसद कमलजीत सहरावत, योगेंद्र चांदौलिया और रामवीर सिंह बिधूड़ी को रैली आयोजित करने के लिए प्रभारी बनाया गया है।

भाजपा नेताओं का कहना है कि रैलियों में मोदी की गारंटी की घोषणा होगी। भाजपा की रणनीति चुनाव कार्यक्रम के ऐलान से पहले उम्मीदवारों की सूची को भी अंतिम रूप देने की है। यह भी संभव है कि दोनों रैलियों के बाद चुनाव आयोग विधानसभा चुनाव की तारीख घोषित कर दे।

### सावरकर के नाम पर कॉलेज की आधारशिला रखेंगे



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 3 जनवरी को पूर्वी और पश्चिमी दिल्ली में दो नए दिल्ली विश्वविद्यालय परिसरों के साथ-साथ वीर सावरकर के नाम पर एक कॉलेज की आधारशिला रख सकते हैं। विश्वविद्यालय के सूत्रों ने यह जानकारी दी। यह कॉलेज नजफगढ़ में सावरकर कॉलेज 140 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से बनाया जाएगा। इसे 2021 में डीयू की कार्यकारी परिषद ने मंजूरी दी थी।

सूत्रों के मुताबिक, विश्वविद्यालय ने पीएम मोदी को निमंत्रण भेजा है और प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) से पुष्टि का इंतजार कर रहा है। वहीं, विश्वविद्यालय ने दो कॉलेजों की स्थापना के लिए नजफगढ़ और फतेहपुर बेरी में दो भूखंड आवंटित किए हैं। सूरजमल विहार में प्रस्तावित पूर्वी परिसर की स्थापना 373 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से की जाएगी। वहीं, द्वारका में पश्चिमी परिसर की लागत 107 करोड़ रुपये होने की उम्मीद है। कार्यकारी परिषद ने 2021 में दिवंगत भाजपा नेता सुषमा स्वराज के नाम पर एक कॉलेज का नाम रखने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी थी। डीयू के कुलपति योगेश सिंह को दो आगामी कॉलेजों के लिए नामों के समूह में से नाम चुनने का अधिकार दिया गया था। नामों की इस सूची में सावरकर के अलावा स्वामी विवेकानंद, वल्लभभाई पटेल, सावित्रीबाई फुले जैसे नाम भी शामिल थे। एजेंसी

## कल झुग्गीवासियों को डीडीए के फ्लैट की चाबी भी सौंपेंगे

अमर उजाला ब्यूरो

**1645 स्वाभिमान फ्लैट बनाए हैं डीडीए ने वजीरपुर में**

**नई दिल्ली।** राजधानी में झुग्गीवासियों के लिए नववर्ष की शुरुआत खुशखबरी लेकर आई है। दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) की ओर से वजीरपुर में बनाए गए 1645 स्वाभिमान फ्लैट की चाबी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को अशोक विहार के झुग्गीवासियों को सौंपेंगे। यह कदम दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा की रणनीतिक योजना का अहम हिस्सा माना जा रहा है।

ये फ्लैट जहां झुग्गी, वहीं मकान के तहत बनाए गए हैं। योजना का उद्देश्य झुग्गीवासियों को सुरक्षित और पक्के मकान उपलब्ध कराना है, ताकि वे सम्मानजनक जीवन जी सकें। यह कदम विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा की ओर से सोची-समझी रणनीति का हिस्सा है। आप की मुफ्त बिजली, पानी और स्वास्थ्य सुविधाओं के वादों के सामने भाजपा झुग्गीवासियों को पक्के मकानों का तोहफा देकर अपनी राजनीतिक पकड़ मजबूत करने की कोशिश करने में लगी है। दिल्ली में झुग्गीवासियों की बड़ी आबादी भाजपा और आप के बीच राजनीतिक खींचतान का केंद्र बन चुकी है। वर्ष 2022 के एमसीडी चुनावों के दौरान भी प्रधानमंत्री ने कालकाजी में 575 झुग्गीवासियों को पक्के मकान सौंपे थे। तीन जनवरी को आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम के लिए तैयारियां अंतिम चरण में हैं। केंद्रीय आवास और शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने बुधवार को दिल्ली के सभी सातों सांसदों के साथ बैठक कर कार्यक्रम की समीक्षा की। यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि लाभार्थियों को फ्लैट मिलने में कोई दिक्कत न हो और कार्यक्रम को व्यापक स्तर पर प्रचारित किया जाए।

# बढ़ेगी दिल्ली की रफ्तार, घटेगा प्रदूषण

## भाजपा सांसदों ने चार प्रोजेक्टों का प्रस्ताव केंद्रीय मंत्री गडकरी को सौंपा, मिला आश्वासन

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** राजधानी की आवाजाही बेहतर करने के लिए केंद्र सरकार बड़ा कदम उठाने जा रही है। इसके लिए चार प्रोजेक्ट तैयार करने का प्रस्ताव है। भाजपा के सातों सांसदों ने इससे जुड़े प्रस्तावों को केंद्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को सौंप दिया है। केंद्रीय मंत्री ने आश्वासन दिया है कि मंत्रालय इस दिशा में काम करेगा। प्रधानमंत्री जिस दिन दिल्ली का चुनावी बिगुल फूंकेंगे, उसमें दिल्ली से जुड़े चार प्रोजेक्ट की घोषणा की जा सकती है। यह प्रोजेक्ट सड़कों को जाम मुक्त करने में मददगार होंगे। इससे वाहनों की रफ्तार बढ़ेगी और प्रदूषण कम होगा।

गडकरी से मुलाकात के बाद बुधवार को केंद्रीय राज्यमंत्री हर्ष मल्होत्रा, सांसद मनोज तिवारी, रामवीर सिंह बिधूड़ी, योगेंद्र चंदोलिया, प्रवीण खंडेलवाल, कमलजीत सहरावत, बांसुरी स्वराज के साथ नई दिल्ली नगर पालिका के उपाध्यक्ष कुलजीत चहल, मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर मीडिया से मिले। इस मौके पर मल्होत्रा ने कहा कि प्रदूषण के कारण दिल्ली जहरीली हवा में सांस लेने के लिए मजबूर है और भीड़भाड़ के कारण लोगों का समय तो बर्बाद होता ही है, ईंधन की भी बर्बादी होती है। इसके समाधान के तौर पर चार प्रोजेक्ट तैयार करने का प्रस्ताव है। केंद्र सरकार इस पर सैद्धांतिक तौर पर सहमत है।



भाजपा प्रदेश कार्यालय में दिल्ली के सातों सांसद बढ़ते ट्रैफिक को कंट्रोल करने को लेकर प्रेसवार्ता करते हुए। अमर उजाला

### एयरपोर्ट के नजदीक शिव मूर्ति से नेल्सन मंडेला रोड तक 7 मिनट में पहुंचेंगे

- पहला प्रोजेक्ट दिल्ली से आईजीआई एयरपोर्ट तक की आवाजाही बेहतर करने से जुड़ा है। इसमें एयरपोर्ट के नजदीक शिव मूर्ति से नेल्सन मंडेला मार्ग तक टनल बनाने का प्रस्ताव है। इससे यह रास्ता सिर्फ 7-8 मिनट में तय हो जाएगा, जबकि इस वक्त पूरा रास्ता जाम होने से एयरपोर्ट से निकलने के बाद यहां तक पहुंचने में एक घंटे से ज्यादा का समय खराब होता है।

### ट्रोनिका सिटी जुड़ेगा दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे से

यह सड़क यूईआर-2 के एक्सटेंशन के रूप में है। इसमें अलीपुर के निकट यूईआर-2 का एक्सटेंशन कर उसे ट्रोनिका सिटी के निकट दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे से जोड़ा जाएगा। इससे हरियाणा-यूपी के बीच जाने वाले वाहन चालक दिल्ली में प्रवेश न करें, जिन्हें यूपी जाना है। गडकरी ने आश्वासन दिया है कि मंत्रालय इन प्रस्तावों पर विचार करेगा और इस बारे में शीघ्र उचित फैसला लेगा।

### दक्षिणी हरियाणा, जयपुर व यूपी जाने वाले वाहन दिल्ली में नहीं करेंगे प्रवेश

- निर्माणाधीन दिल्ली-अमृतसर-कटरा एक्सप्रेसवे को कुंडली-मानसर-पलवल (केएमपी) एक्सप्रेसवे से जोड़ने का प्रस्ताव है। इससे कटरा-अमृतसर की ओर से आने वाले लोगों को दिल्ली आने की जगह सीधे एयरपोर्ट और गुरुग्राम समेत दक्षिणी हरियाणा के कई शहरों तक जाने का रास्ता मिल जाएगा। साथ में उत्तर प्रदेश की तरफ की आवाजाही भी बेहतर होगी। इससे चालकों को दिल्ली के ट्रैफिक में नहीं फंसना पड़ेगा। वहीं, दिल्ली की सड़कों पर भी वाहनों का दबाव कम होगा।

### दिल्ली नहीं आएगा देहरादून एक्सप्रेसवे का ट्रैफिक

- दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे से दिल्ली आकर गाजियाबाद व नोएडा की तरफ जाने वालों की सहूलियत के लिए प्रोजेक्ट होगा। इससे बगैर दिल्ली में प्रवेश किए वाहन चालक मंजिल की तरफ जा सकेंगे। इसके लिए वाहन चालकों को दिल्ली आने की जगह वैकल्पिक रास्ता मिल जाएगा। इसके लिए भी एक नया हाइवे दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे से जुड़ेगा।

### दिल्ली की जनता से माफी मांगें केजरीवाल : सचदेवा

दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने केजरीवाल के खत पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि दिल्ली की जनता से माफी मांगनी चाहिए। आप बांग्लादेश से आए अवैध घुसपैठियों को दिल्ली में बसा रहे हैं। क्या आपने किसी से पूछा? आप दिन-रात देश को बांटने की बात कर संविधान और लोकतंत्र की हत्या करते हैं। आपने दिल्ली और पंजाब की महिलाओं को महिला सम्मान के नाम पर एक रुपया भी नहीं दिया। उन्होंने कहा कि उम्मीद है, नए साल में केजरीवाल झूठ बोलना बंद कर देंगे। वे अपने बच्चों की झूठी कसम नहीं खाएंगे। उन्हें शपथ लेनी चाहिए कि वे देश विरोधी ताकतों से चंदा नहीं लेंगे। दिल्ली की जनता से झूठे वादे नहीं करेंगे।

## लोकतांत्रिक मर्यादाओं का आत्म मूल्यांकन करें केजरीवाल : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने आप संयोजक अरविंद केजरीवाल की ओर से आरएसएस प्रमुख को पत्र लिखने पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें अपनी कार्यशैली और लोकतांत्रिक मर्यादाओं का आत्म मूल्यांकन करना चाहिए। वे भी भाजपा की तरह लगातार लोकतंत्र को कमजोर कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि केजरीवाल लोकतंत्र के प्रति गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार कर रहे हैं। भागवत को पत्र लिखना महज एक राजनीतिक नौटंकी है। भाजपा और आरएसएस एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। ऐसे में आरएसएस को पत्र लिखना जनता को भ्रमित करने व राजनीति चमकाने का प्रयास है। ऐसा ही पत्र 25 सितंबर को भी लिखा गया था। केजरीवाल ने 2013 से अब तक दिल्ली की जनता से सिर्फ वादे किए हैं, लेकिन उन्हें पूरा करने में असफल रहे हैं।

उनकी बिजली, पानी, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसे बुनियादी मुद्दों पर जनता को गुमराह करने की शैली बन चुकी है। ब्यूरो

**न्यूज डायरी**

### धार्मिक कमेटी ने कई मंदिरों को तोड़ने का दिया आदेश : आतिशी

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री आतिशी ने बुधवार को प्रेसवार्ता में दावा किया कि केंद्र के अधीन धार्मिक समिति ने सीमापुरी, न्यू उस्मानपुर, वेस्ट पटेल नगर, मंगोलपुरी, सुंदर नगरी में मंदिर व बौद्ध स्थल तोड़ने का फैसला लिया है। इसकी मंजूरी उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने दी है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल पुजारियों-ग्रंथियों को 18 हजार रुपये महीना देने की घोषणा कर रहे हैं तो भाजपा मंदिरों और बौद्ध स्थलों को तोड़ने का आदेश दे रही है। मंदिरों व बौद्ध स्थलों को न तोड़ा जाए। इससे लोगों की आस्था को बहुत ठेस पहुंचेगी। आतिशी ने दावा किया कि एक मंदिर 26 ब्लॉक वेस्ट पटेल नगर में है। साथ ही, दिलशाद गार्डन पॉकेट-एन, सीमापुरी बी-ब्लॉक, 395 गोकुलपुरी में है। एक मंदिर न्यू उस्मानपुर फ्लैट के गेट नंबर-एक के पास है। ऐसे कई मंदिर जो दिल्ली के अलग-अलग हिस्सों में हैं, उन्हें तोड़ने के लिए डीडीए, एमसीडी, पुलिस और संबंधित डीएम-एसडीएम तैयारी कर रहे हैं। ब्यूरो

### मंदिर तोड़ने वाला बयान सद्भाव बिगाड़ने की कोशिश : सचदेवा

**नई दिल्ली।** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने बुधवार को कहा कि मुख्यमंत्री ने मंदिर तोड़ने वाले बयान देकर दिल्ली का सांप्रदायिक सद्भाव बिगाड़ने की कोशिश की है। धार्मिक समिति की अध्यक्षता दिल्ली सरकार के गृहमंत्री करते हैं। मुख्यमंत्री और उपराज्यपाल को रिपोर्ट भेजी जाती है। आतिशी बताएं कि क्या उनकी सरकार के गृह विभाग ने ऐसी कोई सिफारिश की है। अगर नहीं की है तो फिर एलजी वीके सक्सेना से सीधी सिफारिश क्यों की गई। दिल्ली वालों को याद है 2020 चुनाव से पूर्व भी इसी तरह आप ने नागरिकता संशोधन अधिनियम को लेकर किया था और फिर चुनाव बाद आप पार्षद के नेतृत्व में दिल्ली में दंगे हुए थे। उन्हें अविलंब अपना बयान वापस लेना चाहिए। दिल्ली में कुछ भी अप्रिय घटना होगी तो उसकी दोषी मुख्यमंत्री ही होंगी। ब्यूरो

### पंजाब में ग्रंथियों को सम्मान भत्ता क्यों नहीं दे रही आप : बांसुरी

**नई दिल्ली।** सांसद बांसुरी स्वराज ने बुधवार को कहा कि आप नेता संजय सिंह को समझना चाहिए कि भाजपा को समाज के किसी भी वर्ग को मानदेय राशि देने में कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन ऐसे आधारहीन और सपनों वाले बयानों के खिलाफ हैं जो केवल जनता को गुमराह करते हैं। दिल्ली के लोग यह भी जानना चाहते हैं कि पंजाब की आप सरकार महिलाओं, ग्रंथियों और पुजारियों को सम्मान भत्ता क्यों नहीं दे रही है। जब दिल्ली में आप सरकार सत्ता में है और महिला व पुजारी-ग्रंथी सम्मान योजना को तुरंत लागू करने के लिए मंजूरी और बजट जारी करने में सक्षम है तो ये योजनाएं भविष्य में लागू करने की घोषणाएं क्यों कर रही हैं। ब्यूरो

## केजरीवाल की चाल समझ गए दिल्ली के लोग : सुधांशु त्रिवेदी

### पुजारियों और ग्रंथियों को 18,000 रुपये मासिक मानदेय देने पर भाजपा ने कसा तंज

**नई दिल्ली।** भाजपा ने पुजारियों और ग्रंथियों को 18,000 रुपये मासिक मानदेय देने के अरविंद केजरीवाल के चुनाव पूर्व वादे को लेकर बुधवार को तंज कसते हुए उन्हें 'बगुला भगत' करार दिया। भाजपा ने कहा कि दिल्ली की जनता आप प्रमुख की चालों को समझ चुकी है।

भाजपा मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने दावा किया कि केजरीवाल नीत आम आदमी पार्टी (आप) भारतीय राजनीति में 'अविश्वसनीयता' की मिसाल बन गई है और दिल्ली की जनता उसकी सच्चाई जान चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि देश की राजनीति में बदलाव लाने के वादे के साथ उभरी आप ने अपनी 'विश्वसनीयता' खो दी है, क्योंकि वह कांग्रेस की वही पुरानी राजनीति कर रही है।



मंदिरों के पुजारियों और गुरुद्वारों के ग्रंथियों को 18,000 रुपये का मानदेय देने के केजरीवाल के वादे के बारे में पूछे जाने पर त्रिवेदी ने हैरानी जताई कि वह तुरंत इसे लागू करने के बजाय घोषणा क्यों कर रहे हैं, जबकि दिल्ली में उनकी पार्टी अब भी सत्ता में है। उन्होंने कहा, आपने 'बगुला भगत' के बारे में सुना होगा।

एक 'भक्त' होता है और एक 'बगुला भगत' होता है, उन्हें इसे लागू करना चाहिए।' त्रिवेदी ने सवाल किया कि कभी मंदिर और राम मंदिर का विरोध करने वाले केजरीवाल अब योजना के संभावित लाभार्थियों के पंजीकरण के लिए फॉर्म भरवा रहे हैं।

**कांग्रेस के ढर्रे वाली पुरानी राजनीति कर रही आप :** भाजपा नेता ने कहा, आप संयोजक केजरीवाल, पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और पार्टी के अन्य नेताओं को भ्रष्टाचार के विभिन्न मामलों में गिरफ्तार किया जा चुका है। उन्होंने कहा, यह कोई नई राजनीति नहीं है, बल्कि वही कांग्रेस वाली पुरानी राजनीति है, जिसका अनुसरण अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली पार्टी कर रही है। एजेंसी

### आप सरकार की 10 विफलताएं गिनाईं

भाजपा नेता ने दिल्ली में आप सरकार के कार्यकाल के दौरान हुईं 10 कथित विफलताओं को गिनाते हुए कहा किया कि वह वादों को पूरा करने में विफल रही है। भाजपा के आरोप के मुताबिक शहर को असुरक्षित बिजली के तारों से मुक्त कराना, चौबीसों घंटे स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना और विश्वस्तरीय शिक्षा प्रणाली बनाना उसके प्रमुख वादों में शामिल था लेकिन वह इन्हें भी पूरा नहीं कर पाई। प्रदूषण मुक्त वातावरण, स्वच्छ यमुना, बेहतर स्वास्थ्य सेवा, कूड़े के ढेर हटाने, महिला सुरक्षा, कॉलोनियों के लिए मूलभूत सुविधाएं और झुग्गी बस्तियों में रहने वाले लोगों के लिए पक्का मकान बनाने के वादे को भी पूरा करने में विफल रही।

## संजय सिंह बोले- पुजारी और ग्रंथी सम्मान योजना को लागू करके रहेंगे

### कहा- भाजपा हरियाणा में इमामों को 16 हजार रुपये देती है

**नई दिल्ली।** आप ने पुजारी-ग्रंथी सम्मान योजना की घोषणा के बाद से विरोध कर रही भाजपा पर तीखा हमला बोला है। राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने बुधवार को कहा कि भाजपा चाहे जितना विरोध कर ले, लेकिन आप की सरकार बनने के बाद पुजारी-ग्रंथी सम्मान योजना लागू करके रहेंगे।



हरियाणा में भाजपा इमामों को 16 हजार रुपये प्रतिमाह दे रही है, लेकिन आप दिल्ली में पुजारियों-ग्रंथियों को 18 हजार रुपये देना चाहती है तो भाजपा विरोध कर रही है। अगर भाजपा को आप का मुकाबला करना है तो 22 राज्यों में पुजारियों के लिए 18 हजार रुपये प्रतिमाह की सम्मान राशि घोषित करके दिखाए। आप संयोजक अरविंद केजरीवाल के घर के बाहर भाजपा प्रदर्शन कर रही है। भाजपा ने हरियाणा चुनाव के समय अपने घोषणापत्र में कहा कि इमामों की तनख्वाह बढ़ाएंगे। हरियाणा में इमाम और मौलाना की सैलरी करीब 50 फीसदी बढ़ाई गई। वहां इमामों को हर महीने लगभग 16 हजार रुपये मिलते हैं। केजरीवाल खुद जाकर पुजारी-ग्रंथी का रजिस्ट्रेशन करा रहे हैं। भाजपा के लोग चाहें जितना विरोध कर लें, दिल्ली में मंदिरों के पुजारियों और गुरुद्वारों के ग्रंथियों को 18,000 रुपये प्रतिमाह देने की गारंटी लागू करेंगे। ब्यूरो

### पुजारी-ग्रंथी सम्मान योजना में सीएम ने किया पंजीकरण



**नई दिल्ली।** नए साल के पहले दिन पुजारी-ग्रंथी सम्मान योजना के तहत मुख्यमंत्री आतिशी ने कालकाजी के गिरी नगर स्थित गुरुद्वारे में ग्रंथियों और रघुनाथ मंदिर कालकाजी में पुजारियों का पंजीकरण किया। इस मौके पर आतिशी ने कहा कि केजरीवाल ने 2 दिन पहले बहुत बड़ी और महत्वपूर्ण घोषणा की है। इसमें सभी मंदिरों के पुजारियों और गुरुद्वारों के ग्रंथी को प्रतिमाह 18,000 रुपये की सम्मान राशि दी जाएगी। इस योजना के बारे में सरकार ने इसलिए सोचा, क्योंकि जीवन के हर सुख-दुख में ग्रंथी-पुजारी साथ खड़े होते हैं। संवाद

### मेरा वोट मेरा मुद्दा



जब छोटी थी तब से बड़े लोगों को चुनाव के दौरान वोट के लिए केंद्र पर जाते हुए देखा करती थी। इस बार अंदर से मतदान केंद्र का अनुभव कर वोट डालूंगी। - **निकिता**



लोग पेयजल के लिए इधर-उधर भटकते दिख जाएंगे। सर्दियों में दिल्ली प्रदूषण की वजह से गैस चैंबर बन जाती है। उसे ही मत दूंगा, जो इन समस्याओं को दूर करेगा। - **विश्राम**

### फ्लैश बैक

**घर जाकर समस्या जानते थे प्रत्याशी**



पहले के चुनाव में उम्मीदवार घर-घर जाकर लोगों की समस्या जानते थे, लेकिन अब वे गांव की समस्या की तरफ देखते तक नहीं है। आठ वर्षों से गांव में कोई विकास कार्य नहीं हुआ है। लोग अब राजनीतिक लोगों को गांव में देखना तक पसंद नहीं करते। इसका परिणाम चुनाव में देखने को मिलेगा। - **प्रकाश चंद बारावाल**

**राजेंद्र नगर सीट** — वर्ष 1993 से 2003 तक भाजपा का था कब्जा, 2008 में ये सीट कांग्रेस की झोली में गई, 2015 के बाद से आप के पास है सीट

# आप रहेगी कायम या भाजपा व कांग्रेस लहराएंगी जीत का परचम

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पूर्व राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद के नाम से मशहूर राजेंद्र नगर विधानसभा क्षेत्र में इन दिनों चुनावी माहौल गर्म है। वर्ष 1993 से 2003 तक इस सीट पर भाजपा के पूरन चंद त्यागी का कब्जा था। जब से यह सीट अस्तित्व में आई है, तब से केवल एक बार ही कांग्रेस के खाते में यह सीट गई है। वर्ष 2008 में कांग्रेस से रमाकांत गोस्वामी ने जीत हासिल की थी। वर्ष 2013 में इस सीट पर भाजपा के आरपी सिंह ने कब्जा किया। 2015 से आप यहां जीत दर्ज करती रही है।

यहां ओल्ड राजेंद्र नगर, न्यू राजेंद्र नगर, नारायणा, इंद्रपुरी, दसघरा व टोडापुर गांव, रत्नपुरी चौक सेवा बस्ती आदि कई इलाके हैं। इस विधानसभा क्षेत्र में झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले मतदाताओं की अच्छी खासी संख्या है। यही नहीं, विधानसभा क्षेत्र कोचिंग सेंटर के लिए भी काफी मशहूर है। इसके अलावा यह क्षेत्र देश के बंटवारे के बाद पंजाबी शरणार्थियों की अहम जगह बना था। अब भी इसकी पहचान इसी तौर पर ज्यादा होती है। 2022 में आप विधायक राघव चड्ढा के राज्यसभा के लिए निर्वाचित होने के कारण इस सीट पर उपचुनाव कराया गया था। इसमें आप की जीत हुई थी। आप ने दुर्गेश पाठक को यहां फिर से उम्मीदवार बनाया है, जबकि कांग्रेस ने विनीत यादव को यहां से चुनावी मैदान में उतारा है।



राजेंद्र नगर विधानसभा क्षेत्र

| वर्ष | जीत | पार्टी |
|---|---|---|
| 1993 | पूरन चंद योगी | (भाजपा) |
| 1998 | पूरन चंद योगी | (भाजपा) |
| 2003 | पूरन चंद योगी | (भाजपा) |
| 2008 | रमाकांत गोस्वामी | (कांग्रेस) |
| 2013 | आरपी सिंह | (भाजपा) |
| 2015 | विजेंद गर्ग | (आप) |
| 2020 | राघव चड्ढा | (आप) |
| 2022 | दुर्गेश पाठक | (आप) |

**1,45,988** मतदाताओं की कुल संख्या
**80686** पुरुष मतदाता
**65299** महिला मतदाता
**03** थर्ड जेंडर



झुग्गी-बस्तियों में कुछ काम नहीं किया गया है। पेयजल की समस्या काफी है। बारिश में जगह-जगह जलभराव हो जाता है। इससे लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। बीते वर्ष जलभराव होने से कोचिंग सेंटर में छात्रों की मृत्यु हो गई थी। **-राजेश कुमार**



यहां काफी संख्या में कोचिंग सेंटर हैं, लेकिन, छात्रों के लिए सुविधाएं नहीं हैं। अधिकतर छात्र अपने सपनों को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों से आते हैं, लेकिन रूम रेंट और ब्रोकर का इतना बोलबाला है कि मुंहमांगी कीमत चुकानी पड़ती है। **-सर्वेश यादव**



यहां 20 साल से रह रहा हूं। पहले बहुत दिक्कतें थीं। सड़कें खराब थीं, लेकिन अब ऐसा नहीं है। यहां काफी सुविधा हो गई है। ऐसा कोई काम नहीं है जो यहां न हुआ हो। **-सरफराज**




## इंद्रा कैंप में भाजपा कांग्रेस करवा रहीं तोड़फोड़ : आप

**नई दिल्ली।** आप विधायक सोमनाथ भारती ने बुधवार को वार्ड नंबर 149 की पार्षद लीना हरीश के साथ पार्टी मुख्यालय पर संयुक्त प्रेस वार्ता की। उन्होंने भाजपा-कांग्रेस पर मालवीय नगर विधानसभा क्षेत्र के इंद्रा कैंप में तोड़फोड़ करने का आरोप लगाया।

उन्होंने कहा कि भाजपा पहले झुग्गी प्रवास की नौटंकी करती है और बाद में बुलडोजर लेकर पहुंच जाती है। कांग्रेस के कहने पर भाजपा ने अपनी ताकत का दुरुपयोग करते हुए वहां तोड़फोड़ के लिए एमसीडी के अधिकारियों को भेजा। सारी घटना को वहां के लोगों ने मोबाइल में रिकॉर्ड किया है, लेकिन पुलिस ने उन पर कोई कार्रवाई नहीं की। झुग्गीवासी निश्चिंत रहें, एमसीडी की तरफ से उन्हें कोई नुकसान नहीं पहुंचेगा।

वहीं, प्रदेश भाजपा प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने कहा कि मालवीय नगर से तीन बार के विधायक सोमनाथ भारती राजनीतिक जमीन खो चुके हैं। वे जिस कांग्रेस प्रत्याशी पर आरोप लगा रहे हैं वे ही सोमनाथ के गठबंधन मैनेजर थे। आप के अधिकांश नेता बौखलाए हुए हैं। इन सबकी हार निश्चित हैं। ब्यूरो

## दिल्ली देहात की अनदेखी कर रही आप : पंचायत संघ

**नई दिल्ली।** दिल्ली पंचायत संघ ने दिल्ली देहात में गांव, ग्रामीण और किसान सम्मान योजना नहीं लाने पर आप सरकार को घेरा है। बुधवार को संघ के प्रमुख थान सिंह यादव ने आरोप लगाया कि आप सरकार 10 वर्षों से दिल्ली देहात की अनदेखी कर रही है। पंचायत संघ ने दिल्ली देहात के मामलों पर मादीपुर स्थित पांडव कालीन शिव मंदिर में बैठक की। इस अवसर पर थान सिंह यादव ने कहा कि केजरीवाल नई-नई योजनाओं की घोषणाएं कर रहे हैं, लेकिन उन्हें अमल में लाने में पूरी तरह विफल रहे हैं। ब्यूरो

# अदालत ने पूर्व विधायक नील दमन खत्री को दोषी ठहराया

### 2014 में पुलिस पर हमला करने का मामला, अतिक्रमण का विरोध करने के दौरान हुई थी घटना

**अदालत से**


गौरव बाजपेई

**नई दिल्ली।** राउज एवेन्यू कोर्ट ने पूर्व भाजपा विधायक नील दमन खत्री को भीड़ एकत्र करने और लोकसेवकों पर हमला करने के मामले में दोषी करार दिया है। मामला 2014 के नरेला थाने में हुई प्राथमिकी से जुड़ा है। अवैध निर्माण को ढहाने गई टीम की सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मियों पर खत्री के नेतृत्व वाली भीड़ ने हाथापाई और पथराव किया। जिसमें तीन पुलिसकर्मी घायल हो गए थे।

स्पेशल एमपी-एमएलए कोर्ट ने खत्री और उनके साथी जोगिंदर दहिया को आईपीसी की धारा 143, 147 149 और 353 के तहत दोषी करार दिया है। अदालत 27 जनवरी को दोषियों की सजा पर बहस करेगी। विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने की अदालत ने 24 दिसंबर को आदेश दिया। वहीं, चार आरोपियों राजकुमार, सुरेंद्र, प्रवीण और भीम सेन को आरोपमुक्त कर दिया।

**क्या था मामला :** पुलिस द्वारा दाखिल रिपोर्ट के अनुसार 14 नवंबर 2014 को तहसीलदार राजकुमार पुलिस टीम के साथ नरेला स्थित अतिक्रमण ढहाने पहुंचे थे। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ ने टीम का रास्ता रोक पथराव कर दिया और जेसीबी के सामने लेटना शुरू कर दिया। इस दौरान तीन पुलिसकर्मी घायल हो गए।

पुलिस टीम ने मौके पर आंसू गैस के गोले दागे थे। वहीं, चार लोगों को गिरफ्तार किया था। वहीं, तहसीलदार की शिकायत पर मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने तत्कालीन विधायक नीलदमन खत्री, उनके साथी जोगिंदर दहिया समेत कुल छह लोगों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किए।



**छह गवाहों ने लिया विधायक का नाम**

अदालत ने आदेश में कहा कि कुल छह गवाहों ने स्पष्ट तौर पर कहा कि, तत्कालीन विधायक खत्री और उनके साथी जोगिंदर दहिया ने लोगों को उकसाया और अतिक्रमण ढहाने के काम को रोकने के लिए कहा। पुलिस के भी चार गवाहों ने भी स्पष्ट तौर पर घटना का जिक्र किया। इसके अलावा वीडियो रिकार्डिंग और अन्य वैज्ञानिक साक्ष्य के आधार पर दोनों को दोषी ठहराया गया।

## गंभीर चोट पहुंचाने के आरोपी को मिली जमानत

**नई दिल्ली।** तीस हजारी कोर्ट ने गंभीर चोट पहुंचाने के एक आरोपी को जमानत दी है। सुनवाई के दौरान अदालत ने कहा कि उसकी गिरफ्तारी 'कानून का स्पष्ट उल्लंघन' है। अवकाशकालीन न्यायाधीश नीरज शर्मा आरोपी की जमानत याचिका पर सुनवाई कर रहे थे। आरोपी को 20,000 रुपये की जमानत राशि और इतनी ही राशि के एक जमानतदार की जमानत पर रिहा किया गया। अदालत ने 27 दिसंबर को आदेश में कहा कि पुलिस के 7 दिसंबर को नोटिस देने के बाद आरोपी जांच में शामिल हो गया। कानून के अनुसार जांच अधिकारी की तरफ से उसी दिन बिना किसी विशेष कारण के उसे गिरफ्तार नहीं किया जा सकता। आरोपी तरुण पर वजीराबाद पुलिस ने गंभीर चोट पहुंचाने के तहत मामला दर्ज किया था। संवाद

## बिना पहचान पत्र के एचआईवी पॉजिटिव ट्रांसवुमन का इलाज करें : हाईकोर्ट

**नई दिल्ली।** हाईकोर्ट ने लोकनायक अस्पताल को एक एचआईवी पॉजिटिव ट्रांसवुमन का पहचान पत्र मांगे बिना इलाज करने का निर्देश दिया है। साथ ही अदालत ने उसकी याचिका पर दिल्ली सरकार और केंद्र को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। न्यायमूर्ति संजीव नरूला ने केंद्र को यह बताने का निर्देश दिया कि क्या उसे पुनर्वास के लिए कोई कौशल प्रशिक्षण दिया जा सकता है। साथ ही संबंधित अधिकारियों को उसकी स्वास्थ्य स्थिति और दिल्ली में गिरते तापमान को ध्यान में रखते हुए उसके लिए उपयुक्त आश्रय खोजने को कहा। याचिकाकर्ता ने आश्रय के लिए कई गैर सरकारी संगठनों से संपर्क किया था, लेकिन पहचान प्रमाण न होने के कारण उसे अस्वीकार कर दिया गया। अगली सुनवाई 9 जनवरी होगी। ब्यूरो

# रेलवे ट्रैक पर कूड़े से एनजीटी सख्त

### तीन दिन में रिपोर्ट की एक प्रति आवेदक को सौंपने के दिए निर्देश

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली में रेलवे ट्रैक पर फैले कूड़े से राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) खफा है। कोर्ट ने उत्तरी रेलवे और दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) के वकील को निर्देश दिया कि वह तीन दिन में रिपोर्ट की एक प्रति आवेदक को सौंपे।

मामले की अगली सुनवाई 18 मार्च को होगी। अदालत ने यह आदेश एक याचिका पर दिया है जिसमें दावा किया है कि रामपुरा में रेलवे ट्रैक के एक किलोमीटर का क्षेत्र अवैध कबाड़खाना और कचराघर बन गया है। एनजीटी अध्यक्ष न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव की पीठ ने उत्तर रेलवे और डीपीसीसी की रिपोर्ट और सभी सहायक सामग्री पर आपत्ति दर्ज करने के लिए चार सप्ताह का समय दिया।



रामपुरा में रेलवे ट्रैक पर पड़ा कचरा। अमर उजाला

# गुजारा भत्ता पत्नी का अधिकारः हाईकोर्ट

### समझौता लागू न होने पर भी कानूनी अधिकारों से नहीं किया जा सकता वंचित

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने 16 दिसंबर के आदेश में कहा कि पत्नी हिंदू विवाह अधिनियम (एचएमए) की धारा-24 के तहत अंतरिम भरण-पोषण का दावा कर सकती है, भले ही वह पति के साथ भरण-पोषण की शर्तों के समझौते पर अमल न करे।

साथ ही न्यायालय ने स्पष्ट किया कि लागू न किए गए समझौते से भी पति अपनी पत्नी को उसके कानूनी अधिकारों से वंचित नहीं कर सकता। न्यायमूर्ति रेखा पल्ली और सौरभ बनर्जी की पीठ एक पत्नी द्वारा एक पारिवारिक न्यायालय द्वारा दिए गए आदेश के खिलाफ दायर अपील पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें उसे अंतरिम भरण-पोषण देने से मना कर दिया गया था।

**पारिवारिक न्यायालय के फैसले को उच्च न्यायालय ने बताया त्रुटिपूर्ण**

पारिवारिक न्यायालय ने फैसला सुनाया था कि पत्नी 1 दिसंबर, 2012 के समझौते की शर्तों से बंधी है, भले ही समझौता कभी लागू न हुआ हो। उच्च न्यायालय ने इस तर्क को त्रुटिपूर्ण माना और कहा कि पत्नी को एचएमए की धारा-24 के तहत उसके वैधानिक अधिकार से वंचित नहीं किया जा सकता।

एचएमए की धारा-24 के तहत पति या पत्नी के लिए अंतरिम भरण-पोषण का प्रावधान है। जिनके पास खुद का भरण-पोषण करने या मुकदमेबाजी की लागत वहन करने के लिए वित्तीय साधन नहीं हैं। उच्च न्यायालय ने पारिवारिक न्यायालय का निर्णय खारिज करते हुए मामले को पुनर्विचार के लिए वापस भेज दिया।

## सौर पैनलों के सुरक्षित निपटान की याचिका पर केंद्र से मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने फोटोवोल्टिक (पीवी) सौर पैनलों के अनुचित निपटान और पुनर्चक्रण से संबंधित याचिका पर केंद्र सरकार और अन्य प्रतिवादियों से जवाब मांगा है।

याचिका में फेंके गए पैनलों से उत्पन्न पर्यावरणीय जोखिमों और उनके उचित संचालन और प्रबंधन के लिए एक संगठित प्रणाली की आवश्यकता पर प्रकाश डाला गया था। एनजीटी ने कहा कि जैसे-जैसे सौर पैनल तेजी से लोकप्रिय होते जा रहे हैं, खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में, उनका सुरक्षित निपटान सुनिश्चित करना एक बढ़ती हुई चिंता बन गई है।

**एनजीटी ने कहा- सौर पैनलों का असुरक्षित निपटान बढ़ती हुई चिंता**

एनजीटी अध्यक्ष न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव और विशेषज्ञ सदस्य डॉ. ए सेंथिल वेल की पीठ ने आदेश में कहा कि याचिका पर्यावरण मानदंडों के अनुपालन से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दे उठाती है। उत्तरप्रदेश के एक किसान ने इस संबंध में पत्र के माध्यम से याचिका दायर की थी। संवाद

## एनआरआई से व्हीलचेयर के लिए वसूले 10,000, कुली का लाइसेंस रद्द

**नई दिल्ली।** लाइसेंसी पोर्टर की अवैध वसूली के खिलाफ रेलवे ने सख्त कदम उठाया है। हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन पर एनआरआई यात्री को व्हीलचेयर से प्लेटफॉर्म तक पहुंचाने के एवज में 10 हजार रुपये वसूलने के मामले में दिल्ली रेल मंडल प्रबंधक ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोषी लाइसेंसी पोर्टर (कुली) का लाइसेंस रद्द कर दिया।

इसके साथ ही यात्री को 90 फीसदी राशि वापस करवा दी गई है। मंडल रेल प्रबंधक ने घटना पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि रेलवे यात्रियों को सुरक्षित और सुविधाजनक यात्रा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। किसी प्रकार की समस्या होने पर यात्री 139 पर संपर्क कर सकते हैं। ब्यूरो

**SANJAY GANDHI POST GRADUATE INSTITUTE OF MEDICAL SCIENCES**
RAEBARELI ROAD, LUCKNOW-226014
Phones: (0522)2668004-008, 700, 800, 900 Fax: (0522) 2668017, 2668129

**Corrigendum**

1. In reference to the advertisement no. I-24/ER/ACAD/2024-25, the positions in the following departments are being held in abeyance vide Corrigendum-I.
   a) Pediatric Urology.
   b) Pediatric CVTS.
   c) Telemedicine & Digital Health (Medical & IT Non Medical).
   d) Telemedicine & Digital Health (IT Non Medical).
   e) Neurosurgery (Neuropsychology).
   f) Neurosurgery (Neurophysiology).
   g) Neurosurgery (Neuropsychiatry).
   h) Neurosurgery (Gamma Knife)
2. Additionally. Essential Qualification & Experience in respect of the following departments have been amended & available on the Institute's Website as Corrigendum-II.
   a) Pediatric Endocrinology.
   b) Head & Neck Surgery.
   c) Endocrine Surgery (including Advance Diabetic Centre).

ADVT.No.: I/28/ER/ACAD/2024-25 Director

**कार्यालय नगर निगम जयपुर हैरिटेज**
व्यायाम के पास, चौगान स्टेडियम, जयपुर, राजस्थान-302002

क्रमांक :- एफ-6 ( )राजस्व प्रथम शाखा/जननी/हैरिटेज/2024/ दिनांक :-

**ई-ऑक्शन (पार्किंग) विज्ञप्ति सं. 10/2024-25**

नगर निगम जयपुर हैरिटेज द्वारा सावर्जनिक पार्किंग स्थल पर पेड पार्किंग के लिए पार्किंग साईट का ई-ऑक्शन निम्नानुसार किया जाना हैं:-

| क्र. सं. | | पार्किंग स्थल का नाम | न्यूनतम बोली राशि |
|---|---|---|---|
| 1. | | 1. किशनपोल बाजार पार्किंग। 2. रायसर प्लाजा के बाहर एक लेन में दुपहिया वाहन पार्किंग। | 28,62,000/- 2,12,000/- |
| 2. | ई-नीलामी भागीदारी शुल्क | 5,000/-रूपयें+GST (ऑनलाईन प्रत्येक पार्किंग स्थल हेतु अलग-अलग) अप्रतिदेय (NON REFUNDABLE) | |
| 3. | ई-नीलामी अमानता राशि | 10 प्रतिशत न्यूनतम नीलामी बोली/प्रारम्भिक नीलामी बोली राशि का (प्रत्येक पार्किंग स्थल हेतु अलग-अलग) | |
| 4. | ई-नीलामी अमानता राशि एवं भागीदारी शुल्क जमा कराने की दिनांक | 31.12.2024 से 07.01.2025 सायं 04:00 बजे तक | |
| 5. | ई-नीलामी अमानता राशि जमा कराने की दिनांक व समय | 31.12.2024 से 07.01.2025 सायं 06:00 बजे तक | |
| 6. | ई-नीलामी बोली प्रारम्भ करने एवं समाप्ति की दिनांक | 08.01.2025 को प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 04:00 बजे तक (अंतिम 05 मिनट में बोली लगने की स्थिति में 15 मिनट की वृद्धि की जावेगी। | |

इच्छुक बोली दाता ई-नीलामी में भाग लेने हेतु ऑनलाईन पंजीयन शुल्क रूपयें 1000/-रूपये +GST जमा करवाकर पंजीयन करवा सकते हैं।
1. ई-नीलामी की शर्तो व पार्किंग स्थलों के नक्शों का अवलोकन ऑनलाईन या किसी भी कार्यदिवस में अद्योहस्ताक्षरर्ता के कार्यालय में कमरा नं- 274 में किया जा सकता हैं।
2. ई-ऑक्शन कार्यक्रम, शर्तें, अमानता राशि, भागीदारी राशि तथा ई-नीलामी बिजनेस रूल्स आदि की जानकारी हेतु नीलामी वेब साईट **jaipurmcheritage.org** में (E-Auction) पर देखी जा सकती हैं।
3. किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या अथवा जानकारी हेतु श्री प्रेम प्रकाश झिंगिनिया (एनालिस्ट-कम-प्रोगामर), दूरभाष नं. 9887764012 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

राज.संवाद/सी/24/9803 उपायुक्त राजस्व (प्रथम)

**पावरग्रिड POWERGRID**

**400 KV AC सबस्टेशन, 765 KV AC सबस्टेशन और 500 KV HVDC स्टेशन के लिए इंसुलेटेड कॉम्पैक्ट बकेट के लिए बोलियों का आमंत्रण (IFB). विनिर्देश संख्या: CC/NT/G-MISC/DOM/A00/24/15597**

घरेलू प्रतिस्पर्धी बोली (डीसीबी)

एकल चरण दो लिफाफा (एसएसटीई) बोली प्रक्रिया (वित्त पोषण: घरेलू) जीईएम बोली संख्या: जीईएम/2024/बी/5634336 दिनांक: 21/11/2024

1. पावरग्रिड निम्नलिखित पैकेज के लिए GeM पोटर्ल https://gem.gov.in के माध्यम से ऑनलाइन बोलियाँ आमंत्रित करता है:

| कार्य का विवरण/ साइट/मुख्य विवरण | बोली दस्तावेजों को डाउनलोड करना | बोली प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|
| | बोली दस्तावेजों की लागत | 17/01/202 11:00 बजे तक |
| 400 केवी एसी सबस्टेशन, 765 केवी एसी सबस्टेशन और 500 केवी एचवीडीसी स्टेशन के लिए इंसुलेटेड कॉम्पैक्ट बकेट | 17/01/2025 11:00 बजे तक NA | |


2. बोली कार्यक्रम में परिशिष्ट/परिवर्तनों (यदि कोई हो) सहित अन्य जानकारी के लिए कृपया खरीद पोर्टल https://gem.gov.in पर जाएँ।
3. बोली का पहला लिफाफा (तकनीकी-वाणिज्यक भाग) बोली प्रस्तुत करने की समय सीमा के 30 मिनट बाद खोला जाएगा।
4. संपूर्ण बोली दस्तावेज हमारी वेबसाइट https://www.powergrid.in (निविदा संदर्भ संख्या: 24940) और भारत सरकार के केंद्रीय सार्वजनिक खरीद पोर्टल (https://eprocure.gov.in) पर भी केवल संदर्भ के उद्देश्य से उपलब्ध हैं।
5. एनआईटी/आईएफबी को 21/11/2024 (जीईएम/2024/बी/5634336) को जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in पर पहले ही प्रकाशित किया जा चुका है।
6. किसी भी अन्य जानकारी के लिए, कृपया संपर्क करें: 0124-282-2383/2324; 9650089825/7087147068

PG/CC/NIT-19/Ad-238/24-25

**पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड**
(भारत सरकार का उद्यम)
पंजीकृत कार्यालय: बी-9, कुतुब इंस्टीट्यूशनल एरिया, कटवारिया सराय, नई दिल्ली-110016
कॉर्पोरेट कार्यालय: "सौदामिनी", प्लॉट नंबर 2, सेक्टर-29, गुरुग्राम, हरियाणा - 122 001
एक महारत्न पीएसयू

**Medical Helpline**



आर्थिक विकास का तभी कोई अर्थ है, जब उसका लाभ आम आदमी तक पहुंच सके। - डॉ. मनमोहन सिंह

**भारत की डिजिटल प्रगति की सराहना करती विश्व बैंक की ताजा रिपोर्ट बताती है कि यह देश के आर्थिक तौर पर पिछड़े व सुदूर जिलों और छोटे उद्यमियों को मजबूती देकर सही मायनों में विकास को सुनिश्चित करने के साथ अंततः अर्थव्यवस्था को भी फायदा पहुंचा रही है।**

# डिजिटल क्रांति और विकास

भारत की डिजिटल प्रगति की सराहना करती विश्व बैंक की ताजा रिपोर्ट भारत के तकनीकी विकास की यात्रा को रेखांकित करने के साथ यह भी दर्शाती है कि यह प्रगति किस तरह देश के पिछड़े व सुदूर जिलों और छोटे उद्यमियों के लिए फायदेमंद साबित होकर अंततः अर्थव्यवस्था को ही मजबूत कर रही है। यह इसलिए भी जरूरी है कि कोई भी विकास अपने वास्तविक उद्देश्य को तब तक पूरा नहीं कर सकता, जब तक कि वह कमजोर वर्गों के लिए मददगार साबित न हो। आंकड़े भी इसका समर्थन करते हैं, जिनके अनुसार, आज देश के करीब 53 करोड़ जनधन खातों, 138 करोड़ आधार कार्ड धारकों और 117 करोड़ मोबाइल उपभोक्ताओं के त्रिआयामी जुड़ाव के जरिये आम आदमी डिजिटल दुनिया से जुड़ गया है। यही नहीं, ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी की उपलब्धता, जो महज छह करोड़ लोगों तक सीमित थी, पिछले दस वर्षों में करीब 94 करोड़ लोगों तक पहुंच चुकी है। ऑनलाइन भुगतान की बात करें, तो भारतीय यूपीआई तंत्र की तारीफ तो दुनिया के विभिन्न देश कर ही चुके हैं, जो इस वक्त भारत के अलावा भी कई देशों में काम कर रहा है तथा कुछ और देशों में इसे लाने की बात भी चल रही है। अर्थव्यवस्था में यूपीआई का महत्व इसलिए अधिक है कि इसने वित्तीय समावेशन को प्रोत्साहन दिया है, जिससे बैंकिंग सेवाओं का उपयोग ग्रामीण व सुदूर क्षेत्रों में भी संभव हो सका है। डिजिटल प्रगति ने देश में आय सृजन के नए अवसर पैदा किए हैं। ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स और डिजिटल भुगतान ने छोटे व्यापारियों व विक्रेताओं को व्यापक बाजार तक पहुंच दी है। हालांकि इस साइबर प्रगति का एक दूसरा पहलू भी है, जो साइबर ठगी के रूप में सामने आया है। यह कितना बड़ा खतरा बन चुका है, यह इससे ही जाहिर होता है कि 2024 के पहले छह महीने में भारतीयों ने करीब 11 हजार करोड़ रुपये गंवा दिए थे। पीडब्ल्यूसी इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, यूपीआई



लेनदेन 2023-24 में 13,100 करोड़ रुपये से तीन गुना बढ़कर 2028-29 में 43,900 करोड़ रुपये हो जाएगा, जो डिजिटल खुदरा लेनदेन का 91 प्रतिशत होगा। ऐसे में, आम आदमी की जिंदगी में यूपीआई समेत डिजिटल सेवाओं का बढ़ना तो तय ही है, लेकिन थोड़ी सतर्कता के जरिये साइबर ठगी की बढ़ती वारदातों से जरूर बचा जा सकता है। भारत की डिजिटल प्रगति पिछले दस वर्षों में निस्संदेह सामाजिक-आर्थिक परिवर्तन का आधार बनी है, जो हाशिए पर खड़े व्यक्ति को भी मुख्यधारा में ला रही है। इसने वैश्विक तकनीक के पावर हाउस के रूप में भारत की स्थिति को भी सशक्त बनाया है, जिसकी तस्दीक उचित ही विश्व बैंक की रिपोर्ट भी करती है।

# विकसित भारत की ओर एक और कदम

**कुरियन की दुग्ध क्रांति हो या शास्त्री व सुब्रमण्यम की हरित क्रांति, 1991 का उदारीकरण हो या आधार, जनधन व यूपीआई की त्रिवेणी, संकटों से मिली प्रेरणा से ही भारत ने समाधान ढूंढे हैं। बेहद कम बजट में जो देश मंगल मिशन लॉन्च कर सकता है, क्या वह अर्थव्यवस्था के संकटों का हल नहीं ढूंढ सकता?**

मार्क ट्वेन ने कहा था कि इतिहास कभी खुद को दोहराता नहीं है, लेकिन यह मिलता-जुलता तो प्रतीत होता ही है। 1929 से लेकर 2007 तक दुनिया ने तमाम वित्तीय झटकों और अनिश्चितताओं का अनुभव किया। मजे की बात है कि हर संकट एक जैसा लगता था, लेकिन वे अलग थे और उनके समाधान भी अलग-अलग तरीके से तैयार किए गए थे। अमेरिका में ट्रंप के राष्ट्रपति बनने से दुनिया भर के देश आशंकित हैं। मुद्राएं लुढ़क गई हैं। भारत समेत दुनिया भर के शेयर बाजारों में अस्थिरता का दौर चल रहा है। दरअसल, बाजारों में मची यह उथल-पुथल इस बात पर अनिश्चितता का प्रतीक है कि डोनाल्ड ट्रंप 20 जनवरी को कार्यभार संभालने के बाद क्या करने वाले हैं?





**शंकर अय्यर**
*वरिष्ठ पत्रकार*

वैश्विक कहानी से परे भारत की समस्याएं काफी हद तक भारतीय प्रकृति की हैं। भारत एक बार फिर उस दोराहे पर आ खड़ा हुआ है, जहां उसे राजनीति को किनारे रखकर भविष्य की योजना बनानी होगी। हाल में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर में गिरावट को एक बार का विपथन मान कर नजरअंदाज किया जा सकता है। इसकी वजह यह है कि मांग में कमी जरूर आई है, लेकिन बाजार के आकार को लेकर कोई संदेह नहीं है। बीते नवंबर तक भारतीयों ने हर घंटे 500 से ज्यादा कारें और 2,000 दोपहिया वाहन खरीदे। इसी अवधि में भारतीय करीब सात करोड़ मोबाइल फोन खरीद चुके हैं, जिसके साल के अंत तक 15 करोड़ तक पहुंचने की उम्मीद है। इस साल भारत में करीब 800 टन सोना आयात होने की भी उम्मीद है।

स्पष्ट है कि भारत वैश्विक चुनौतियों का सामना तभी कर सकता है, जब वह अपनी विशाल आबादी का लाभ उठाए और अर्थव्यवस्था को आत्मनिर्भर बनाए। आंकड़े कुछ भी कहें, लेकिन वास्तविकता यही है कि देश में असमानता बढ़ी है और राजनीतिक वर्ग भी इससे भली-भांति परिचित है। मनरेगा पर 80 हजार करोड़ रुपये से अधिक का आवंटन, ढाई लाख करोड़ रुपये से अधिक की लागत से 81 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन, दो लाख करोड़ रुपये से अधिक की लागत से महिलाओं को नकद लाभ हस्तांतरण, ये सभी संकट के संकेत हैं। दरअसल, अभी कुछ ही समय पूर्व भारतीय रिजर्व बैंक ने राज्यों की सब्सिडी के 4.7 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने को लेकर आगाह भी किया था। देश में मौजूदा मंदी काफी हद तक खाद्य मूल्य मुद्रास्फीति का ही प्रभाव है। खराब रिटर्न की वजह से कृषि घरेलू आय 12 हजार रुपये प्रतिमाह बनी हुई है और उपलब्धता भी प्रभावित हुई है, जिससे वस्तुओं व सेवाओं की मांग व खपत पर भी असर पड़ा है।

1950 के दशक में जवाहरलाल नेहरू ने कहा था कि हर चीज इंतजार कर सकती है, पर खेती नहीं। लेकिन तथ्य यह है कि पिछले सात दशकों में राजनीतिक दलों ने कृषि को राजनीतिक दान का मामला बना दिया है। कृषि और संबद्ध गतिविधियों में लगा देश का 54 फीसदी से ज्यादा कार्यबल जीवीए के 18 फीसदी पर निर्भर है और यही वह मूल कारण है, जिसकी वजह से गरीबी खत्म होने का नाम नहीं लेती। जाहिर है कि भारत को अपनी कृषि को स्वतंत्र व आधुनिक बनाने की जरूरत है।

2024 के बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने विकसित भारत का रोडमैप पेश किया, जिसमें उन्होंने अंतरालों, अवसरों व चुनौतियों की बात की। यह योजना राज्य सरकारों के सहयोगात्मक प्रयास पर भी निर्भर थी। लेकिन 13 राज्यों की सरकारें पूंजीगत व्यय के लक्ष्य को पूरा नहीं कर पाईं। एनटी रामा राव ने 1980 के दशक में जिस राजनीतिक और आर्थिक तथ्य पर प्रकाश डाला वह यह था कि भारत का हर इंच राज्यों द्वारा शासित है। केंद्र के प्रत्येक कार्यक्रम को राज्यों द्वारा क्रियान्वित किया जाना होता है। लेकिन संसदीय समितियों की रिपोर्ट वाटरशेड प्रबंधन, खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना, कृषि प्रसंस्करण के लिए पीएलआई योजना को आगे बढ़ाने, प्लास्टिक पार्क योजना के तहत विनिर्माण नौकरियों के सृजन और प्रशिक्षुओं को बढ़ावा देने में राज्यों के खराब प्रदर्शन का खुलासा करती है।

यह सच है कि बदलती भू-राजनीति के चलते भारत को विनिर्माण व सेवाओं के लिए निवेश आकर्षित करने का मौका मिलता है। लेकिन इसके लिए राज्य सरकारों को भी सचेत होने की जरूरत है। विकास के लिए उत्पादकता के कारक- भूमि व श्रम कानून, पूरी तरह से राज्य सरकारों के अधीन हैं। तथ्य यह भी है कि 2019 के नए श्रम कोड को अभी भी अपनाया जाना बाकी है। अवांतिस रेगटेक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ऋषि अग्रवाल कहते हैं, 'उद्यमियों को 1,536 कानूनों, 69,233 अनुपालनों, फाइलिंग की 6,618 प्रक्रियाओं से निपटना होता है।' हर दूसरे वर्ष राज्य निवेश शिखर सम्मेलन आयोजित करते हैं, लेकिन कामयाबी के लिए जरूरी है कि मुख्यमंत्री, मंत्री, विधायक और सांसद सुधारों व वादों पर अमल करें।

भारत की समस्याओं का समाधान हमेशा भारतीयों द्वारा किया गया है और समाधान भी भारतीय प्रकृति के रहे हैं। संकटों से मिली प्रेरणा ही देश में बदलावों को प्रेरित करती है। वर्गीज कुरियन द्वारा स्थापित राष्ट्रीय ग्रिड की बदौलत भारत दुनिया का सबसे बड़ा दुग्ध उत्पादक देश बना। लाल बहादुर शास्त्री और सी सुब्रमण्यम द्वारा प्रेरित हरित क्रांति की बदौलत भारत खाद्यान्नों का सबसे बड़ा उत्पादक बना। राजनीतिक और आर्थिक संकटों के बीच भारत ने 1991 में उदारीकरण को अपनाया। कल्याणकारी योजनाओं में भ्रष्टाचार व रिसाव ने आधार को जन्म दिया। आज आधार, जनधन और यूपीआई की त्रिवेणी ने देश में लोगों की जिंदगियों को बदला है, तो पूरी दुनिया की नजर भी इन पर है। हॉलीवुड ने *ग्रेविटी* नामक फिल्म के निर्माण में जितना पैसा लगाया, जो राष्ट्र उससे भी कम बजट में मंगल मिशन लॉन्च कर दे, वह मितव्ययी अर्थशास्त्र के आधार पर समाधानों को जन्म दे सकता है। दरअसल, समस्या क्षमता में नहीं, बल्कि राजनीतिक इच्छाशक्ति में है। सबसे पहले राष्ट्रीय विकास परिषद को पुनर्जीवित करना चाहिए। वित्त आयोग को परिणाम आधारित अनुदान शुरू करने चाहिए। भारत की अर्थव्यवस्था संरचनात्मक संकट का सामना कर रही है। वर्षों से देश के राजनीतिक वर्ग ने कमजोर सुधारों के लिए एक मजबूत आम सहमति बनाने के प्रयास किए हैं। विकसित भारत के सपने को पूरा करने के लिए इस आम सहमति को तोड़ने की जरूरत है।

edit@amarujala.com

## जीवन धारा



वारेन बफे

**आपको ज्यादा खर्च करने की आदत है, तो इसे बदलना बेहद जरूरी है। आदतों की जंजीरें इतनी हल्की होती हैं कि उन्हें महसूस नहीं किया जा सकता, जब तक कि वे इतनी भारी न हो जाएं कि उन्हें तोड़ा न जा सके।**

# आदतों की जंजीरों से मुक्त होने में ही भलाई है

*अक्सर लोग मुझसे नौकरी, काम-धंधे और निवेश के बारे में पूछते हैं। मैं बता दूं कि इन्हें लेकर मेरा शुरू से स्पष्ट मानना है कि करना वही चाहिए, जो मन को अच्छा लगे। मैं हमेशा से जानता था कि मैं अमीर बनने जा रहा हूं। मुझे नहीं लगता कि मैंने कभी इस पर एक मिनट के लिए भी संदेह किया होगा। मैं अपने अनुभव से बता सकता हूं कि धन-सृजन के लिए दूसरों के साथ बातचीत बहुत जरूरी होती है। इसलिए यह जानना बहुत जरूरी है कि आप किसके साथ काम करते हैं, क्योंकि इसका आपके जीवन पर बहुत असर पड़ता है। लोग हमेशा मुझसे पूछते हैं कि उन्हें काम करने के लिए कहां जाना चाहिए। मैं उनसे कहता हूं कि वे उसी काम पर जाएं, जो काम करना उन्हें सबसे अच्छा लगता है। मैंने केवल उन्हीं लोगों के साथ व्यापार करना सीखा, जिन्हें मैं पसंद करता हूं और जिन पर भरोसा करता हूं।*



*आप उस नौकरी की तलाश कभी न छोड़ें, जिसको लेकर आपके भीतर जुनून है। व्यवसाय की दुनिया में जो लोग सबसे ज्यादा कामयाब हैं, वे वही हैं जो अपनी पसंद का काम कर रहे हैं। जीवन में एक समय जरूर आता है, जब आपको वह काम करना शुरू कर देना चाहिए, जो आप करना चाहते हैं। मुझे लगता है कि अगर आप ऐसी नौकरियां करते रहते हैं, जो सिर्फ पैसे पाने के लिए हों, मगर आपको भीतर से पसंद नहीं हैं, तो मान कर चलिए कि जल्दी ही आप अपने को खो बैठेंगे। इसलिए याद रखें कि बिना अच्छा समय दिए आप किसी चीज में विशेषज्ञ नहीं बन सकते। और इसके लिए जुनून महत्वपूर्ण है। अब बात आती है निवेश की। नौकरी आपको आय प्रदान करती है। यह व्यक्तिगत वित्त समीकरण का आधा हिस्सा है। खर्चे दूसरे हैं। इसलिए अच्छा जीवन जीने के लिए संयमित जीवनशैली भी बेहद जरूरी है। यह तभी संभव हो सकता है, जब आप खर्चों पर नियंत्रण रखें, फिजूलखर्ची के बजाय निवेश करें। मुझे कारों में कोई दिलचस्पी नहीं है। इसलिए मैं कारें नहीं खरीदता। याद रखिए कि जीवनयापन की लागत को जीवन स्तर के साथ कभी भ्रमित न करें। मैं तो कहता हूं कि बचत के बाद जो बचता है, उसे खर्च करें। यदि आप ऐसी चीजें खरीदते हैं, जिनकी आपको जरूरत नहीं है, तो जल्द ही आपको अपनी जरूरत की चीजें बेचनी पड़ जाएंगी। अगर आपको जरूरत से ज्यादा खर्च करने की आदत है, तो इस आदत को छोड़ना बेहद जरूरी है। आदतों की जंजीरें इतनी हल्की होती हैं कि उन्हें महसूस नहीं किया जा सकता, जब तक कि वे इतनी भारी न हो जाएं कि उन्हें तोड़ा न जा सके। बचाया गया पैसा वह धन है, जिसे समय के साथ बढ़ने के लिए निवेश किया जा सके। आप जितनी जल्दी निवेश शुरू करेंगे, उतनी ही अधिक अपनी संपत्ति बढ़ा सकेंगे। मैंने दस साल की उम्र तक अपने शहर के सार्वजनिक पुस्तकालय में निवेश के बारे में हर किताब पढ़ी थी। कुछ किताबें तो दो-दो बार पढ़ डाली थीं। यानी आपको अपने दिमाग को विभिन्न प्रतिस्पर्धी विचारों से भरना होगा और निर्णय लेना होगा कि कौन-सा विचार सार्थक है।*

### समय का प्रबंधन करें

सूत्र

*इस ग्रह पर आपके पास जितना समय है, वही यह निर्धारित करता है कि आप अपने ज्ञान, कौशल और धन को कितना बढ़ा सकते हैं। समय हमारा सबसे मूल्यवान संसाधन है और हमें इसका प्रभावी ढंग से प्रबंधन करना चाहिए। जीवन को सिर्फ सामान्य तरह से जीना, समय का उचित प्रबंधन नहीं कहा जा सकता।*

## दूसरा पहलू

हम 2025 में हैं, लेकिन किन्नौर की आधी आबादी अब तक पैतृक संपत्ति में बेटियों के समान अधिकार से महरूम है।

# यहां आज भी पिता की संपत्ति पर बेटी का अधिकार नहीं

**हम** 2025 में प्रवेश कर चुके हैं और आज भी आपको शायद ही यकीन आए कि देश के कुछ क्षेत्रों में बेटियों का पिता की संपत्ति पर कोई हक नहीं समझा जाता। बेटा-बेटी एक समान और महिला सशक्तीकरण के तमाम दावों के बावजूद हिमाचल के जनजातीय इलाके में आज भी बेटियों का पिता की संपत्ति पर अधिकार नहीं है। हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम में 2005 में संशोधन के बाद पूरे देश में बेटियों को पैतृक संपत्ति में समान अधिकार मिला, लेकिन किन्नौर की आधी आबादी इससे महरूम है। यहां कस्टमरी लॉ (वाजिब-उल-अर्ज) लागू होने के कारण बेटियों को पिता की संपत्ति नहीं मिलती। पिता की संपत्ति का बंटवारा सिर्फ बेटों में ही होता है।



**बविंद्र वशिष्ठ**

यहां वाजिब-उल-अर्ज लागू होने के कारण बेटियों को पिता की संपत्ति नहीं मिलती। पिता की संपत्ति का बंटवारा सिर्फ बेटों में ही होता है।



करीब 35 साल से संघर्ष कर रहीं महिला कल्याण परिषद की प्रमुख रतन मंजरी कहती हैं कि संविधान से लेकर सर्वोच्च न्यायालय के फैसले तक, सब महिलाओं के पक्ष में हैं, लेकिन उन्हें उनका हक नहीं मिल रहा।

बेटा न होने पर संपत्ति भाई या भतीजों को हस्तांतरित की जाती है। यदि कोई बेटी विवाह नहीं करती है, तो भी पैतृक संपत्ति पर उसका कोई हक नहीं रहता। तर्क दिया जाता है कि जनजातीय इलाके की जमीन एवं संस्कृति को महफूज रखने के लिए यह व्यवस्था की गई है। बेटी को पैतृक संपत्ति का अधिकार मिलने से इस खास क्षेत्र में बाहर के लोगों का दखल बढ़ेगा। ऐसे में कस्टमरी लॉ को सिरे से खारिज नहीं कर सकते। किन्नौर ही नहीं, लाहौल-स्पीति जिले में भी यह जनजातीय कानून लागू है। चीन से सटे किन्नौर एवं लाहौल-स्पीति के इस कबाइली इलाके की बेटियां भी पिता की संपत्ति पर हक के लिए लंबी लड़ाई लड़ रही हैं। किन्नौर में बेटियों को उनका अधिकार दिलाने के लिए करीब 35 साल से संघर्ष कर रहीं महिला कल्याण परिषद की प्रमुख रतन मंजरी कहती हैं कि संविधान से लेकर सर्वोच्च न्यायालय के फैसले तक सब महिलाओं के पक्ष में हैं, लेकिन उन्हें उनका हक नहीं मिल रहा। हाईकोर्ट का भी उनके पक्ष में फैसला आ चुका है, लेकिन इसे शीर्ष अदालत में चुनौती दे दी गई है। पूर्व सैन्य अफसर की बेटी मंजरी का कहना है कि जब देश का कानून पुरुषों और महिलाओं के लिए समान है, तो उनके साथ भेदभाव क्यों? स्थानीय रिवायती कानून वाजिब-उल-अर्ज (1926) की वजह से कई बेटियों की पैतृक संपत्ति उनके चाचा-ताया में बंट गई। अब उन्हें दो जून की रोटी के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। कुछ चाचा-ताया की दया पर रह रही हैं। पंचायत से लेकर संसद तक महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने वाले इस देश के एक इलाके की आधी आबादी अंग्रेजों के जमाने के कस्टमरी लॉ में पिस रही है। जनजातीय महिलाओं के सम्मान और गरिमा के लिए वाजिब-उल-अर्ज में संशोधन जरूरी है।

## आंकड़े

### टू व्हीलर और भारत

भारत दोपहिया वाहनों का सबसे बड़ा बाजार है। वर्ष 2023 की रिपोर्ट के अनुसार, टू व्हीलर की वैश्विक भागीदारी में भारत सबसे ऊपर है।

| | |
|---|---|
| भारत | 27% |
| चीन | 25% |
| इंडोनेशिया | 10% |
| वियतनाम | 5% |
| ब्राजील | 3% |

आंकड़े दोपहिया वाहन वाले शीर्ष देशों के, प्रतिशत में | स्रोत : SIAM

**भगवान ने भक्त भानुदास के गले में नवरत्न हार डाल दिया। राजा ने चोरी के आरोप में उन्हें सूली पर चढ़ाने का आदेश दिया, लेकिन सूली फल-फूल से लद गई।**

# भगवान विट्ठल की लीला

**भक्त** भानुदास ने दस वर्ष की उम्र में एक मंदिर के तहखाने में सात दिनों तक सूर्य नारायण की अखंड उपासना की। आठवें दिन भगवान सूर्यदेव ने उन्हें दर्शन दिए, तभी से उनका नाम भानुदास पड़ गया।

एक दिन विजयनगर के राजा कृष्णराय विट्ठल भगवान के दर्शन के लिए जब पंढरपुर आए और उनकी मूर्ति को अपने साथ ले गए। लोगों ने मंदिर में मूर्ति नहीं देखी, तो इससे बहुत दुखी हुए। भानुदास विजयनगर गए। मध्यरात्रि के समय वह मंदिर पहुंचे। भानुदास ने भगवान के चरणों का आलिंगन कर उन्हें प्रेमाश्रुओं से नहलाया। भगवान ने अपने गले का नवरत्न हार भानुदास के गले में डाल दिया। नवरत्न हार सहित भानुदास पकड़े गए। राजाज्ञा से सिपाही उन्हें सूली पर चढ़ाने के लिए ले गए। उस समय भानुदास ने विट्ठल को पुकारकर कहा-'चाहे आकाश टूट पड़े या ब्रह्मांड फट जाए या तीनों भुवन दावानल के ग्रास बन जाएं, तो भी हे विट्ठल! मैं तो तुम्हारी ही प्रतीक्षा करूंगा।' इसी बीच सूली देखते-देखते फल-फूलों से लद गई। जब राजा कृष्णराय को यह मालूम हुआ, तब उन्हें लगा कि भानुदास चोर नहीं, कोई महापुरुष हैं, वह दौड़ते हुए भानुदास के समीप आए और उनके चरणों पर लोट गए। तब भानुदास ने भी राजा से कहा, 'मैं विट्ठल भगवान को पंढरपुर ले जाने के लिए यहां आया हूं।' राजा ने रत्नजड़ित पालकी में भगवान को भानुदास के साथ बड़े ठाठ-बाट के साथ विदा किया।



अंतर्यात्रा
संकलित

अमर उजाला
पुराने पन्नों से — 16 मार्च, 1963

## सीरिया, मिस्र व इराक का संयुक्त संघ बनाने का प्रयास


सीरिया, मिस्र व इराक का संयुक्त संघ बनाने का प्रयास

**सीरिया, मिस्र और इराक का संघ बनाने के लिए तीन देशों में इस विषय पर जनमत लिया जाएगा। इस संघ का नाम संयुक्त अरब गणराज्य संघ होगा। सीरिया व इराक के प्रतिनिधियों ने राष्ट्रपति नासिर से काफी देर तक वार्ता की।**

# खेती-किसानी की तस्वीर बदल रही है



**वैश्विक कृषि के हालिया रुझान बताते हैं कि दुनिया भर में खेती-किसानी का स्वरूप बदला है। कुछ चुनौतियां फिर भी हैं।**

डॉ. एनएस राठौड़ | कृषि

वैश्विक कृषि के हालिया रुझान इस ओर इशारा करते हैं कि हम भोजन का उत्पादन, प्रबंधन और व्यापार कैसे करते हैं? हालांकि पिछले कुछ वर्षों में इन प्रक्रियाओं में काफी बदलाव आए हैं। फिर भी कृषि क्षेत्र उत्पादन, उत्पादकता, लाभप्रदता, गुणवत्ता, पारिश्रमिक, स्थिरता और व्यापार के मामले में चुनौतियों का सामना कर रहा है। लेकिन सबसे पहले जरूरी है कि हम विश्व में कृषि क्षेत्र के प्रमुख रुझानों पर नजर डालें।

कृषि उत्पादन और उत्पादकता बढ़ाने के लिए किसान डिजिटल कृषि और कृषि जैव प्रौद्योगिकी पर ध्यान दे रहे हैं। डिजिटल कृषि में खेती के तरीकों को अनुकूलित करने के लिए जीपीएस, सेंसर, ड्रोन और एआई जैसी तकनीकों का उपयोग शामिल है। यह सटीक कृषि को सक्षम बनाता है, जिससे किसान अपने खेतों के विशिष्ट क्षेत्रों के लिए इनपुट (पानी, उर्वरक, कीटनाशक) तैयार कर सकते हैं, जिससे पैदावार अधिकतम होती है और बर्बादी कम होती है। एआई वास्तविक परिस्थितियों में



खेती की निगरानी और भविष्यवाणी के लिए जिम्मेदार हो सकता है। जबकि, कृषि जैव प्रौद्योगिकी में कीट प्रतिरोध और बढ़ी हुई पोषण सामग्री जैसे बेहतर गुणों वाली आनुवंशिक रूप से संशोधित (जीएम) फसलें शामिल हैं। कृषि क्षेत्र में लाभप्रदता बढ़ाने के लिए किसान तेजी से अपने उत्पादों को संसाधित और पैकेज करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, ताकि मूल्य जोड़ा जा सके और बाजार का एक बड़ा हिस्सा हासिल किया जा सके। किसानों के बाजार, सामुदायिक समर्थित कृषि (सीएसए) कार्यक्रम और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म किसानों को सीधे उपभोक्ताओं को बेचने की अनुमति देते हैं, मध्यस्थों को हटाकर उनके मुनाफे में वृद्धि करते हैं। इसके अतिरिक्त, फार्म स्टे, शैक्षिक पर्यटन और फसल उत्सव जैसे पर्यटन अनुभव प्रदान करके अपनी आय में विविधता ला रहे हैं।

कृषि गुणवत्ता बढ़ाने के लिए उपभोक्ता तेजी से अपने भोजन की उत्पत्ति और उत्पादन विधियों के बारे में जानकारी मांग रहे हैं। ब्लॉकचेन जैसी तकनीकों का उपयोग पूरी आपूर्ति श्रृंखला में उत्पादों को ट्रैक करने के लिए किया जा रहा है, जिससे पारदर्शिता और गुणवत्ता आश्वासन सुनिश्चित होता है। इसके अलावा, चूंकि जैविक और टिकाऊ रूप से उत्पादित भोजन की मांग बढ़ रही है, किसान इस मांग को पूरा करने के लिए जैविक खेती, बायो डायनामिक खेती और कृषि वानिकी और नियंत्रित पर्यावरण कृषि (सीईए) जैसी प्रथाओं को अपना रहे हैं। सीईए में ऊर्ध्वाधर खेती और हाइड्रोपोनिक्स जैसी इनडोर खेती के तरीके शामिल हैं।

कृषि स्थिरता बढ़ाने के लिए पुनर्योजी दृष्टिकोण अपनाया जा रहा है, जो मिट्टी के स्वास्थ्य को बहाल करने, जैव विविधता को बढ़ाने और पारिस्थितिकी तंत्र सेवाओं को बढ़ाने पर केंद्रित है। इसके अलावा, जलवायु-स्मार्ट कृषि का उद्देश्य कृषि से ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करना और जलवायु परिवर्तन के लिए कृषि प्रणालियों के लचीलेपन को बढ़ाना है। इसमें उर्वरक उपयोग को कम करना, जल प्रबंधन में सुधार लाना और कृषि वानिकी को बढ़ावा देना जैसी प्रथाएं शामिल हैं। पूरी आपूर्ति श्रृंखला में, खेत से थाली तक, खाद्य हानि और अपशिष्ट को कम करने के प्रयास किए जा रहे हैं। इसमें भंडारण और परिवहन बुनियादी ढांचे में सुधार के साथ-साथ खाद्य अपशिष्ट के बारे में उपभोक्ता जागरूकता बढ़ाना शामिल है। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म कृषि व्यापार में तेजी से महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं, किसानों को घरेलू और अंतरराष्ट्रीय, दोनों खरीदारों से जोड़ रहे हैं।

हालांकि, अधिक व्यापक रूप से किसानों और सरकार को संयुक्त रूप से कृषि की योजना बनानी चाहिए और तदनुसार तैयारी करनी चाहिए। इसके लिए जरूरी है कि किसान दक्षता और उत्पादकता में सुधार के लिए डिजिटल उपकरणों और तकनीकों को अपनाएं। पर्यावरण की रक्षा करने और उपभोक्ता मांग को पूरा करने के लिए टिकाऊ कृषि पद्धतियों को लागू करें। लाभप्रदता बढ़ाने के लिए मूल्यवर्धित उत्पादों, प्रत्यक्ष विपणन और कृषि-पर्यटन का पता लगाएं और कृषि में नवीनतम रुझानों और अनुसंधान से अपडेट रहें। दूसरी तरफ, सरकारें अनुसंधान और विकास में निवेश करें, किसानों को नई तकनीकों और प्रथाओं को अपनाने हेतु प्रशिक्षण व तकनीकी सहायता प्रदान करें, कृषि व्यापार का समर्थन करने के लिए परिवहन, भंडारण तथा बुनियादी संचार ढांचे में निवेश करें और ऐसी नीतियां लागू करें, जो टिकाऊ कृषि को बढ़ावा दें, व्यापार बाधाओं को कम करें और किसानों की आजीविका का समर्थन करें। इन रुझानों को अपनाकर और एक साथ काम करके ही किसान और सरकारें एक अधिक उत्पादक, लाभदायक, टिकाऊ और न्यायसंगत कृषि क्षेत्र सुनिश्चित कर सकते हैं, जो बढ़ती वैश्विक आबादी की जरूरतों को पूरा करेगा।

*-लेखक भारतीय कृषि सांख्यिकी अनुसंधान संस्थान के पूर्व महानिदेशक हैं।*

# अब यूजीसी नेट या पीएचडी वाले विषय में ही बन सकेंगे शिक्षक

## एनईपी 2020 के तहत यूजीसी रेग्यूलेशन 2018 में संशोधन की तैयारी कर रहा यूजीसी

सीमा शर्मा

**नई दिल्ली।** विश्वविद्यालयों में अब यूजीसी नेट या पीएचडी वाले विषयों में ही शिक्षक बना जा सकेगा। शिक्षक बनने के लिए पहले एक ही विषय में स्नातक (यूजी), परास्नातक (पीजी) और पीएचडी होना जरूरी था।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी)2020 के तहत विश्वविद्यालयों का शिक्षक बनने की प्रक्रिया में लचीलापन लाया जा रहा है। इसका मकसद उच्च शिक्षा में छात्रों को विभिन्न विषयों की पढ़ाई करने के लिए प्रेरित करना है। इसके अलावा प्रमोशन में अब शोधपत्र, स्टार्टअप, उद्यमिता, नवाचार, पेटेंट, उद्योग साझेदारी आदि के मूल्यांकन सहायक होंगे। इसके अलावा, असिस्टेंट प्रोफेसर से एसोसिएट और प्रोफेसर के पद पर प्रमोशन के लिए पीएचडी व फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम की ट्रेनिंग अनिवार्य होगी। सूत्रों के मुताबिक, वैश्विक स्तर पर रोजगार में लगातार बदलाव आ रहा है। अब साधारण डिग्री, पारंपरिक तरीके से विषयों के किताबी ज्ञान से छात्रों को तैयार नहीं किया जा सकता है।

इन्हीं जरूरतों और बदलाव को देखते हुए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) अपने रेग्यूलेशन 2018 में संशोधन की तैयारी कर रहा है। उसकी जगह यूजीसी रेग्यूलेशन 2024 आएगा। इससे यूजीसी के मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में शिक्षक बनने की प्रक्रिया में बड़ा बदलाव होगा।

अस्सिटेंट प्रोफेसर से एसोसिएट प्रोफेसर 12 साल में बन तो जाएंगे, लेकिन प्रमोशन में मूल्यांकन प्रक्रिया बदल जाएगी। इसका मकसद गुणवत्ता में सुधार, आम लोग, समाज व विश्वविद्यालय हित पर फोकस करना है। इससे विभिन्न विषयों में शोध के लिए प्रेरित किया जा सकेगा। इसके साथ ही शिक्षक भी नए विचारों से दक्ष होंगे।

### एक ही विषय में पढ़ाई की बंदिश समाप्त

अभी तक विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में शिक्षक बनने के लिए यूजी, पीजी और पीएचडी में एक ही विषय में पढ़ाई होनी जरूरी थी। लेकिन एनईपी 2020 में यूजी, पीजी के दौरान छात्रों को बहुविषयक पढ़ाई की आजादी दी गई है, ताकि छात्र का हर क्षेत्र में समग्र विकास हो सके। इसी के तहत शिक्षक बनने के नियमों में यह बदलाव किया जा रहा है।

### क्षेत्र में महारत तो भी शिक्षक बन सकेंगे

स्नातक करने वाले अगर किसी क्षेत्र में महारत हासिल करते हैं तो वह उच्च शिक्षण संस्थानों में शिक्षक बन सकेंगे। इसमें योग, नाटक, फाइन आर्ट्स आदि क्षेत्रों के महारत हासिल लोगों को शिक्षक बनने का मौका मिलेगा। वे सीधे अस्सिटेंट प्रोफेसर के लिए आवेदन कर सकते हैं। लेकिन उनके पास राष्ट्रीय स्तर का अवार्ड या पुरस्कार होना जरूरी है।

## नए साल के कैलेंडर का लोकार्पण

**नई दिल्ली।** गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ यूनिवर्सिटी (आईपीयू) ने बुधवार को नए साल के कैलेंडर का लोकार्पण किया। समारोह में कुलपति प्रो. डॉ महेश वर्मा ने कहा कि इस कैलेंडर पर गुजरे साल के प्रमुख समारोहों की तस्वीरें अंकित हैं। ताकि संस्थान के सभी सदस्य इन्हें स्मरण में रखते हुए नई गतिविधियां आयोजित करें। इस दौरान कुलसचिव डॉ. कमल पाठक, विशेष कार्य अधिकारी डीपी द्विवेदी, परीक्षा नियंत्रक डॉ एस. एल भंडारकर आदि मौजूद रहे। ब्यूरो

## दसवीं-बारहवीं की प्रैक्टिकल परीक्षाएं शुरू

**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएससी) की दसवीं व बारहवीं की प्रैक्टिकल, प्रोजेक्ट, आंतरिक मूल्यांकन परीक्षाएं शुरू हो गई हैं। बोर्ड ने इनके लिए एक से 14 फरवरी तक की समय सीमा तय की है। कुछ स्कूलों में मंगलवार से परीक्षाएं शुरू हो गईं, कुछ में जल्द शुरू होंगी।

राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलों में भाग लेने वाले किसी भी छात्र को प्रैक्टिकल-प्रोजेक्ट, आंतरिक मूल्यांकन में उपस्थित होने से छूट नहीं दी जाएगी। परीक्षाएं शुरू होते ही उसके मूल्यांकन अंक रोजाना अपलोड किए जाएंगे। आंतरिक और बाह्य परीक्षक सुनिश्चित करेंगे कि सही अंक अपलोड किए गए हैं। बारहवीं में बाह्य परीक्षक ही परीक्षा लेंगे। ऐसा न करने पर स्कूल के मूल्यांकन को अमान्य माना जाएगा। नियमों का पालन न करने पर बोर्ड प्रैक्टिकल भी कर सकता है। सभी स्कूलों को सावधानी से बच्चों के अंकों को अपलोड करने को कहा गया है। ब्यूरो

# सरकारी स्कूलों में बच्चों के साथ खेल खेलेंगे दादा-दादी

## 900 सरकारी स्कूलों में दादा-दादी दिवस मनाने की कवायत शुरू

रश्मि शर्मा

**नई दिल्ली।** दिल्ली के सरकारी स्कूलों में जल्द ही बच्चे अपने दादा-दादी के संग खेलेंगे। दिल्ली सरकार के 900 सरकारी स्कूलों में प्रारंभिक स्तर (एलिमेंट्री लेवल) पर दादा-दादी दिवस (ग्रांड पैरेंट्स डे) मनाने की कवायद शुरू की गई है। बीते साल इस दिवस को कुछ स्कूलों में मनाया गया था, जिसके बाद इस बार 900 स्कूलों में इसकी शुरुआत की जा रही है। दिल्ली के समग्र शिक्षा विभाग के लिए परियोजना अनुमोदन बोर्ड ने दादा-दादी दिवस मनाने के लिए 2.25 करोड़ रुपये की राशि को मंजूरी दी है।

शिक्षा निदेशालय के अंतर्गत दिल्ली समग्र शिक्षा विभाग ने इस संबंध में चयनित स्कूलों के प्रमुखों को एक परिपत्र जारी किया है। इसमें कहा गया है कि प्राथमिक स्तर पर अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए दादा-दादी दिवस मनाने के लिए एक दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया जाए। इसमें प्रत्येक विद्यार्थी को अपने साथ एक दादा-दादी को लाने की अनुमति दी जानी चाहिए। बच्चे उनके साथ डांस, कागज के थैले बनाना, फोटो फ्रेम, खेल व बैलून रिले रेस जैसी गतिविधियां करेंगे।

स्कूलों को इसके लिए पहले से ही योजना बनाने के लिए कहा गया है। इस दिवस को मनाने के लिए सेंट्रल जिले के 33, पूर्वी जिले के 99, नई दिल्ली के 29, उत्तरी दिल्ली के 53, उत्तर पूर्वी जिले के 111, नॉर्थ वेस्ट ए के 94, नॉर्थ वेस्ट बी के 107, दक्षिण जिले के 57, दक्षिण पूर्वी जिले के 81, दक्षिण पश्चिम ए के 37, दक्षिण पश्चिम बी के 81, पश्चिम ए के 49, और पश्चिम बी के 69 स्कूलों का चयन किया गया है। स्कूल प्रमुखों को कहा गया है कि गतिविधि के समय उनका उपस्थित रहना जरूरी है। स्कूल प्रमुख स्थान, सेट व साज सज्जा को सुपरवाइज करेंगे। स्कूल प्रमुखों को सुनिश्चित करना होगा कि सभी विद्यार्थियों को गतिविधि का विवरण और कार्यक्रम पता हो तथा उनकी अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित हो।

### परियोजना अनुमोदन बोर्ड ने 2.25 करोड़ रुपये की राशि को दी मंजूरी

## पढ़ाई छोड़ चुके विद्यार्थियों की पहचान के लिए तैनात होंगे स्वयंसेवक

**फरीदाबाद।** जिले के राजकीय स्कूलों में पढ़ाई छोड़ चुके विद्यार्थियों की पहचान के लिए जिले में 25 स्वयंसेवकों को तैनात किया गया है, जो छह जनवरी तक घर-घर जाकर छह से सात वर्ष के बच्चों को दोबारा शिक्षा के साथ जोड़ने का प्रयास करेंगे। वहीं, सर्वे को तीन श्रेणी में करने का निर्णय लिया गया है। पहली श्रेणी में छह से सात वर्ष, दूसरी श्रेणी में सात से 14 वर्ष और तीसरी श्रेणी में 15 से 19 वर्ष तक के स्कूल की पढ़ाई छोड़ चुके छात्रों को रखा गया है। सेकेंडरी स्तर पर 15 से 19 वर्ष की आयु के किशोरों को ट्रेनिंग दी जाएगी। उसके बाद उन्हें मुख्य धारा से जोड़ा जाएगा। सर्वे के दौरान सात वर्ष तक के उन बच्चों की पहचान की जाएगी, जो कुछ समय स्कूल जाकर दोबारा नहीं आए। ब्यूरो

## एनसीआर

# बीए की छात्रा ने युवक का गला व हाथ की नस काटी

## कार में खून से लथपथ बेसुध मिला था छात्र

माई सिटी रिपोर्टर



घायल युवक धीरज। स्रोत परिजन

**ग्रेटर नोएडा/रबूपुरा।** कोतवाली रबूपुरा क्षेत्र में बीए की छात्रा पर एक छात्र का गला और हाथ की नस काटकर हत्या करने के प्रयास का आरोप लगा हैं। आरोप है कि छात्रा ने पीड़ित को खेत पर बुलाया।

वहां फ्रूटी में नशीला पदार्थ पिलाकर घटना को अंजाम दिया। हालांकि अभी कारण का पता नहीं चल सका हैं। छात्र का अस्पताल में इलाज चल रहा हैं। पुलिस का कहना है कि सोशल मीडिया के माध्यम से दोनों मिले थे। एक वर्ष से उनके बीच प्रेम-प्रसंग चल रहा था। रौनीजा गांव निवासी धीरज कुमार (21 वर्ष) दनकौर क्षेत्र के एक डिग्री कॉलेज में बीकॉम प्रथम वर्ष का छात्र हैं।

24 दिसंबर की शाम करीब 4 बजे वो रबूपुरा कस्बे स्थित ज्ञानदीप स्कूल के पास अपनी कार में घायल अवस्था में मिला था। आसपास के लोगों ने परिजनों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे परिजनों ने घायल छात्र को अस्पताल में भर्ती कराया। छात्र के गले और हाथ में धारदार हथियार से कटे के निशान थे। इलाज के बाद सोमवार को छात्र के पिता हंसराज ने रबूपुरा कोतवाली में शिकायत देकर आरोप लगाया है कि प्रिया नाम की युवती रबूपुरा क्षेत्र के नगला हुकुम सिंह गांव की रहने वाली हैं। युवती ने उसके बेटे को खेत पर बुलाया। वहां अपने साथ फ्रूटी लेकर आई थी। धीरज को फ्रूटी में नशीला पदार्थ पिला दिया। नशा होने पर छात्रा ने साथियों को बुला लिया और धारदार हथियार से धीरज का गला और हाथ की नस काट दी।

### सोशल मीडिया पर बने दोस्त एक साल से प्रेम-प्रसंग

आरोपी छात्रा कस्बे के एक डिग्री कॉलेज में बीए तृतीय वर्ष की छात्रा हैं। दोनों सुबह के समय एक साथ कार में ग्रेटर नोएडा की तरफ गए थे। वहां एक होटल में भी गए। उसके बाद वापस लौटते समय घटना हुई हैं। जांच कर साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं।

## नुकीली वस्तु से वार कर युवती की हत्या

**कौशांबी।** वैशाली सेक्टर 4 स्थित नगर निगम के पोडियम पार्क में बुधवार सुबह करीब आठ बजे 25 वर्षीय युवती का खून से लथपथ शव मिला। युवती के सीने में नुकीली चीज से गोदने के कई निशान मिले हैं। सुबह आठ बजे जब स्थानीय लोग पार्क में टहलने पहुंचे तब उन्होंने शव देख डायल 112 पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने देर शाम शव की शिनाख्त कर परिजनों को सूचना दी। परिजनों ने युवती के चचेरे फूफा पर हत्या करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष पाटिल ने बताया कि पार्क में वैशाली सेक्टर चार की तरफ बने गेट के पास स्तंभ के नीचे युवती का खून से लथपथ शव पड़ा था। उसके नाक और मुंह से खून निकल रहा था और शरीर पर गर्दन, सीना व अन्य जगहों पर चोट और सीने पर नुकीली चीज से वार के निशान थे। पुलिस ने पार्क में पहुंचकर शव की तलाशी ली लेकिन पहचान संबंधित कोई दस्तावेज नहीं मिला। छानबीन के बाद पता चला कि युवती कौशांबी थाना क्षेत्र की ही रहने वाली थी और घरेलू सहायिका का कार्य करती थी। वह मूलरूप से बुलंदशहर की रहने वाली थी। आशंका जताई जा रही है कि युवती की चाकू या अन्य किसी चीज से गोदकर निर्मम हत्या की गई है। ब्यूरो

## खड़े डंपर से टकराई बाइक, एक की मौत

**गुरुग्राम।** सुशांतलोक थाना क्षेत्र में बिना इंडीकेटर दिए सड़क किनारे पर खड़े डंपर से टकराने पर बाइक सवार कंपनी कर्मी की मौत हो गई। जबकि दूसरी बाइक पर सवार एक अन्य सहकर्मी बाल-बाल बचा गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया और डंपर चालक के खिलाफ मामला दर्ज करके कार्रवाई शुरू कर दी। दिल्ली के कालकाजी निवासी विजय माथुर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह गुरुग्राम के सेक्टर- 61, 62 में ब्लिंकिट कंपनी में नौकरी करते हैं। उनके साथ ही नई दिल्ली के बाटला हाउस निवासी शोइब(27) भी काम करता था। दोनों बीते 31 दिसंबर की रात लगभग 9.30 बजे अपनी-अपनी बाइक पर कंपनी से घर की ओर निकले थे। शोइब अपनी बाइक पर थोड़ा आगे चल रहा था। ब्यूरो

## मशहूर कार्टूनिस्ट काक का निधन

**गाजियाबाद।** देश के मशहूर कार्टूनिस्ट हरीश चंद्र शुक्ल का बुधवार को निधन हो गया। वह 85 वर्ष के थे। पत्रकारिता की दुनिया में काक के नाम से विख्यात हरीश चंद्र शुक्ल का यहां हिंडन श्मशान घाट पर अंतिम संस्कार किया गया। हरीश चंद्र शुक्ल का जन्म 16 मार्च, 1940 को उत्तर प्रदेश के उन्नाव के गांव पुरा में हुआ था। उनके पिता शोभा नाथ शुक्ल एक स्वतंत्रता सेनानी थे।



काक ने मैकेनिकल इंजीनियर की पढ़ाई की थी, लेकिन उनका मन कार्टून बनाने में ज्यादा लगता था। यही कारण है कि उन्होंने देश के कई प्रतिष्ठित अखबारों में काम किया। वर्ष 1983 से 1990 के बीच काक के कार्टूनों का स्वर्णिम काल था। अखबार के ज्यादातर पाठक पहले 'काक' के कार्टून देखते थे और बाद में समाचार पढ़ते थे। चुटीले और कटाक्ष वाले कार्टून के कारण काक पाठकों में बेहद लोकप्रिय थे। उनके योगदान के लिए 2003 में हिंदी अकादमी दिल्ली ने काका हाथरसी सम्मान से नवाजा था। 2016 में उन्हें पत्रकारिता में उत्कृष्ट योगदान के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार और 2017 में भारतीय प्रेस परिषद द्वारा सम्मानित किया गया था। संवाद




# नए साल में वैष्णो देवी मंदिर से तिरुपति तक उमड़ा भक्तों का सैलाब


पुरी में जगन्नाथ मंदिर के बाहर भक्तों की कतार।

**नई दिल्ली।** नए साल के पहले दिन देशभर के मंदिरों में आस्था का सैलाब देखने को मिला। अयोध्या के श्रीराम मंदिर, वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर, जम्मू-कश्मीर के माता वैष्णो देवी मंदिर से लेकर दक्षिण में तिरुपति बालाजी मंदिर तक सुबह से ही भक्तों की कतारें लगी रहीं। झारखंड के देवघर का वैधनाथ मंदिर हो या फिर कोलकाता का दक्षिणेश्वर काली मंदिर हर जगह भक्तों की भारी भीड़ ने ईश्वर से मंगल कामना की। ब्यूरो


अयोध्या : राम मंदिर


वाराणसी : काशी विश्वनाथ धाम


माता वैष्णो देवी धाम, जम्मू

**94.83** लाख भक्तों के साथ वैष्णो देवी ने दशक में दूसरी सबसे बड़ी संख्या दर्ज की

**जम्मू।** श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के मुताबिक, 2024 में रिकॉर्ड 94.83 लाख भक्तों ने माता के दर्शन किए। यह एक दशक में तीर्थयात्रियों की दूसरी सबसे अधिक संख्या है। साल के पहले दिन 30 हजार से ज्यादा भक्तों ने मत्था टेका। ब्यूरो


मथुरा : बांके बिहारी मंदिर


तिरुपति मंदिर


लक्ष्मी नारायण मंदिर, जयपुर

**7.43** लाख श्रद्धालुओं ने किए वाराणसी में बाबा विश्वनाथ के दर्शन


दक्षिणेश्वर काली मंदिर, कोलकाता

# अरशद की सनक, मां-बेटियों का कैदखाना बन गया था घर

## घर से बाहर निकलने नहीं देता था, पड़ोसियों से बात करने पर पीटता था पिता

अमर उजाला ब्यूरो

**आगरा।** इस्लाम नगर के अरशद ने मां और 4 बहनों की हत्या यूं ही नहीं की। मोहल्ले वाले उसे सिरफिरा कहते हैं। लोगों ने दावा किया कि उसने घर को बहनों के लिए कैदखाना बना दिया था। घर से निकलने पर उनसे मारपीट करता था। रोजाना पड़ोसी बहनों से मारपीट की आवाज सुना करते थे। वह खुद भी पड़ोसियों से बात नहीं करता था। कई बार कहासुनी करने लगता था। इस कारण कोई उससे बोलता नहीं था। लखनऊ में हत्याकांड की जानकारी के बाद उसके घर के बाहर लोगों की भीड़ लग गई। लोग यही कह रहे थे कि अरशद सिरफिरा था।

बदरुद्दीन मोहल्ले में दिल्ली वालों के नाम से जाने जाते हैं। इसकी वजह उनका परिवार करीब 15 साल पहले दिल्ली से आगरा आया था। दिल्ली में वह किसी फैक्ट्री में काम करता था। किसी बात पर नौकरी चली गई। इस पर आगरा आ गए। इस्लाम नगर में ही किराए के मकान में रहते थे। बाद में यहीं पर 100 गज का प्लॉट खरीद लिया। इसमें 1 कमरा बनाकर पूरा परिवार रह रहा था। फरवरी 2024 में उसमें से 50 गज जमीन घर के सामने रहने वाले अलीम को बेच दी। 50 गज में अपना दो मंजिला मकान बना लिया। एक दुकान भी बना ली। इसमें सामान बेचना शुरू कर दिया। बगल में पड़ोसी आफताब की दुकान है।

मोहल्ले में रहने वाले साहिल ने बताया कि मोहम्मद बदर अपने पत्नी और बेटियों को पीटा करता था। यही काम अरशद भी करता था। मां अस्मा और बेटियों को घर से बाहर नहीं निकलने देता था। साहिल का कहना था कि पिता-पुत्र दोनों सनकी हैं। इस कारण उनसे कोई बात नहीं करता था।


लखनऊ के होटल में हत्या के बाद जांच करतीं पुलिस व फोरेंसिक की टीम। -अमर उजाला

### दो महीने में चली गई थी बहू, ले लिया तलाक

**आगरा।** 28 जुलाई 2019 को अरशद का निकाह हुआ था। बस्ती में रहने वाली कासमा ने बताया कि मोहल्ले में ही अरशद के परिवार से जान पहचान हुई थी। उन्होंने अपनी बेटी चांदनी के निकाह के लिए बात की। बदरुद्दीन तैयार हो गए। इस पर निकाह कर दिया। बेटी को घर जाने पर पिता-पुत्र का व्यवहार अच्छा नहीं लगा। अरशद चांदनी से मारपीट करता था। उसकी सास भी अपने पति की हरकत से खुश नहीं थी। इस पर वो दो महीने बाद ही वापस मायके आ गई। वह लौटकर नहीं गई। बाद में दो साल पहले तलाक ले लिया। ब्यूरो

### वीडियो में बोला, बहनों को बेचना चाहते थे लोग

**लखनऊ।** होटल में चार बेटियों और पत्नी की हत्या का आरोपी बदर 18 दिसंबर को परिवार के साथ अजमेर गया था। अरशद ने 6.54 मिनट के वीडियो में बस्ती वालों पर प्रताड़ना का आरोप लगाया। पुलिस के मुताबिक वीडियो में अरशद ने कुछ लोगों पर घर कब्जाने का आरोप लगाया है। नौ लोगों के नाम भी लिए हैं। वीडियो में वह कह रहा है कि परिवार की मौत के जिम्मेदार बस्ती वाले हैं। कुछ लोग उसकी बहनों को हैदराबाद में बेचना चाह रहे थे। आरोपी का कहना है कि उसे और पिता को बस्ती वाले जेल भिजवाना चाह रहे थे, ताकि बहनों को बेच सकें। ब्यूरो

### धर्मांतरण कर घर में श्रीराम का मंदिर बनाना चाहते थे पिता-पुत्र

**आगरा।** मां और बहनों की हत्या के आरोपी अरशद के पिता मो. बदर का पता नहीं चला है। उनका एक प्रार्थना पत्र सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। इसमें उन्होंने कहा है कि वह पड़ोसियों से परेशान हैं। इस कारण धर्म परिवर्तन कराना चाहते हैं। धर्म परिवर्तन के लिए विहिप के विभाग सेवा प्रमुख श्याम किशोर शर्मा को तीन सप्ताह पूर्व फोन किया था। 18 दिसंबर को बदर ने मुख्यमंत्री पोर्टल, अल्पसंख्यक आयोग, जिलाधिकारी, पुलिस आयुक्त सहित अन्य को पत्र भेजा था। इसमें लिखा था कि पड़ोस में आफताब और उसके भाई रहते हैं। 16 दिसबंर को ऑटो से दुकान के काउंटर में टक्कर मारी गई। पुलिस ने आरोपियों से राजीनामा करा दिया। 18 दिसंबर की सुबह आफताब उसके रिश्तेदार व बस्ती के लोग घर पर ईंट-पत्थर बरसाने लगे। बेटियों से अभद्रता की। सूचना देने पर पुलिस आई। मगर, कोई कार्रवाई नहीं की। ब्यूरो

**अल्पसंख्यक आयोग व सीएम को भेजा था पत्र**

# पांच पत्नियों के साथ जाली नोट छापता था मदरसा संचालक, छह लोग गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** जाली नोट छापकर ग्रामीण क्षेत्रों के बाजारों व दुकानों में चलाने वाले गिरोह का पुलिस ने बुधवार को पर्दाफाश किया। गिरोह का सरगना मुबारक अली उर्फ नूरी मल्हीपुर के गंगापुर स्थित मदरसे का प्रबंधक है। उसने यूट्यूब से नोट छपाई का तरीका सीखा था। फैजुर्नबी मदरसे में ही वह नोटों की छपाई करता था। इसमें उसकी पांच बीवियां भी मदद करती थीं।

मल्हीपुर क्षेत्र में जाली नोटों की छपाई की शिकायत की जांच के दौरान पुलिस ने बुधवार को भेसरी नहर पुल से जमील अहमद, धर्मराज शुक्ला, रामसेवक व अवधेश पांडेय को जाली नोट, तमंचे व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। उनकी निशानदेही पर पुलिस लक्ष्मणपुर स्थित फैजुर्नबी मदरसे में पहुंची, जहां से एक प्रिंटर, दो लैपटॉप, चार बोतल स्याही, 35,400 रुपये के जाली नोट व 14,500 के असली नोट, एक 315 बोर का तमंचा व पांच मोबाइल फोन बरामद हुए। पुलिस ने दो और लोगों को गिरफ्तार किया।

एसपी घनश्याम चौरसिया के अनुसार गिरफ्तार मुबारक अली की पांच पत्नियां हैं, जो अलग-अलग स्थानों पर रहकर जाली नोटों को चलाने में सहयोग करती थीं। उसकी एक पत्नी मदरसा फैजुर्नबी व दूसरी जामिया नूरिया मस्जिद में शिक्षिका है। शेष तीन पत्नियां अन्य स्थानों पर रहती हैं। संवाद

**35,400 के जाली नोट, प्रिंटर मोबाइल और तमंचा बरामद**

# पति से लंबे समय तक अलग रहना क्रूरता : हाईकोर्ट

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि पति से लंबे समय तक अलग रहना, संबंध न बनाना व विवाह को बचाने के लिए कोई कानूनी प्रयास न करना क्रूरता है। यह टिप्पणी कर कोर्ट ने गाजीपुर के पारिवारिक न्यायालय की तलाक अर्जी खारिज करने का आदेश रद्द कर दिया।

यह आदेश न्यायमूर्ति सौमित्र दयाल सिंह व न्यायमूर्ति डी.रमेश की खंडपीठ ने महेंद्र प्रसाद की याचिका पर दिया। गाजीपुर निवासी महेंद्र की शादी 26 फरवरी 1990 को हुई थी। महेंद्र इंजीनियर थे और उनकी पत्नी सरकारी विद्यालय में शिक्षक थीं। कुछ विवाद के चलते दोनों अलग-अलग रहने लगे। इसके बाद पति ने तलाक अर्जी दाखिल की, जिसे पारिवारिक न्यायालय रद्द कर दिया। इसे चुनौती देते हुए महेंद्र ने हाईकोर्ट में अपील दाखिल की। कोर्ट कहा कि शादी के 35 वर्षों में पति-पत्नी बमुश्किल कुछ वर्षों तक ही साथ रहे हैं। पत्नी ने स्वयं पति संग रहने से इन्कार कर दिया है। प्रतिवादी पत्नी शादी को केवल कानूनी रूप से जीवित रखना चाहती है। 23 साल से दोनों अलग हैं। पत्नी ने वैवाहिक रिश्ते को पुनर्जीवित करने का कोई प्रयास नहीं किया और न कभी संबंध बनाया। यह क्रूरता है। ब्यूरो

## कारोबार

बीएसई ↑ 368.40 (78,507.41) | एनएसई ↑ 98.10 (23,742.90) | डॉलर ₹0.00 (₹85.64) | सोना /10 ग्राम ↑ ₹79,390 (440) | चांदी /1 किग्रा ↑ ₹90,500 (800)

दिल्ली में 24 कैरेट की हाजिर दरें ■ स्रोत : पीटीआई

# जीडीपी में मजबूती...अप्रैल-दिसंबर में जीएसटी संग्रह 9.09 फीसदी बढ़कर 16.33 लाख करोड़

## सरकार के आंकड़े...नौ महीने में औसत मासिक वसूली 1.81 लाख करोड़ से अधिक

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** मजबूत आर्थिक और कारोबारी गतिविधियों के दम पर घरेलू लेनदेन बढ़ने से जीएसटी संग्रह में तेजी का सिलसिला जारी है। चालू वित्त वर्ष के पहले नौ महीने (अप्रैल-दिसंबर) में जीएसटी संग्रह सालाना आधार पर 9.09 फीसदी की मजबूत वृद्धि के साथ 16.33 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया। 2023-24 की समान अवधि में संग्रह 14.97 लाख करोड़ रुपये रहा था।

सरकार के बुधवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, चालू वित्त वर्ष के पहले नौ माह में औसत मासिक जीएसटी संग्रह भी बढ़कर 1.81 लाख करोड़ से अधिक पहुंच गया। 2023-24 के पहले नौ माह में औसत मासिक कर संग्रह 1.66 लाख करोड़ रहा था।

आंकड़ों के मुताबिक, दिसंबर में घरेलू लेनदेन से जीएसटी संग्रह 8.4 फीसदी बढ़कर 1.32 लाख करोड़ पहुंच गया। आयात से कर राजस्व भी चार फीसदी की बढ़ोतरी के साथ 44,268 करोड़ रहा। पिछले माह कुल 22,490 करोड़ का रिफंड जारी किया गया, जो 31 फीसदी अधिक है। इस आधार पर शुद्ध जीएसटी संग्रह 3.3 फीसदी की बढ़त के साथ 1.54 लाख करोड़ रहा।




### सर्वाधिक वसूली वाले पांच राज्य

| राज्य | रकम (करोड़ में) |
|---|---|
| महाराष्ट्र | 29,260 |
| कर्नाटक | 12,526 |
| तमिलनाडु | 10,956 |
| हरियाणा | 10,403 |
| गुजरात | 10,279 |

- उत्तर प्रदेश : 8,117
- दिल्ली : 5,593
- पंजाब : 2,294
- उत्तराखंड : 1,547
- हिमाचल प्रदेश : 816
- जम्मू-कश्मीर : 547
- चंडीगढ़ : 224

*फीसदी के लिहाज से अंडमान-निकोबार द्वीप समूह और सिक्किम की कर वसूली में सर्वाधिक वृद्धि। दोनों के संग्रह में क्रमशः 72 व 30 फीसदी तेजी रही।*

### बिजली खपत : 6% बढ़कर 130.40 अरब यूनिट

बिजली खपत दिसंबर में सालाना आधार पर 6 फीसदी बढ़कर 130.40 अरब यूनिट पहुंच गई। दिसंबर, 2023 में यह 123.17 अरब यूनिट रही थी। ठंड के कारण हीटर-गीजर जैसे उपकरणों के उपयोग से बिजली खपत बढ़ी है।

- **बिजली की एक दिन में अधिकतम आपूर्ति भी दिसंबर, 2023 के 213.62 गीगावाट से बढ़कर पिछले महीने 224.16 गीगावट पहुंच गई।**

### यूपीआई : 23.25 लाख करोड़ के रिकॉर्ड 16.73 अरब लेनदेन




यूपीआई लेनदेन दिसंबर, 2024 में संख्या के लिहाज से मासिक आधार पर 8.07 फीसदी बढ़कर 16.73 अरब की नई ऊंचाई पर पहुंच गया। नवंबर, 2024 में कुल 15.48 अरब यूपीआई लेनदेन हुए थे। मूल्य के लिहाज से पिछले महीने कुल 23.25 लाख करोड़ रुपये के यूपीआई लेनदेन हुए, जो नवंबर के 21.55 लाख करोड़ रुपये से 8 फीसदी अधिक है।

- एनपीसीआई के मुताबिक, 2024 में पूरे साल के दौरान 247 लाख करोड़ रुपये के कुल 172 अरब लेनदेन हुए। यह 2023 की तुलना में मूल्य के लिहाज से 35% और संख्या के आधार पर 46% अधिक है।
- **आईएमपीएस** के जरिये दिसंबर में 6.02 लाख करोड़ के कुल 44.1 करोड़ लेनदेन हुए। यह मूल्य और संख्या के लिहाज से 8 फीसदी अधिक है। **फास्टैग** के जरिये पिछले माह 6,642 करोड़ रुपये के 38.2 करोड़ लेनदेन हुए। यह मासिक आधार पर 9 फीसदी तक अधिक है।

### पेट्रोल-डीजल : यात्राओं से बिक्री में उछाल

क्रिसमस और नए साल के मौके पर बड़ी संख्या में लोगों के यात्राएं करने से दिसंबर में पेट्रोल और डीजल की बिक्री में 9.8 फीसदी तक तेजी रही। सरकारी पेट्रोलियम कंपनियों के आंकड़ों के मुताबिक, पेट्रोल की बिक्री पिछले माह सालाना आधार पर 9.8 फीसदी बढ़कर 29.9 लाख टन पहुंच गई। डीजल की बिक्री 4.9 फीसदी बढ़कर 70.7 लाख टन पहुंच गई। हालांकि, मासिक आधार पर पेट्रोल-डीजल की बिक्री 3.6 फीसदी तक कम रही।

- दिसंबर लगातार दूसरा महीना है, जब पेट्रोल-डीजल की बिक्री बढ़ी है।
- **विमान ईंधन (एटीएफ)** की बिक्री सालाना आधार पर 6.8 फीसदी बढ़कर 6,96,400 टन पहुंच गई। **रसोई गैस एलपीजी** की मांग 28.7 लाख रही, जो सालाना आधार पर 5.2 फीसदी अधिक है।

# सेंसेक्स नए साल के पहले दिन 368 अंक उछला, 2.48 लाख करोड़ रुपये बढ़ी पूंजी

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजारों में नए साल के पहले दिन बुधवार को तेजी लौटी। सेंसेक्स 368 अंक से अधिक चढ़कर बंद हुआ। उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में ब्लू-चिप कंपनियों के शेयरों में खरीदारी से बाजार में तेजी रही।

दो कारोबारी सत्र की गिरावट के बाद बीएसई सेंसेक्स 368.40 अंक की बढ़त के साथ 78,507.41 पर बंद हुआ। दिन के कारोबार में एक समय यह 617.48 अंक तक उछल गया था। निफ्टी 98.10 अंक चढ़कर 23,742.90 पर बंद हुआ। बाजार में तेजी से बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों की संयुक्त पूंजी 2.48 लाख करोड़ बढ़कर 444.43 लाख करोड़ रुपये पहुंच गई। सेंसेक्स की 30 में 22 कंपनियों के शेयर बढ़त में रहे। मारुति सर्वाधिक 3.26% लाभ में रहा। आठ कंपनियों के शेयरों में टाटा स्टील सबसे ज्यादा 0.98% नुकसान में बंद हुआ। विदेशी संस्थागत निवेशकों ने बुधवार को शुद्ध रूप से 1,782.71 करोड़ के शेयर बेचे। घरेलू निवेशकों ने 1,690.37 करोड़ की शुद्ध खरीदारी की। ब्यूरो



**2024 में निवेशकों को मिला 8.80 फीसदी तक रिटर्न :** बीते साल यानी 2024 में बाजार ने निवेशकों को 8.80 फीसदी तक रिटर्न दिया। इस दौरान सेंसेक्स 5,898.75 अंक या 8.16 फीसदी चढ़ा। निफ्टी में 1,913.4 अंक या 8.80 फीसदी तेजी रही।

### यूपीआई में गूगलपे फोनपे को दो साल में घटाना होगा हिस्सा

**नई दिल्ली।** नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) ने थर्ड पार्टी एप फोनपे और गूगल पे के लिए यूपीआई में बाजार हिस्सेदारी घटाने की समयसीमा दो साल बढ़ा दी है। यह दूसरा मौका है, जब समय बढ़ाया गया है। नई कंपनियों के आने के बाद भी इन दोनों एप ने बाजार हिस्सेदारी क्रमशः 48 व 37 फीसदी बढ़ाई है।

एनपीसीआई ने नवंबर, 2020 में कहा था कि 31 दिसंबर, 2024 तक किसी भी थर्ड पार्टी एप का बाजार हिस्सा कुल यूपीआई लेनदेन वॉल्यूम का 30 फीसदी से अधिक नहीं होना चाहिए। एजेंसी

### आवासीय क्षेत्र की वृद्धि इस साल 10 फीसदी से कम रहेगी

**नई दिल्ली।** साल 2024 में 21 फीसदी दर से बढ़ने वाले हाउसिंग क्षेत्र की वृद्धि इस साल घटकर 10 फीसदी से कम रह सकती है।

उद्योग विशेषज्ञों के अनुसार, डेवलपर्स को मांग के अनुरूप नई आपूर्ति को बढ़ावा देने की उम्मीद है। डेवलपर्स को उम्मीद है कि आरबीआई रेपो रेट में कटौती करेगा, जिससे बैंक होम लोन पर ब्याज दरें कम कर सकेंगे। डेवलपर्स का कहना है, बजट में सस्ते आवास के लिए आपूर्ति व मांग को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहन की भी घोषणा हो सकती है। एजेंसी

## न्यूज डायरी

### हीरो मोटोकॉर्प को 26 करोड़ रुपये का नोटिस

**नई दिल्ली।** हीरो मोटोकॉर्प को आयकर विभाग से आकलन वर्ष 2020-21 के मामले में 26.4 करोड़ का नोटिस मिला है। कंपनी ने कहा, नई दिल्ली विभाग से यह नोटिस मिला है। इससे पहले 96.5 करोड़ का नोटिस मिला है। कंपनी इसके खिलाफ अपील दायर करेगी। एजेंसी

### सोना 440 रुपये महंगा चांदी 800 रुपये चमकी

**नई दिल्ली।** ताजा खरीदारी से सोना नए साल के पहले दिन बुधवार को दिल्ली सराफा बाजार में 440 रुपये महंगा होकर 79,390 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। चांदी भी 800 रुपये महंगी होकर 90,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई। नए साल के मौके पर विदेशी बाजार बंद रहे। एजेंसी

### 13,000 करोड़ के पार पहुंचेगा तंबाकू निर्यात

**नई दिल्ली।** देश से तंबाकू निर्यात इस साल सालाना आधार पर 8 फीसदी बढ़कर 13,000 करोड़ रुपये के पार पहुंच सकता है। वाणिज्य विभाग के अतिरिक्त सचिव राजेश अग्रवाल ने कहा, 2023-24 के दौरान कुल 12,006 करोड़ रुपये का तंबाकू निर्यात किया गया था। एजेंसी

# वाहन बिक्री : 2024 में बिकीं अब तक की सर्वाधिक 43 लाख गाड़ियां

स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल (एसयूवी) की निरंतर मांग और ग्रामीण बाजारों में कारों की बिक्री बढ़ने से साल 2024 में रिकॉर्ड 43 लाख वाहन बिके। इसके साथ ही, वाहन उद्योग ने 2023 में बिके 41.1 लाख गाड़ियों की बिक्री के अपने पिछले सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन को पीछे छोड़ दिया। बीते साल मारुति सुजुकी, ह्यूंडई, टाटा मोटर्स, टोयोटा किर्लोस्कर और किआ जैसी प्रमुख कंपनियों ने अपनी अब तक की सबसे ऊंची सालाना बिक्री दर्ज की। मारुति सुजुकी इंडिया लि. के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी पार्थो बनर्जी ने कहा, कैलेंडर वर्ष 2023 की तुलना में 2024 के दौरान गाड़ियों की थोक बिक्री 4.5 से 4.7 फीसदी बढ़ी है।



### मारुति ने छह साल बाद तोड़ा रिकॉर्ड

मारुति ने 2024 में 17,90,977 गाड़ियां बेचने के साथ अब तक की सर्वाधिक सालाना थोक बिक्री का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। कंपनी ने इससे पहले 2018 में रिकॉर्ड 17,51,919 वाहन बेचे थे। **ह्यूंडई मोटर** ने भी 2024 में रिकॉर्ड 6,05,433 वाहन बेचे। **टाटा मोटर्स** के लिए भी यह लगातार चौथा सबसे बेहतर साल रहा। कंपनी ने 5.65 लाख गाड़ियां बेचीं।

**लग्जरी वाहनों की बिक्री में गिरावट**

**लग्जरी सेगमेंट में जर्मन कंपनी ऑडी की कारों की खुदरा बिक्री 2024 में पूरे साल के दौरान एक साल पहले की तुलना में 26.6 फीसदी घटकर 5,816 इकाई रह गई। कंपनी ने 2023 में कुल 7,931 वाहन बेचे थे।**

### दोपहिया-वाणिज्यिक वाहनों में भी उछाल

दिसंबर, 2024 में दोपहिया और वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री में भी तेजी दर्ज की गई। **सुजुकी मोटरसाइकिल** के दोपहिया वाहनों की बिक्री 22 फीसदी बढ़कर 96,804 इकाई पहुंच गई। **बजाज ऑटो** ने दोपहिया व वाणिज्यिक समेत 3,23,125 वाहन बेचे। **वीई कमर्शियल व्हीकल लि.** ने 8,324 वाणिज्यिक वाहन बेचे। दिसंबर, 2023 में यह आंकड़ा 8,026 था।

# चालू वित्त वर्ष में तेज गति से बढ़ेगी अर्थव्यवस्था, जल्द घटेगी ब्याज दर

**नई दिल्ली।** चालू वित्त वर्ष की अक्तूबर-दिसंबर तिमाही में अर्थव्यवस्था में सुधार के संकेत हैं। मजबूत त्योहारी गतिविधियों व ग्रामीण मांग का असर दिख रहा है। 2025 में अर्थव्यवस्था को तेज रफ्तार देने के लिए घरेलू महंगाई पर काबू पाने के साथ वैश्विक स्तर की विपरीत स्थितियों से निपटने की चुनौती भी है। आरबीआई अर्थशास्त्रियों ने कहा, ऐसे में निजी क्षेत्र को निवेश बढ़ाने के लिए प्रेरित करना होगा।

आरबीआई के अर्थशास्त्रियों ने बुधवार को रिपोर्ट में कहा, भारत की संभावनाएं उज्ज्वल हैं, क्योंकि व्यापक आर्थिक बुनियादी सिद्धांत मजबूत हैं। 2024-25 के लिए वास्तविक जीडीपी वृद्धि 6.6 प्रतिशत और 2025-26 की पहली तिमाही के लिए 6.9 फीसदी रहने का अनुमान है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के अनुसार, अगले वित्त वर्ष में जून तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) विकास दर 7.3 फीसदी रह सकती है। एजेंसी

**निजी क्षेत्र को निवेश के लिए प्रेरित करना जरूरी : आरबीआई**

## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | आरंभिक तिथि अंतिम तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (अनुमानित) रु. में | बोर्ड/निगम प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/ संपर्क जानकारी/ ईमेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हरियाणा पर्यटन निगम लिमिटेड | 38वें सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेला 2025 के दौरान प्रबंधन/कार्यान्वयन हेतु इवेंट मैनेजमेंट एजेंसी के चयन हेतु पुनः निविदा। | 01.01.2025 07.01.2025 | ईएमडी 10 लाख | haryanatourism.gov.in | 9417441127 haryanatourism@gmail.com |
| 2 | हरियाणा पर्यटन निगम लिमिटेड | 38वें सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेला 2025 के दौरान गेट नंबर 2 के पास वाणिज्यिक स्टॉल लगाने के लिए जगह के लाइसेंस के लिए पुनः निविदा। | 01.01.2025 07.01.2025 | ईएमडी 0.50 लाख | haryanatourism.gov.in | 9417441127 haryanatourism@gmail.com |
| 3 | हरियाणा पर्यटन निगम लिमिटेड | 38वें सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेला 2025 के दौरान गेट नंबर 1 के पास वाणिज्यिक स्टॉल लगाने के लिए जगह के लाइसेंस के लिए पुनः निविदा। | 01.01.2025 07.01.2025 | ईएमडी 2 लाख | haryanatourism.gov.in | 9417441127 haryanatourism@gmail.com |

अग्रिम जानकारी हेतु कृपया वेबसाईट www.haryanaeprocurement.gov.in या www.etenders.hry.nic.in पर जाएं।
SAMVAD:-13/2025/60/31423/I/1/7 Dt. 01/01/2025

## बिहार सरकार
## योजना एवं विकास विभाग
## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, कार्य प्रमंडल, सुपौल

**अल्पकालिन पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 07SBD/2024–25**

(केवल ई–टेन्डर पद्धति के अनुसार वेबसाईट **www.eproc2.bihar.gov.in** पर)

बिहार के राज्यपाल महोदय की ओर से बिहार राज्य के किसी भी कार्य विभाग/निगम/अन्य राज्य सरकार/केन्द्र सरकार /सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम या राष्ट्रीय या अंतरराष्ट्रीय ख्याति के किसी भी एजेंसी में समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदकों से प्रतिशत दर निविदा दो बीड प्रणाली (तकनीकी एवं वित्तीय) अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते हैं। यदि संवेदक बिहार राज्य के किसी कार्य विभाग/निगम में पूर्व से निबंधित नहीं है, तब एकरारनामा के पूर्व निम्नलिखित कार्य का स्वीकार पत्र (लेटर ऑफ एक्सेपटेंस) प्राप्त होने के बाद बिहार राज्य के किसी भी कार्य विभाग/निगम (जिसमें निबंधन की प्रक्रिया लागू हो) में निबंधन कराना अनिवार्य होगा।

1.कार्यों की विवरणी : –

| ग्रुप संख्या | कार्य का नाम | परिमाण विपत्र की राशि (लाख रू0 में) | अग्रधन की राशि (ऑन लाईन मोड या ऑफ लाईन मोड में केवल B.G. के रूप में) (लाख रू0 में) | परिमाण–विपत्र का मूल्य (अप्रत्यर्पणीय केवल ऑनलाइन मोड में भुगतान) (रूपये में) | बीड प्रोसेसिंग शुल्क (अप्रत्यर्पणीय केवल ऑनलाइन मोड में भुगतान) (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (माह में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 | 07 |
| 01 | सुपौल जिला अन्तर्गत सुपौल प्रखंड के वीणा पंचायत में पंचायत सरकार भवन का निर्माण कार्य। | 311.448 | 6.229 | 10000.00 | e-proc2 के वेब पेज के अनुसार | 14 माह |

2. विज्ञापन निर्गत करने की तिथि : दिनांक – **27.12.2024**
3. निविदा कागजात अपलोड करने की प्रारम्भिक की तिथि एवं समय : दिनांक 17.01.2025 को 10.00 बजे पूर्वाहन से। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर )
4. प्री–बीड मीटिंग का समय, स्थान एवं तिथि : दिनांक 20.01.2025 समय 03:30 बजे, मुख्य अभियंता का कार्यालय, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, विश्वेश्वरैया भवन, चतुर्थ तल, कमरा नं0–423, बेली रोड, पटना–800015
5. निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय : दिनांक 21.01.2025 समय 3.00 बजे अपराह्न तक। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
6. तकनीकी बीड खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 21.01.2025 समय 3.30 बजे अपराह्न से। (कंडिका 5 में उल्लेखित अंतिम तिथि से दो कार्य दिवस के पश्चात् की तिथि)। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
7. वित्तीय बीड खोलने की तिथि एवं समय : सक्षम पदाधिकारी द्वारा बाद में घोषित की जायेगी। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर )
8. निविदा खोलने का स्थान : www.eproc2.bihar.gov.in पर
9. निविदा की वैधता अवधि : 120 दिन( निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि के बाद )
10. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन प्रमण्डल, कार्य प्रमंडल, सुपौल

विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखी जा सकती है।

ई0 रामवरण पासवान
कार्यपालक अभियंता
स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन,
कार्य प्रमंडल, सुपौल

PR- 15973 ( Planning ) 2024-25

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

## पूर्वोत्तर रेलवे

राष्ट्रपति भारत सरकार की ओर से उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/कार्य, वास्ते मुख्य कारखाना प्रबन्धक यांत्रिक कारखाना गोरखपुर द्वारा नीचे लिखे कार्य के लिये आनलाईन (ई–टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

**क्रम सं0 1**:– ई–निविदा सूचना सं0 एवं निविदा कार्य का विवरण: टेण्डर नं0–"31–जीकेपी–एमडब्ल्यूएस–2024–25" "सप्लाई एण्ड फिटमेंट ऑफ 4416 नम्बर्स वेंचुरी सिस्टम (टॉयलेट वेन्टीलेशन सिस्टम) इन 1104 नम्बर्स आइसीएफ कोचेस एट मैकेनिकल वर्कशाप, गोरखपुर फॉर 12 मन्थ्स" अनुमानित लागत (रू0में): ₹ 2278656.00, धरोहर राशि(रू0में): ₹ 45600.00, निविदा प्रपत्र का मूल्यः–रू शून्य, निविदा समापन की तिथि एवं अवधि: 11.00 बजे, 22.01.2025, संविदा की अवधि: 12 माह। उपरोक्त ई–निविदा का पूर्ण विवरण एवं निविदा में भाग लेने हेतु भारतीय रेल की वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर देखे।

उप मुख्य यात्रिक इंजी./कार्य, यांत्रिक मुजाधि/यांत्रिक–100 कारखाना, गोरखपुर

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

ख़बरें पढ़िए मोबाइल पर
amarujala.com

## उत्तर रेलवे

**TENDER NOTICE**

**ई–निविदा (ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

| एन आई टी | 113-2024-25-डब्ल्यू–4 | |
|---|---|---|
| 1. | काम का नाम (स्थान के साथ) | ADEN/JHI के तहत SSE/Pway/JHI के अनुभाग में NRW यार्ड में 2 WCMS (12 में 1) के साथ 01 डायमंड क्रॉसिंग (2 तीव्र और 2 अधिक) का नवीनीकरण। विशेष लेआउट–88 संख्या) कार्य की समान प्रकृति। 1. जोनल रेलवे/मेट्रो रेलवे/रेलवे पीएसयू को सभी फिटिंग सहित सीएमएस, गैर–मानक वेल्डेबल डायमंड एक्सिंग का डिजाइन, विनिर्माण और आपूर्ति। और 2. जोनल रेलवे/मेट्रो रेलवे/रेलवे पीएसयू को वेल्डेबल सीएमएस एक्सिंग्स का विनिर्माण और आपूर्ति। नोट: (i) उपरोक्त एसएन–1 का कम से कम एक कार्य पूरा होना अनिवार्य है। (ii) पूर्ण किए गए समान कार्यों के वित्तीय मूल्य की आवश्यकता उपरोक्त एसएन–1 या 2 द्वारा पूरी की जा सकती है। |
| 2. | काम की अनुमानित लागत (रूपये) | Rs. 19325649.56 |
| 3. | अग्रिम राशि (रूपये) | (यह नेट बैंकिंग के रूप में होना चाहिए या केवल भुगतान गेटवे द्वारा।) नोट:– रेलवे बोर्डों के पत्र संख्या 2015/सीई–आई/सीटी/5/1 दिनांक 31.08.2016 के अनुसार जो टेंडर आईआर ई पी एस पर आमंत्रित किया गया है उसमें एफडीआर को निविदा के लिए, ईएमडी के रूप में, स्वीकार नहीं किया जाएगा.।) रूपये 246600.00 |
| 4. | काम की समाप्ति अवधि | 06 महीने |
| 5. | निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने के लिए दिनांक और समय | 24.01.2025 को 15.00 बजे तक तथा 24.01.2025 को 15.00 बजे निविदा खुलना है। |
| 6. | वेबसाइट के विवरण का नोटिस बोर्ड स्थान निविदा का पूरा | यह निविदा आई.आर.ई.पी.एस. वेबसाइट अर्थात www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। |

No. 128-W/280/OET/2024-25/W-IV/NIT-113 Date 31.12.2024 4000/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर रेलवे

**ई–निविदा सूचना**

निविदा संख्या 46245351 के लिए भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए कार्यरत वरिष्ठ सामग्री प्रबंधक द्वारा ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। विवरण इस प्रकार है:–

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | Micro Controller Based electronic speed Indicating Recording System for tower wagon as per RDSO specification: MP 0.3700-07 Rev.07 Aug -2017 |
| 2 | कार्य की अनुमानित लागत | 63,72,000/- |
| 3 | मात्रा | 30 set |
| 4 | निविदा की बोली प्रस्तुत (जमा) करने की तिथि और समय | 28.01.2025 (11:00 Hrs.) |
| 5 | निविदा दस्तावेजों को खोलने की तिथि और समय | 28.01.2025 (11:00 Hrs.) |
| 6 | वेबसाइट का विवरण, जहाँ निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | www.ireps.gov.in |

टिप्पणी: (i) ई–निविदा प्रणाली में शामिल होने के लिए निविदादाता को भारतीय रेल ई–प्रापण प्रणाली (IREPS) साइट अर्थात www.ireps.gov.in पर पंजीकृत होना चाहिए। (ii) सभी नियमो और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। (iii) कोई भी मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं हैं। एनआईटी सं.: 46245351 दिनांक: 28.12.2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 08/25

## महर्षि देवरहा बाबा स्वशासी राज्य चिकित्सालय महाविद्यालय, देवरिया (उ0प्र0)

MAHARSHI DEVRAHA BABA AUTONOMOUS STATE MEDICAL COLLEGE, DORIA-274001
Website :- mdbmc.ac.in Tel. No.- 05568297433 Email-mdbmc2021@gmail.com

पत्रांक : म.दे.बा.स्व.रा.चि.म.दे./विज्ञापन/2024-25 /1894 दिनांक : 01/01/2025

**जेम बिड सूचना**

महर्षि देवरहा बाबा स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, देवरिया में Manpower Outsourcing Services हेतु शासन द्वारा अनुमोदित विशिष्टताओं के आधार पर जेम पोर्टल पर बिड के माध्यम से निविदायें (तकनीकी/वित्तीय बिड अलग-अलग) बिड आमंत्रित करते हुए किया जाना है।

उक्त बिड में अधिक से अधिक संख्या में आपूर्तिकर्ता प्रतिष्ठान प्रतिभाग कर सकें इस हेतु जेम निविदा सूचना प्रकाशित किये जाने का प्रस्ताव निम्नवत प्रस्तुत है:-

| क्र.स. | विवरण | धरोहर राशि |
|---|---|---|
| 1. | Manpower Outsourcing Services हेतु बिड सं- GEM/2024/B/5740219 dated-01-01-2025 | 1902392 |

नोट : 01-उक्त के लिए (Two bids) टू बिड्स सिस्टम के अंतर्गत बिड दिनांक 22.01.2025 को सायं 16:00 बजे तक बिड प्रपत्र जेम पोर्टल www.gem.gov.in पर अपलोड किये जा सकते है।
02-बिड प्रपत्र में अंकित विवरण निविदा सूचना का अंश माना जायेगा और बिना किसी कारण बताये बिड निरस्त/संशोधन करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

प्रधानाचार्य,
महर्षि देवरहा बाबा स्वशासी राज्य
चिकित्सा महाविद्यालय, देवरिया

पढ़ें, आज की खास खबरें
एक अलग नजरिये से
amarujala.com

## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | आरंभिक तिथि अंतिम तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (अनुमानित) रु. में | बोर्ड/निगम प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/ संपर्क जानकारी/ ईमेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हरियाणा पर्यटन निगम लिमिटेड | 38वें सूरजकुण्ड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेला 2025 हेतु सोशियल मीडिया प्लेटफार्म प्रबंधन हेतु एवं आईवीआर सिस्टम एवं फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी संस्थापन हेतु एजेंसी की हायरिंग। | 02.01.2025 08.01.2025 | ईएमडी 0.25 लाख | haryanatourism.gov.in | 9417441127 haryanatourism@gmail.com |
| 2 | हरियाणा पर्यटन निगम लिमिटेड | 38वें सूरजकुण्ड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेला 2025 हेतु कलाकारों के लाइव परफॉर्मेंस हेतु महास्टेज हेतु स्पेस की लीजिंग हेतु निविदा | 02.01.2025 08.01.2025 | ईएमडी 5 लाख | haryanatourism.gov.in | 9417441127 haryanatourism@gmail.com |

अग्रिम जानकारी हेतु कृपया वेबसाईट www.etenders.hry.nic.in पर जाएं।
SAMVAD:-13/2025/40/31445/I/1/7 Dt. 01/01/2025

## दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

ई–निविदा सूचना क्रमांकः एन.आई.टी/11/24/28 दिनांकः 16.12.2024

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक/दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर संभाग निम्नलिखित सामग्रियों हेतु ई–निविदा आमंत्रित करता है।

| क्र.सं. | निविदा संख्या | निविदा खुलने की तिथि | निविदा खुलने का समय | निविदा पत्र लागत(रु.) | अर्नेस्ट मनी डिपोजिट(रु.) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 11245853 | 27.01.2025 | 10:30 | 00 | 275660.00 |

विवरण–तीन चरण वाले इलेक्ट्रिक इंजनों के कैब में एयर कंडीशनिंग का रेट्रो फिटमेंट। विस्तृत विशिष्टता इसके साथ संलग्न अनुबंध "ए" में उल्लिखित हैं। निविदाकर्ता कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएं। नोटः विवरण से संबन्धित विवादास्पद मामले में मूल अंग्रेजी पाठ प्रमाणिक मानी जाएगी।

वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक
सीपीआर/10/PR/397 द.पु.म. रेलवे बिलासपुर

South East Central Railway @secrail

## मुख्य चिकित्सा अधिकारी, बुलन्दशहर

पत्रांकः सी0एम0ओ0/18-108 एम्बुलेंस नीलामी/2024-25/5915 दिनांकः 01.01.2025

**नीलामी सूचना**

कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, बुलन्दशहर की 18-108 एम्बुलेंस निष्प्रयोज्य घोषित वाहनों की नीलामी "जहाँ है जैसा है" के आधार पर दिनांक 15.01.2025 को कार्यालय पर आयोजित की जा रही है। इच्छुक बोली दाताओं को नीलामी में भाग लेने हेतु धनराशि रू0 1,00,000/- (एक लाख मात्र) की डी॰डी॰ जोकि मुख्य चिकित्सा अधिकारी, बुलन्दशहर के नाम से हो, दिनांक 13.01.2025 तक किसी भी कार्यदिवस में प्रातः 10.00 से 5.00 बजे तक जमा कराने होगे। इच्छुक बोलीदाता दो नवीनतम पासपोर्ट साईज फोटो, व्यक्ति/फर्म की जी॰एस॰टी॰ रजिस्ट्रेशन की छायाप्रति एवं आधार कार्ड की छायाप्रति साथ लायें। नीलामी की शर्तो का अवलोकन मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा सूचना से किया जा सकता है एवं वाहनों का अवलोकन किसी भी कार्य दिवस में स्थल पर जाकर किया जा सकता है। 18 एम्बुलेंस वाहनों का निर्धारित न्यूनतम मूल्यं रू0 25,01,268 /- (पच्चीस लाख एक हजार दो सौ अड़सठ रु॰ मात्र) है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी
बुलन्दशहर

## HIMACHAL PRADESH PUBLIC WORKS DEPARTMENT INVITATION FOR BIDS (IFB)

The Executive Engineer, B&R Division, HPPWD Nahan, District Sirmaur, H.P. on behalf of Governor of Himachal Pradesh invites the item/percentage rates bids, in electronic tendering system from the eligible class of Contractors registered with HPPWD for the works detailed in the table.

**Sr. No. :** 1 **Name of Work :** Construction of 35.00 mtr span PSC Box girder bridge on Dobghat Khad on Lahi to Jangla Bhood Dhaulsari Chassi road at RD 7/210 in District Sirmour (HP) (Sh:- 35.00 span PSC Box girder bridge including both side approaches) Under SCSP **Estimated Cost (Rs.) :** 1,97,67,934/- only **Earnest Money (Rs.) :** 3,96,000/- only
**Starting Date for Downloading Bid :** - 04.01.2025
**Deadline for Submission of Bid :** - 14.01.2025 up to 10:00 AM

**Executive Engineer**
**HPPWD (B&R) Division Nahan**
**Tel/Fax: 01702-222260, E-mail: ee-nah-hp@nic.in**
**On behalf of Governor of Himachal Pradesh**

Ro-4259/24-25

## GOVERNMENT OF JAMMU AND KASHMIR OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER JAL SHAKTI (PHE) DIVISION AWANTIPORA

Phone/Fax 01933-247152 E-Mail: phedivisionawantipora@gmail.com

**Corrigendum 3**

Refer this office eNIT No: 34/PHA of 2024-25 Dated: 26-12-2024 endorsed vide this office No: AWP/PHE/3685-97dated: 26-12-2024 regarding the work "Providing of Tanker service to various habitations of Sub Division **Awantipora and Pampore** of PHE Division Awantipora. (Under Tanker Service)", wherein tanker capacity of 5000 liters may be treated as Tanker with 4000 liters capacity or Tractor Trolly with 3000 liters capacity in addition to the following clarifications:

| S.No | Published as | Kindly read as |
|---|---|---|
| | Transporters/ Tanker Owner with a tanker capacity of 5000 litres. | Transporter/Owner/any other D class contractor or Agency having its own Tanker of 4000 liters or Tractor Trolly with 3000 Liters Capacity. |
| 02 | Rates are to be quoted per day basis excluding PoL/HSD charges | Rates are to be quoted per trip basis including Diver, PoL, and other chargers. |
| 05 | The fuel required for running of the vehicle shall be provided by the department as per consumption maintained on log book. | The fuel required for running of the vehicle shall not be provided by the department. Log book has to be maintained by Engineer-in-Incharge for KM consumptions per trip on daily basis. |
| 09 | The tanker has to remain stationed at Head quarter Awantipora round the clock. | The tanker has to remain stationed at Headquarter of respective Sub Divisions. |

Sd/-
Executive Engineer,
Jal Shakti (PHE) Division Awantipora.

DIP/K-10239/24
Dtd : 01-01-2025

## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | आरंभिक तिथि अंतिम तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (अनुमानित) रु. में | बोर्ड/निगम प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/ संपर्क जानकारी/ ईमेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक | एमडीयू रोहतक में क्रिकेट पवेलियन के पास मलवा को स्थानांतरित करने सहित मौजूदा | 30.12.2024 20.01.2025 | 30.41 लाख | https://mdurohtak. https://works.haryana.gov.in & etenders.hry.nic.in | 9991366698 xen.civil@mdurohtak.ac.in |
| 2 | महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक | तालाब के चारों ओर पैदल मार्ग का विकास छात्र गतिविधि केंद्र, महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक में लाइसेंस के आधार पर फोटोस्टेट की दुकान चलाना | 27.12.2024 20.01.2025 | 12 लाख | https://mdurohtak. https://works.haryana.gov.in & etenders.hry.nic.in | 9812611388 ar.general@mdurohtak.ac.in |
| 3 | महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक | एमडीयू रोहतक में फोरेंसिक विज्ञान विभाग के लिए फर्नीचर की आपूर्ति | 30.12.2024 15.01.2025 | 09.20 लाख | https://mdurohtak. https://works.haryana.gov.in & etenders.hry.nic.in | 9991366698 xen.civil@mdurohtak.ac.in |
| 4 | महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक | एमडीयू, रोहतक एवं सीपीएस -गुरुग्राम (एमडीयू परिसर) में विभिन्न स्थलों पर संस्थापित वीआरएफ/एएचयू/डक्टेबल पैकेज्ड एयर कंडीशनिंग युनिट्स (ब्लू स्टार मेक) हेतु गर्मियों के मौसम अर्थात अप्रैल 2025 से अक्तूबर 2025 हेतु व्यापक रखरखाव अनुबंध। | 30.12.2024 20.01.2025 | 13.45 लाख | https://mdurohtak. https://works.haryana.gov.in & etenders.hry.nic.in | 9991366698 xen.civil@mdurohtak.ac.in |
| 5 | महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक | अभिलाषा महिला छात्रावास परिसर, महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक में लाइसेंस के आधार पर कैफेटेरिया चलाना | 27.12.2024 20.01.2025 | 28 लाख | https://mdurohtak. https://works.haryana.gov.in & etenders.hry.nic.in | 9812611388 ar.general@mdurohtak.ac.in |

अग्रिम जानकारी हेतु कृपया वेबसाईट www.haryanaeprocurement.gov.in या www.etenders.hry.nic.in पर जाएं।
SAMVAD:- 13/2025/100/31427/I/1/7 Dt. 01/01/2025

## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र.सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | आरंभिक तिथि अंतिम तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाईट | नोडल अधिकारी/संपर्क जानकारी/ईमेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पंचायती राज नारनौल | नारनौल में पंचायत भवन में सीमेंट स्टोर और लैब का निर्माण पूरा करना । | 30.12.2024 07.01.2025 | 91.73 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 9017179090 prexeeng.nrl@gmail.com |
| 2 | पंचायती राज फ़रीदाबाद | गांव लढौली ब्लॉक बल्लभगढ़ जिला फरीदाबाद बीएजीवाई में वाटर सप्लाई के पास हॉल का निर्माण पूरा होना +5 कार्य | 30.12.2024 06.01.2025 | 56.23 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 0129-4313645 prexeeng.fbd@hry.nic.in |
| 3 | पंचायती राज फ़रीदाबाद | गांव सरूरपुर ब्लॉक फरीदाबाद जिला फरीदाबाद एचआरडीएफ केके में सीमा (कुरेशीपुर) के मकान से स्कूल बी/वॉल तक आईपीबी के साथ रास्ता का फुटपाथ | 31.12.2024 07.01.2025 | 23.20 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 0129-4313645 prexeeng.fbd@hry.nic.in |
| 4 | पीडब्ल्यूडी बी एंड आर गुरुग्राम | मकान नंबर 32-बी, ऑफिसर कॉलोनी नंबर 4, झारसा रोड, गुरुग्राम का नवीनीकरण | CLOSING DATE 06.01.2025 | 4.62 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 01242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 5 | पीडब्ल्यूडी बी एंड आर गुरुग्राम | गुरुग्राम जिले में निमोट घनघोला रोड से जुलका बिलाका रोड को सुदृढ़ीकरण प्रदान करना। (रोड आईडी 3098) (कार्य कार्यक्रम 2023-2024) | CLOSING DATE 06.01.2025 | 38.12 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 01242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 6 | पीडब्ल्यूडी बी एंड आर गुरुग्राम | हिपा कॉम्प्लेक्स, सेक्टर-18, गुरुग्राम में टेनिस कोर्ट और बैडमिंटन कोर्ट के लिए एमएस फ्रेम के साथ चेन लिंक फेंसिंग प्रदान करना और लगाना। | CLOSING DATE 06.01.2025 | 13.46 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 01242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 7 | पीडब्ल्यूडी बी एंड आर गुरुग्राम | हिपा कॉम्प्लेक्स, सेक्टर 18 गुरुग्राम में टेनिस कोर्ट और बैडमिंटन कोर्ट के लिए ऐक्रेलिक कोटिंग प्रदान करना और बिछाना और सभी स्थापना। | CLOSING DATE 06.01.2025 | 7.66 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 01242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 8 | पीडब्ल्यूडी बी एंड आर गुरुग्राम | गुरुग्राम में सेक्टर-4 में ताऊ देवीलाल वृद्धाश्रम का नवीनीकरण। | CLOSING DATE 06.01.2025 | 20.67 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 01242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 9 | पीडब्ल्यूडी बी एंड आर गुरुग्राम | गुरुग्राम में मुख्य आईटीआई भवन का नवीनीकरण (छत का प्रतिस्थापन) | CLOSING DATE 06.01.2025 | 9.77 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 01242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 10 | पीडब्ल्यूडी बी एंड आर गुरुग्राम | गुरुग्राम में वाणी एवं श्रवण बाधित व्यक्तियों के लिए कल्याण केंद्र में छात्रावास एवं स्टाफ क्वार्टरों की मरम्मत | CLOSING DATE 06.01.2025 | 16.05 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 01242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 11 | पीडब्ल्यूडी बी एंड आर गुरुग्राम | वर्ष 2024-25 के लिए गुरुग्राम में सरकारी आईटीआई में एससी/एसटी ब्लॉक की वार्षिक मरम्मत। | CLOSING DATE 06.01.2025 | 4.75 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 01242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 12 | पीडब्ल्यूडी बी एंड आर गुरुग्राम | वर्ष 2024-25 के लिए गुरुग्राम के सेक्टर-14 स्थित सरकारी महिला महाविद्यालय में 8 अदद कक्षा कक्षों की वार्षिक मरम्मत | CLOSING DATE 06.01.2025 | 7.73 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 01242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 13 | पीडब्ल्यूडी बी एंड आर गुरुग्राम | वर्ष 2024-25 के लिए गुरुग्राम में मिनी सचिवालय की वार्षिक मरम्मत | CLOSING DATE 06.01.2025 | 12.39 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 01242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 14 | पंचायती राज सिरसा | खाजा खेड़ा-गांव खाजा खेड़ा, ब्लॉक रानिया, जिला सिरसा में बीसी धर्मशाला में चारदीवारी का निर्माण (डी-प्लान जनरल) | 24.12.2024 03.01.2025 | 5.03 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 01666247479 prexeeng.srs@hry.nic.in |
| 15 | पंचायती राज सिरसा | किरारकोट, :गांव किरारकोट, ब्लॉक बड़ागुढ़ा, जिला सिरसा में अशोक कुमार के घर से परमजीत कौर के घर तक आरसीसी पाइपलाइन बिछाने का कार्य (सामान्य डी-प्लान) + 6 कार्य | 30.12.2024 07.01.2025 | 26.75 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 01666247479 prexeeng.srs@hry.nic.in |
| 16 | पंचायती राज सिरसा | तलवाड़ा खुर्द: गांव तलवाड़ा खुर्द, ब्लॉक ऐलनाबाद, जिला सिरसा (डी-प्लान एससी) में सतीश गुइवानी के घर से योगेन्द्र राव के घर तक आईपीबी स्ट्रीट का निर्माण+ 4 कार्य | 30.12.2024 07.01.2025 | 47.23 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 01666247479 prexeeng.srs@hry.nic.in |
| 17 | पंचायती राज मोरनी पंचकुला | डी प्लान योजना के तहत गांव दर्डा जीपी भोज दर्डा ब्लॉक मोरनी में धर्मशाला आरसीसी शेड / हॉल का निर्माण | 30.12.2024 06.01.2025 | 5.84 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 9416055244 dharambirsai@gmail.com |
| 18 | पंचायती राजलखन माजरा रोहतक | गांव सासरोली में डी प्लान के तहत स्टेडियम की बाउंड्री वॉल का निर्माण+4 कार्य | 31.12.2024 07.01.2025 | 45.35 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 9416521482 sdoprlakhanmajra@gmail.com |
| 19 | पंचायती राज झज्जर | पीएचसी, भंभेवा, ब्लॉक बेरी की विशेष मरम्मत का अनुमान+ 2 कार्यों | 30.12.2024 07.01.2025 | 40.37 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 9416721433 prexeeng.jjr@hry.nic.in |
| 20 | पीडब्ल्यूडी बी एंड आर फतेहाबाद | फतेहाबाद जिले में सेक्टर-3, फतेहाबाद में उत्पाद शुल्क एवं कराधान विभाग हेतु जिला मुख्यालय कार्यालय भवन का निर्माण | 30.12.2024 21.01.2025 | 1543.01 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 01667-220120 pwd-eepd-fatehabad@hry.nic.in |
| 21 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान हरियाणा | कंप्यूटर एवं हिंदी भाषा सॉफ्टवेयर | 01.01.2025 30.01.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570123 suppllies@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया वेबसाईट www.etenders.hry.nic.in पर जाएं।
PRDH:-11/2025/420/31441/I/1/7 Dt. 01/01/2025

## भारत सरकार Government of India
## भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र Bhabha Atomic Research Centre
## मानव संसाधन विकास प्रभाग Human Resource Development Division

एचबीएनआई एकमानद विश्वविद्यालय के तत्वावधान में जुलाई–2025 से आरंभ होने वाले भापअ केंद्र के डीडीएफएस कार्यक्रम में प्रवेश के लिए इंजीनियरिंग स्नातकोत्तरों से पीएचडी करने के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

Invites applications from Engineering Postgraduates for admission toDDFSprogramme of BARC for pursuing PhD, commencing from July-2025 under the aegis of HBNI, a Deemed to be University.

**चयन एक द्वि–चरणीय प्रक्रिया है**: 1.ऑनलाइन कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी) और स्नातकोत्तर शैक्षणिक रिकॉर्ड के माध्यम से चयन साक्षात्कार के लिए स्क्रीनिंग और 2. चयन साक्षात्कार में प्रदर्शन। **अंतिम चयन केवल चयन साक्षात्कार में योग्यता के आधार पर किया जाएगा ।** मैकेनिकल, केमिकल, मेटलर्जिकल/मैटेरियल्स, इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स, कंप्यूटर, इंस्ट्रूमेंटेशन और सिविल इंजीनियरिंग में एम.ई/एम.टेक/समकक्षडिग्री वाले अभ्यर्थियों से केवल ऑनलाइन आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। एमसीए/आईटी डिग्री वाले अभ्यर्थी पात्र नहीं हैं।चयनित छात्रों को एचबीएनआई के चार संघटक संस्थानों (सीआई) में से एक में प्रवेश दिया जाएगाः भापअ केंद्र मुंबई, आईजीकार कल्पाक्कम, आईपीआर गांधीनगर एवं वीईसीसी कोलकाता।चयनित छात्रों को **80,000/- रुपये प्रति माह की अध्येतावृत्ति और 60,000/- रुपये का वार्षिक आकस्मिक अनुदान दिया जाएगा। डीडीएफएस अभ्यर्थियों (केवल शोध छात्रों) के लिए सीएचएसएस के तहत चिकित्सा लाभ भी उपलब्ध हैं। पीएचडी कार्यक्रम के दौरान छात्रावास में रहना अनिवार्य है।**

**Selection is a two-step process: 1.** Screening in to Selection Interview through online Computer Based Test (CBT) & post-graduation academic record and **2.** Performance in Selection Interview. **Final Selection will be based on Selection Interview merit only.** Only online applications will be accepted from Candidates with M.E/M.Tech/Equivalent Degree in Mechanical, Chemical, Metallurgical / Materials, Electrical, Electronics, Computer, Instrumentation Civil Engineering.Candidates with MCA/IT degree are not eligible. The selected students will be admitted to one of the four Constituent Institutions (CI) of HBNI: BARC Mumbai, IGCAR Kalpakkam, IPR Gandhinagar and VECC Kolkata. The selected students will be awarded **Fellowships of 80,000/- per month** and **an annual contingency grant of 60,000/-. Medical benefits under CHSS are also available for DDFS candidate (research scholar only). Hostel accommodation is mandatory during PhD programme.**

**अर्हता डिग्रीः अभ्यर्थियों को भारत का नागरिक होना चाहिए और एम.ई./एम. टेक/समकक्षडिग्री के साथ–साथ बी.ई./बी. टेकमें न्यूनतम 60 प्रतिशत अंक होने चाहिए। एम.ई./एम. टेकके अंतिम सेमेस्टर के अभ्यर्थी भी आवेदन कर सकते हैं, लेकिन यदि ऐसे अभ्यर्थियों का चयन किया जाता है, तो उन्हें 30 दिसंबर, 2025 तक अपनी मास्टर डिग्री के प्रमाण पत्र और अंक पत्र उपलब्ध कराने होंगे।**

**Qualifying Degree:** Candidates must be Indian citizen and have minimum 60% Marks in M.E/M.Tech./Equivalent Degree as well as B.E./B.Tech. Candidates in the final semester of M.E./M.Tech may also apply but such candidates, if selected, must provide certificates and mark sheets of their Master Degree, by December 30, 2025.

**आयु सीमाः** 1 अगस्त, 2025 को आयु सीमा 28 वर्ष है अतः सामान्य श्रेणी के अभ्यर्थी का जन्म 1 अगस्त, 1997 को या उसके बाद हुआ होना चाहिए । आयु सीमा में ओबीसी–एनसीएल के लिए तीन वर्ष और एससी/एसटी आवेदकों के लिए पांच वर्ष की छूट है। इंजीनियरिंग महाविद्यालय में संकाय के लिए बिना अध्येतावृत्ति के पीएचडी करने के इच्छुक अभ्यर्थियों के लिए आयु सीमा 1 अगस्त, 2025 को40 वर्ष है। सभी श्रेणियों के दिव्यांग व्यक्ति (40 प्रतिशत या उससे अधिक दिव्यांग) के लिए 10 वर्ष की अतिरिक्त आयु छूट के लिए पात्र हैं।

**Age limit:** The age limit is 28 yrs. as on Aug. 1, 2025 and hence should have been born on or after Aug. 1, 1997 for general category. Age limit is relaxable by three years for OBC-NCL and by five years for SC/ST applicants. The age limit for faculty in Engineering Colleges who are desirous of pursuing a PhD without Fellowship is 40 years as on Aug. 1, 2025.Persons with Disability (with 40% or more disability) of all categories are eligible for additional age relaxation of 10 years.

**ऑनलाइन आवेदन करने के लिए, https://www.barcocesexam.com को देखते रहें।**

**To Apply Online, visit the website https://www.barcocesexam.com**

- ऑनलाइन आवेदन पॉर्टल आरंभ होने की तिथिः 1 जनवरी, 2025 Launch of Online Application Portal: Jan. 1, 2025*
- आवेदन की अंतिम तिथिः 26 जनवरी, 2025* Last Date for Online Application: Jan. 26, 2025*
- स्क्रीनिंग परीक्षा (सीबीटी) :8 एवं 9 मार्च 2025* Screening Examination (CBT): 8th & 9th March 2025*
- चयन साक्षात्कारः जून 2025 Selection Interviews: June2025*

* सभी तिथियां संभावित तिथियां हैं और अभ्यर्थियों को अद्यतन सूचना के लिए नियमित रूप से वेबसाइट को देखते रहें। **https://www.barcocesexam.in** वेबसाइट परविज़िट करने की आवश्यकता है। All dates are tentative and candidates are required to regularly visit the website **https://www.barcocesexam.in** for updates.

## न्यूज डायरी

### बिहार के नवनियुक्त राज्यपाल आरिफ ने लालू से की मुलाकात



**पटना।** बिहार के नवनियुक्त राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने बुधवार को पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव से उनके आवास पर मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने राबड़ी देवी को उनके जन्मदिन और नव वर्ष की बधाई भी दी। ब्यूरो

### भुवनेश कुमार ने यूआईडीएआई के सीईओ का पदभार संभाला

**नई दिल्ली।** भुवनेश कुमार ने भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) के मुख्य



कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) का पदभार संभाल लिया है। उन्होंने अमित अग्रवाल का स्थान लिया है, जिन्हें नया फार्मा सचिव नियुक्त किया गया है। कुमार इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई) में अतिरिक्त सचिव भी बने रहेंगे। कुमार उत्तर प्रदेश कैडर के 1995 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। एजेंसी

### जस्टिस हरप्रीत पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट में स्थायी जज नियुक्त

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की जस्टिस जस्टिस हरप्रीत सिंह बराड़ को पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में स्थायी जज बनाने की सिफारिश पर राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद केंद्र ने उनकी नियुक्ति को अधिसूचित कर दिया। कानून मंत्रालय की ओर से बुधवार को जारी अधिसूचना के मुताबिक, पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के अतिरिक्त न्यायाधीश को उनके कार्यभार संभालने की तिथि से हाईकोर्ट का स्थायी जज नियुक्त किया गया। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने पिछले साल 12 दिसंबर को हुई बैठक में जस्टिस बराड़ को स्थायी जज बनाने की सिफारिश की थी। एजेंसी

### झारखंड : कुएं में डूब रहे युवक को बचाने गए चार लोग भी डूबे

**हजारीबाग।** झारखंड के हजारीबाग जिले में पांच लोगों की कुएं में डूबने से मौत हो गई। इनमें से चार लोग डूब रहे व्यक्ति को बचाने की कोशिश में जान गंवा बैठे। यह हादसा चरही शहर में हुआ। 27 साल का सुंदर करमाली पत्नी रूपा देवी के साथ हुए घरेलू विवाद के बाद गुस्से में मोटरसाइकिल सहित कुएं कूद गया। उसे बचाने की कोशिश में चार और लोग एक के बाद एक कुएं में उतरे, लेकिन इन सबकी भी सुंदर के साथ ही डूबने से जान चली गई। एजेंसी

### 10 दिन बाद बोरवेल से निकाली बच्ची, पर नहीं बच सकी जान

**जयपुर।** राजस्थान के कोटपूतली-बहरोड़ जिले में 150 फीट गहरे बोरवेल में गिरी तीन साल की मासूम चेतना जिंदगी की जंग हार गई। बच्ची को 10 दिन की मशक्कत के बाद बुधवार को बेहोशी की हालत में बाहर निकाला गया और अस्पताल ले जाया गया। हालांकि, अस्पताल में डॉक्टरों ने मासूम को मृत घोषित कर दिया। एनडीआरएफ टीम प्रभारी योगेश मीणा ने बताया कि जब बच्ची को बाहर निकाला गया तो उसके शरीर में कोई हलचल नहीं थी। एजेंसी

### काफी हुआ, पीएम को अब मणिपुर का दौरा करना चाहिए : मनोज झा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता मनोज कुमार झा ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अपील करते हुए कहा, बस बहुत हुआ, अब पीएम को कम से कम एक बार मणिपुर का दौरा करना चाहिए। उन्होंने मणिपुर के मुख्यमंत्री बीरेन सिंह पर नकार की स्थिति में रहने का आरोप लगाते हुए कहा कि उन्हें पहले ही माफी मांग लेनी चाहिए थी। झा ने कहा कि प्रधानमंत्री की मणिपुर यात्रा से स्थिति को संभालने में मदद मिलेगी। एजेंसी

### महाराष्ट्र : खड़े ट्रक से टकराई कार, चार की मौत, दो घायल

**जालना।** मध्य महाराष्ट्र के जालना जिले में बुधवार दोपहर सड़क पर खड़े ट्रक से कार टकराने से एक ही परिवार के तीन सदस्यों सहित चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। सोलापुर-धुले रोड पर दोपहर करीब एक बजे हुए इस हादसे में कार में सवार दो लोग घायल हो गए। घायलों को छत्रपति संभाजीनगर के एक निजी अस्पताल में ले जाया गया। कार सवार लोग पवित्र शहर अक्कलकोट दर्शन के बाद छत्रपति संभाजीनगर लौट रहे थे। एजेंसी

### 1.47 करोड़ के हीरे चोरी करने के आरोप में कर्मचारी गिरफ्तार

**मुंबई।** मुंबई की आभूषण कंपनी से 1.47 करोड़ रुपये के हीरे चोरी करने के आरोप में पुलिस ने 40 वर्षीय आभूषण कारीगर को राजस्थान से गिरफ्तार किया है। बुधवार को गोरेगांव पुलिस ने बताया कि जांचकर्ताओं ने 120 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच के बाद सचिन जे मकवाना का पता लगाया। चोरी 10 दिसंबर को हुई थी। एजेंसी

# शुद्धता सुनिश्चित करने को देशभर में हो जैविक उत्पादों की जांच : शाह

## एनसीओएल की समीक्षा बैठक में सहकारिता मंत्री ने कहा, किसानों को ऑर्गेनिक उत्पादों का मिले उचित मूल्य

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि देश में सभी प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों (पीएसीएस) को ऑर्गेनिक मिशन से जोड़कर ऑर्गेनिक उत्पादों को बढ़ावा देने का अभियान चलाना चाहिए। उन्होंने कहा कि नेशनल कोऑपरेटिव आर्गेनिक लि. (एनसीओएल) को ऑर्गेनिक उत्पादों के स्रोत और उत्पादों की शुद्धता पर विशेष ध्यान देना चाहिए। उसे अपने भारत ऑर्गेनिक्स ब्रांड के तहत किसानों से ग्राहकों तक प्रामाणिक जैविक उत्पादों की मजबूत आपूर्ति श्रृंखला बनाने पर जोर देना चाहिए। शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए अनिवार्य परीक्षण करना चाहिए।

शाह ने बुधवार को नई दिल्ली स्थित सहकारिता मंत्रालय में नेशनल कोऑपरेटिव आर्गेनिक लि. की समीक्षा बैठक की



गृह मंत्री अमित शाह

अध्यक्षता की। उन्होंने कहा कि ग्राहकों को शुद्ध प्रामाणिक जैविक उत्पाद बाजार में आसानी से मिल सकें, इसके लिए एनसीओएल को प्रत्येक भारत ऑर्गेनिक्स उत्पाद के बैच का अनिवार्य परीक्षण सुनिश्चित करना चाहिए। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए अमूल की डेयरियां और राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) की संस्थाओं से जुड़े किसानों को भी आर्गेनिक खेती के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। ब्यूरो

### दामों को ऐसे तय करें, जिससे किसानों को पहुंचे लाभ

शाह ने कहा कि किसानों को उनके ऑर्गेनिक उत्पादों के बदले उचित मूल्य मिले, ताकि वे ऑर्गेनिक उत्पादों को बढ़ावा देने की दिशा में प्रेरित हो सकें। उन्होंने एनसीओएल और सहकारिता मंत्रालय से कहा कि अमूल के साथ भारत ऑर्गेनिक्स पर बैठक कर ऑर्गेनिक आटे और ऑर्गेनिक अरहर दाल के दामों को ऐसे तय करें, जिससे किसानों को फायदा पहुंचे और वे ऑर्गेनिक खेती की ओर ज्यादा प्रेरित हों। उन्होंने कहा कि एक बार अगर किसानों को ज्यादा दाम मिलने लगेगा तो निश्चित ही किसान धीरे-धीरे ऑर्गेनिक खेती की तरफ प्रोत्साहित होंगे।

**अच्छी मार्केटिंग से उत्पादों की बढ़ेगी मांग...**केंद्रीय मंत्री ने कहा कि लोगों में ऑर्गेनिक उत्पादों के प्रति काफी जागरूकता है। यदि मार्केटिंग अच्छी होगी तो निश्चित रूप से पूरे देश में इन उत्पादों की मांग कई गुना बढ़ेगी। उन्होंने आगामी पर्व-त्योहारों में ऑर्गेनिक उत्पादों को और बढ़ावा देने को कहा।

### ऑर्गेनिक उत्पादों और बीजों की बिक्री के केंद्र बनें पीएसीएस

शाह ने कहा कि देश के सभी पीएसीएस कृषि उत्पाद के स्रोत, ऑर्गेनिक उत्पादों और बीजों की बिक्री के केंद्र बनें, ताकि एनसीओएल, राष्ट्रीय सहकारी निर्यात लि. (एनसीईएल) और भारतीय बीज सहकारी समिति लि. (बीबीएसएसएल) जैसी राष्ट्रीय सहकारी संस्थाओं को भी बढ़ावा मिल सके। उन्होंने कहा कि इन 2 लाख सहकारी समितियों से कम से कम एक ऐसा युवा किसान को जोड़ना चाहिए जो आगे चलकर स्थानीय सहकारी ढांचे को मजबूत बनाने में प्रेरक का काम कर सके।

# पांच साल में 80,000 लोगों को रोजगार देगा कृषि प्रौद्योगिकी क्षेत्र

## यूपी जैसे कृषि आधारित राज्यों में उपलब्ध होंगे रोजगार के अवसर

**मुंबई।** कृषि प्रौद्योगिकी क्षेत्र अगले पांच साल में रोजगार के 60,000-80,000 नए अवसर पैदा करेगा। ये अवसर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के विकास, प्रौद्योगिकी व आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन जैसी भूमिकाओं में होंगे।

टीमलीज सर्विसेज के मुख्य रणनीति अधिकारी सुब्बुराथिनम पी ने कहा, भारत में कृषि प्रौद्योगिकी क्षेत्र तकनीकी, परिचालन व प्रबंधकीय पदों सहित विभिन्न भूमिकाओं में लगभग एक लाख लोगों को रोजगार देता है। रोजगार के ये नए अवसर महाराष्ट्र, पंजाब, हरियाणा, यूपी, कर्नाटक, तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश जैसे कृषि आधारित राज्यों में उपलब्ध होंगे। इसके अतिरिक्त, बंगलूरू, हैदराबाद, पुणे और गुरुग्राम जैसे कृषि स्टार्टअप हब भी रोजगार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। कृषि प्रौद्योगिकी खेती के हर पहलू को हल करती है। इसमें बीज, उर्वरक, कीटनाशकों के लिए जल सिंचाई उन्नति से लेकर उन्नत कृषि मशीनरी तक पहुंच और उपज बेचने के लिए बाजार संपर्क सुविधा शामिल है। ब्यूरो

**हर साल 25 फीसदी बढ़ रहे कृषि प्रौद्योगिकी स्टार्टअप...**अर्न्स्ट एंड यंग (ईएंडवाई) की एक अन्य रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में कृषि प्रौद्योगिकी कंपनियां 24 अरब डॉलर का अवसर प्रस्तुत कर रही हैं। हालांकि, बाजार की पहुंच अब भी सिर्फ 1.5 फीसदी है। देश में 2022 में करीब 450 कृषि प्रौद्योगिकी स्टार्टअप थे, जिनकी संख्या हर साल 25 फीसदी की दर से बढ़ रही है।

# पश्चिमी विक्षोभ और बढ़ाएगा सर्दी, पंजाब हिमाचल प्रदेश में बारिश-बर्फबारी का अलर्ट

## आज और कल हल्की बारिश और बर्फबारी का अनुमान, चार जनवरी से बदलेगा मौसम

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** उत्तर पश्चिम की दिशा से चली बर्फीली हवाओं ने नए साल के पहले दिन उत्तर भारत में ठिठुरन बढ़ा दी। जम्मू-कश्मीर से लेकर हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब तक और राष्ट्रीय राजधानी से लेकर राजस्थान तक तापमान में गिरावट हुई। कश्मीर घाटी में ठंड बढ़ने से रात का पारा गिर गया है।

गुलमर्ग में मंगलवार की रात माइनस 8.8 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। श्रीनगर में भी न्यूनतम तापमान गिरकर माइनस 4.4 डिग्री दर्ज किया गया। फिलहाल सर्दी के सितम से राहत मिलने की कोई उम्मीद भी नहीं है। एक हफ्ते के भीतर दो-दो पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से पश्चिमी हिमालयी राज्यों में बर्फबारी होगी। हिमाचल प्रदेश में 7 जनवरी तक बारिश और बर्फबारी का अलर्ट जारी किया गया है। पंजाब में भी 12 जिलों में तीन दिनों के लिए बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। इससे आने वाले दिनों में दुश्वारियां और बढ़ेंगी। मौसम विभाग ने बताया कि उत्तर पश्चिम और मध्य भारत के कुछ क्षेत्रों में अगले दो दिनों के दौरान घना कोहरा और शीत दिवस की स्थिति जारी रहने की संभावना है। उसके बाद स्थिति में सुधार होने की संभावना है। चार जनवरी की रात से एक नए पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के कारण उत्तर-पश्चिम भारत के मौसम में बदलाव का पूर्वानुमान है। दो से तीन जनवरी तक पश्चिमी हिमालयी इलाकों में हल्की बारिश और बर्फबारी हो सकती है, जबकि चार और पांच जनवरी को बारिश और बर्फबारी में और तेजी आने के आसार जताए गए हैं।



श्रीनगर में बुधवार को जमे हुए तालाब पर चहलकदमी करते सैलानी। एजेंसी

### आगे और गिरेगा पारा

हिमाचल प्रदेश में बृहस्पतिवार को मौसम बदलेगा। 2-7 जनवरी तक प्रदेश के कई क्षेत्रों में बारिश और बर्फबारी का अलर्ट जारी हुआ है। 5 और 6 जनवरी को अधिकांश क्षेत्रों में पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय रहने से बारिश और बर्फबारी की तीव्रता अधिक रहने का पूर्वानुमान है।

- *इस दौरान तापमान में भी कमी आने की संभावना है। इस दौरान मैदानी जिलों में कोहरा छाया रह सकता है। हालांकि, बुधवार को राजधानी शिमला सहित प्रदेश के ज्यादातर क्षेत्रों में मौसम साफ रहा और तापमान में मंगलवार के मुकाबले तीन से चार डिग्री की बढ़ोतरी दर्ज की गई।*

### बर्फबारी से गमशाली में फंसे सैलानी

उत्तराखंड में नीती घाटी घूमने आए पांच पर्यटक बर्फबारी के कारण पांच दिनों तक गमशाली में फंसे रहे। ऋषिकेश से ये यात्री 27 दिसंबर को नीती घाटी गए थे। इन पर्यटकों के लिए आईटीबीपी ने रहने व खाने की व्यवस्था की। सड़क पर बर्फ के कारण यहां पर वाहनों का संचालन नहीं हो पाया तो वे बर्फ हटाने वाली बीआरओ की मशीन के साथ-साथ करीब तीन किलोमीटर आगे बुरांस नामक जगह तक पहुंचे। इसके बाद वे मलारी में रुक गए। अब बृहस्पतिवार को ही वे गंतव्य को रवाना हो सकेंगे।

### पंजाब में हाड़ कंपा देने वाली ठंड

नए साल के पहले दिन बुधवार को पंजाब का सामना हाड़ कंपा देने वाली ठंड से हुआ। राज्य के 8 जिलों में भीषण ठंड पड़ी। पंजाब के 12 जिलों के लिए बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। इनमें पठानकोट, गुरदासपुर, अमृतसर शामिल हैं। बठिंडा में सबसे कम 4.4 डिग्री पारा दर्ज किया गया। अमृतसर का न्यूनतम पारा 7.8 डिग्री रहा।

- **सीकर में 4 डिग्री पर आया पारा :** पूर्वी राजस्थान के कुछ हिस्सों में गंभीर शीत दिवस की स्थिति बनी रही। बुधवार सुबह सीकर में न्यूनतम तापमान सबसे कम 4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। कई हिस्सों में घना कोहार भी छाया रहा। जयपुर, माउंट आबू, पिलानी, सिरोही, अजमेर और अलवर समेत राज्य के ज्यादातार हिस्से में न्यूनतम तापमान 5-6 डिग्री सेल्सियस के बीच रिकॉर्ड किया गया।



उत्तरकाशी के हर्सिल गांव में जमा हुआ झरना।

***पश्चिम राजस्थान से पश्चिम बंगाल तक घना कोहरा :*** *आईएमडी के मुताबिक, पश्चिम राजस्थान से लेकर हरियाणा और पश्चिम बंगाल तक अलग-अलग हिस्सों में सुबह के समय घना कोहरा छाया रहा और दृश्यता 50 मीटर से नीचे तक आ गई। वहीं, असम और मेघालय, हिमाचल प्रदेश और दिल्ली के अलग-अलग हिस्सों में घना कोहरा रहा और दृश्यता 50-200 मीटर के बीच दर्ज की गई। हरियाणा के सिरसा, राजस्थान के गंगानगर, चुरू और पश्चिम बंगाल के बागडोगरा दृश्यता शून्य दर्ज की गई।*

# पाकिस्तान से घुसपैठ की कोशिश नाकाम, 24 गोलियां दाग 6 खदेड़े

## ठंड व धुंध की आड़ में आतंकियों की घुसपैठ कराने की फिराक में पड़ोसी

**आरएस पुरा (जम्मू)।** पाकिस्तान नापाक हरकतों से बाज नहीं आ रहा। जम्मू-कश्मीर में शांति भंग करने की लगातार साजिश की जा रही है। नए साल के पहले ही दिन पड़ोसी मुल्क ने आरएस पुरा सेक्टर से भारतीय सीमा में आतंकी घुसपैठ कराने की साजिश की। लेकिन, सीमा पर मुस्तैद बीएसएफ जवानों ने इसे नाकाम कर दिया। घुसपैठियों की संख्या पांच से छह बताई जा रही है। इन्हें खदेड़ने के लिए बीएसएफ जवानों ने दो दर्जन से अधिक फायर किए।

सूत्रों के अनुसार, मंगलवार रात करीब 12 बजे पाकिस्तान से भारतीय सीमा में आरएस पुरा सेक्टर की एचएस-वे पोस्ट के सामने बीएसएफ जवानों ने हलचल देखी। जब घुसपैठिये भारतीय सीमा की ओर बढ़ने लगे तो जवानों ने उन्हें ललकारा। बावजूद इसके घुसपैठिए नहीं रुके तो जवानों ने हवाई फायर किए, जिससे आतंकी पाकिस्तान के क्षेत्र में भाग



अरनिया में सीमा पर तलाशी अभियान के दौरान पुलिस और बीएसएफ के जवान।

निकले। बुधवार सुबह बीएसएफ और पुलिस ने तारबंदी के आसपास इलाकों में तलाशी अभियान चलाया। हालांकि, कोई संदिग्ध वस्तु या हथियार बरामद नहीं हुए हैं। ठंड और धुंध के बीच पाकिस्तान आरएस पुरा व अरनिया सेक्टर में आतंकी घुसपैठ कराने की साजिश कर रहा है, ताकि जम्मू-कश्मीर में आतंकी हमले करवाकर शांति भंग की जा सके। संवाद

# कृत्रिम प्रकाश का जीवों पर प्रतिकूल असर...एनजीटी ने केंद्र से मांगा जवाब

## अगली सुनवाई से एक सप्ताह पहले हलफनामा दायर करने को कहा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने पौधों, जानवरों और मनुष्यों पर रात में कृत्रिम प्रकाश के प्रतिकूल प्रभाव से जुड़ी याचिका पर केंद्र से जवाब मांगा है। केंद्र को अगली सुनवाई की तारीख से एक सप्ताह पहले हलफनामे के जरिये जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। अगली सुनवाई 17 अप्रैल को होगी।

याचिका में आरोप लगाया गया है कि इस तरह की कृत्रिम रोशनी प्राकृतिक जैविक प्रक्रियाओं को बाधित करती है। इससे मानव सर्केडियन रिदम, रात्रिकालीन वन्यजीव व्यवहार, पौधों की शारीरिक रचना और प्रवासी प्रजातियों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। एनजीटी के अध्यक्ष जस्टिस प्रकाश श्रीवास्तव और विशेषज्ञ सदस्य ए सेंथिल वेल की पीठ ने 23 दिसंबर को दिए गए आदेश में कहा कि याचिका विभिन्न प्रकाशित लेखों, अध्ययनों और शोध पर आधारित है। याचिकाकर्ता के




वकील ने कहा कि ट्रिब्यूनल की भोपाल क्षेत्रीय पीठ ने जुलाई 2023 के आदेश में कहा था कि प्रकाश प्रदूषण के पहलू पर विस्तृत अध्ययन की आवश्यकता है, जबकि इसकी पश्चिमी क्षेत्रीय पीठ ने 2024 में महाराष्ट्र के नवी मुंबई में डीपीएस झील के पास फ्लेमिंगो की मौत पर एक मीडिया रिपोर्ट का स्वतः संज्ञान लिया, जो प्रकाश प्रदूषण के कारण उनकी दृष्टि को प्रभावित कर रही थी। ट्रिब्यूनल ने केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय और विज्ञान और प्रौद्योगिकी और केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड जो मामले में प्रतिवादी हैं, उन्हें नोटिस जारी करने का आदेश दिया। एजेंसी

# विवाहित का सहमति संबंध में रहना द्विविवाह जैसा, नहीं दे सकते सुरक्षा

## हाईकोर्ट ने कहा, संरक्षण देने से गलत काम करने वालों को मिलेगा बढ़ावा

**चंडीगढ़।** पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने सहमति संबंध में रह रहे पंजाब निवासी जोड़े को सुरक्षा देने से इस आधार पर इन्कार कर दिया कि व्यक्ति पहले से ही शादीशुदा है और उसके बच्चे भी हैं। हाईकोर्ट ने कहा कि ऐसे मामलों में संरक्षण देने से गलत काम करने वालों को




बढ़ावा मिलेगा और भारतीय समाज के नैतिक मूल्यों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।

जस्टिस संदीप मौदगिल ने अपने आदेश में कहा कि भारतीय संविधान का अनुच्छेद 21 प्रत्येक नागरिक को सम्मानपूर्वक जीने का अधिकार देता है, लेकिन यह अधिकार कानून के दायरे में होना चाहिए। ऐसे मामलों में याचिकाओं को स्वीकार करने से द्विविवाह जैसी अवैध प्रथाओं को बढ़ावा मिलेगा, जो भारतीय दंड संहिता की धारा 494 के तहत अपराध है। विवाहित व्यक्ति का सहमति संबंध में रहना सामाजिक ताने-बाने और नैतिक मूल्यों के खिलाफ है। इस तरह के अवैध संबंधों को वैधता प्रदान करना अन्यायपूर्ण होगा। यह उस व्यक्ति के जीवन और स्वतंत्रता के अधिकार का उल्लंघन करेगा, जिससे विवाहित व्यक्ति ने पहले विवाह किया था। कोर्ट ने कहा कि ऐसे जोड़े अपने परिवार और माता-पिता की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा रहे हैं। यह न केवल माता-पिता के अधिकारों का उल्लंघन है, बल्कि समाज में परिवार की गरिमा और सम्मान को भी ठेस पहुंचाता है। ब्यूरो

**विवाह पवित्र और सामाजिक रूप से महत्वपूर्ण रिश्ता...**हाईकोर्ट ने विवाह को एक पवित्र और सामाजिक रूप से महत्वपूर्ण रिश्ता बताया। कोर्ट ने कहा कि भारतीय समाज में विवाह केवल दो व्यक्तियों का संबंध नहीं है, बल्कि यह सामाजिक स्थिरता और नैतिक मूल्यों का आधार है। पश्चिमी संस्कृति को अपनाने से भारतीय समाज के सांस्कृतिक मूल्यों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा है।

# कैदियों से जातीय भेदभाव वर्गीकरण रोकने के लिए जेल मैनुअल नियमों में संशोधन

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने जेलों में कैदियों के साथ जाति के आधार पर भेदभाव और वर्गीकरण को रोकने के लिए जेल मैनुअल नियमों में संशोधन किया है। सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को भेजे पत्र में गृह मंत्रालय ने कहा कि कैदियों के साथ किसी भी जाति-आधारित भेदभाव के मुद्दे को मॉडल जेल मैनुअल, 2016 और मॉडल जेल और सुधार सेवा अधिनियम, 2023 के जरिये संबोधित किया जाए। सरकार ने कैदियों के जाति-आधारित भेदभाव पर सुप्रीम कोर्ट के 3 अक्तूबर 2024 के आदेश के मद्देनजर यह कदम उठाया है।

जेल मैनुअल में हुए संशोधन के अनुसार जेल अधिकारियों को सख्ती से यह सुनिश्चित करना होगा कि जाति के आधार पर कैदियों के साथ कोई भेदभाव, वर्गीकरण, अलगाव न हो। यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि जेलों में किसी भी ड्यूटी या काम के आवंटन में कैदियों के साथ उनकी जाति के आधार पर कोई भेदभाव न हो। मॉडल कारागार और सुधार सेवा अधिनियम, 2023 के विविध वाले खंड में धारा 55 (ए) के रूप में एक नए शीर्षक जेलों और सुधार संस्थानों में जाति-आधारित भेदभाव का निषेध के साथ भी कुछ बदलाव किए गए हैं। एजेंसी

# महाराष्ट्र में अवैध रूप से रह रहे 16 बांग्लादेशी गिरफ्तार

**मुंबई/ठाणे।** महाराष्ट्र पुलिस ने मुंबई, ठाणे और राज्य के तीन अन्य जिलों में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेश के 16 नागरिकों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने फर्जी दस्तावेज का इस्तेमाल कर आधार कार्ड बनवाए थे।

एक अधिकारी ने बताया कि विशेष अभियान के तहत महाराष्ट्र आतंकवाद रोधी दस्ते (एटीएस) ने स्थानीय पुलिस की मदद से पिछले चार दिनों में मुंबई, नासिक, नांदेड़ और छत्रपति संभाजीनगर से बांग्लादेश के 16 नागरिकों को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि आरोपियों में 15 पुरुष और एक महिला शामिल हैं, जिन्होंने जाली दस्तावेजों का इस्तेमाल कर आधार कार्ड भी बनवाए हैं। पुलिस ने सभी के खिलाफ विदेशी अधिनियम और अन्य प्रासंगिक कानूनी प्रावधानों के तहत पांच मामले दर्ज किए हैं। नारपोली थाने के एक अधिकारी ने बताया कि ठाणे जिले में एक गुप्त सूचना के आधार पर एक गोदाम पर छापा मारा और वहां बांग्लादेश के कई लोगों को काम करते हुए पाया। ब्यूरो

**फर्जी दस्तावेज के जरिये बनवाए थे आधार कार्ड**

# बांग्लादेश से बहुसंख्यक समुदाय के लोग आ रहे असम : हिमंत

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने बुधवार को कहा कि हाल के महीनों में बांग्लादेश से राज्य में आने वाले लोगों में ज्यादातर पड़ोसी देश के बहुसंख्यक समुदाय के लोग हैं, न कि वहां के अल्पसंख्यक हिंदू। उन्होंने कहा, पिछले पांच महीने के दौरान कोई भी बांग्लादेशी हिंदू असम नहीं आया है।



**कहा, पांच माह में कोई हिंदू नहीं आया**

हिमंत ने कहा कि जो लोग अवैध रूप से भारत में प्रवेश कर रहे हैं, वे मुस्लिम बहुल बांग्लादेश में कपड़ा उद्योग के श्रमिक हैं, जो वहां संकट के बाद खराब स्थिति में हैं। वे उसी क्षेत्र में काम करने के लिए तमिलनाडु जाना चाहते हैं। दक्षिणी राज्य तमिलनाडु में इंडिया गठबंधन के घटक दल द्रमुक की सरकार है। बांग्लादेश की स्थिति ने वहां के कपड़ा उद्योग को बर्बाद कर दिया है। बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यक अत्याचारों का सामना करने के बावजूद वहां से यहां आने का प्रयास नहीं कर रहे, संभवतः इसलिए क्योंकि वे बहुत देशभक्त हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, उन्होंने (बांग्लादेशी हिंदुओं) बहुत परिपक्व तरीके से व्यवहार किया है। पिछले पांच महीने में कोई भी बांग्लादेशी हिंदू असम नहीं आया है। ब्यूरो

**रहें सतर्क** | आंत और रक्त के जरिये शरीर के अन्य अंगों तक पहुंचते हैं कण

# टी बैग की हर चुस्की में माइक्रोप्लास्टिक के लाखों कण

अमर उजाला नेटवर्क

**नई दिल्ली।** टी बैग से बनी चाय सेहत के लिए सुरक्षित नहीं है। इसकी हर चुस्की में माइक्रोप्लास्टिक के लाखों कण हो सकते हैं। ऑटोनॉमस यूनिवर्सिटी ऑफ बार्सिलोना (यूएबी) से जुड़े वैज्ञानिकों के अध्ययन में सामने आया है कि पॉलिमर बेस्ड टी बैग गर्म पानी में डालने के बाद माइक्रो और नैनोप्लास्टिक्स (एमएनपीएल) के लाखों कण छोड़ते हैं जो आंत और रक्त के जरिये शरीर के अन्य अंगों तक पैठ बना सकते हैं। अध्ययन के नतीजे जर्नल केमोस्फीयर में प्रकाशित हुए हैं।

शोधकर्ताओं के मुताबिक, इन माइक्रोप्लास्टिक के कणों का आकार एक माइक्रोमीटर से पांच मिलीमीटर



के बीच होता है। इन महीन कणों में जहरीले प्रदूषक और केमिकल होते हैं जो सेहत के लिए बहुत नुकसानदायक हैं। प्लास्टिक के ये टी-बैग आमतौर पर नायलॉन-6, पॉलीप्रोपाइलीन और सेल्यूलोज जैसी चीजों से बने होते हैं। इस अध्ययन में अलग-अलग तरह के टी-बैग में मौजूद प्लास्टिक के इन महीन कणों की पहचान की गई है।

### पॉलीप्रोपाइलीन टी-बैग से निकलते हैं 120 करोड़ तक कण

पॉलीप्रोपाइलीन के बने टी बैग से प्रति मिलीलीटर 120 करोड़ कण निकलते हैं। इनका औसत आकार करीब 137 नैनोमीटर होता है, जबकि सेल्यूलोज से बने टी बैग से प्रति मिलीलीटर 13.5 करोड़ कण मुक्त हुए और इनका औसत आकर 244 नैनोमीटर होता है।

- *इसी तरह नायलॉन-6 से बने टी बैग्स से प्रति मिलीलीटर 81.8 लाख कण निकले और यह आकार में औसत 138 नैनोमीटर के थे। परीक्षण से पता चला कि बलगम बनाने वाली कोशिकाओं ने सबसे अधिक सूक्ष्म कणों और नैनोप्लास्टिक को अवशोषित किया। कुछ कण तो कोशिका के नाभिक तक भी पहुंच गए।*

### पूरे शरीर में फैल सकते हैं

शोधकर्ताओं का कहना है कि यह पहला मौका है जब इस बात की पुष्टि हुई है कि टी बैग से छोड़े प्लास्टिक के महीन कणों को आंतों की कोशिकाएं अवशोषित करती हैं और ये कण रक्त में प्रवेश कर सकते हैं। इस तरह यह पूरे शरीर में फैल सकते हैं। इन कणों को अवशोषित करने में इंटेस्टाइनल म्यूकस की भी भूमिका होती है, जो पाचन में मदद करता है।

इससे पहले वैज्ञानिकों को इन्सानी रक्त, नसों, फेफड़ों, गर्भनाल और अन्य अंगों के साथ-साथ दिमाग में भी माइक्रोप्लास्टिक की मौजूदगी के सबूत मिल चुके हैं मिले हैं। इन्सानी अंगों के साथ दूध, सीमन और यूरिन में भी इनकी उपस्थिति पाई गई है। अगर समय रहते सतर्क न हुआ गया तो भविष्य में और भी बहुत बड़ी परेशानी पैदा करेंगे।

**समय रहते सतर्क होने की जरूरत**

# तहव्वुर राणा की संलिप्तता के भारत ने दिए हैं ठोस सबूत

**नई दिल्ली।** भारत ने मुंबई हमले में आरोपी तहव्वुर राणा की संलिप्तता के ठोस सबूत अमेरिका की खुफिया एजेंसियों को मुहैया कराए हैं। तहव्वुर राणा पर पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए काम करने का आरोप है।

वहीं, अमेरिकी सॉलिसिटर जनरल एलिजाबेथ बी प्रीलोगर ने दावा किया कि भारत जिन आचरणों के आधार पर प्रत्यर्पण चाहता है, वे सभी शिकागो में हुई सुनवाई में सरकार के अभियोजन में शामिल नहीं थे। मसलन, भारत के जालसाजी के आरोप अमेरिकी मुकदमे का हिस्सा नहीं थे। मालूम हो कि राणा ने मुंबई हमले के मास्टरमाइंड मुख्य आरोपी डेविड कोलमैन हेडली की मदद की थी। ब्यूरो

# माओवादियों के गढ़ में 77 साल में पहली बार शुरू हुई बस सेवा

## गढ़चिरौली में 11 माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण

**गढ़चिरौली।** महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में माओवादियों के गढ़ कहे जाने वाले अहेरी और गार्डेवाड़ा में 77 साल में पहली बार राज्य परिवहन की बस सेवा शुरू की गई।

गढ़चिरौली में ही कुख्यात नक्सली विमला चंद्र सिदाम उर्फ तारक्का समेत 1.03 करोड़ रुपये के इनामी 11 नक्सलियों ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के सामने आत्मसमर्पण किया। इस दौरान फडणवीस ने कहा, महाराष्ट्र जल्दी ही नक्सल समस्या से मुक्त हो जाएगा। अहेरी और गार्डेवाड़ा में बस सेवा शुरू होने के ऐतिहासिक मौके पर फडणवीस ने भी बस में सफर किया। सुबह गढ़चिरौली जिले में मुख्यमंत्री फड़णवीस सीधे ताड़गुड़ा



बस को हरी झंडी दिखाते फडणवीस।

ब्रिज पहुंचे। उन्होंने गट्टा-गार्डेवाड़ा-वांगेटुरी सड़क और ताड़गुड़ा पुल का उद्घाटन किया। साथ ही उन्होंने पेंगुंडा में जवानों और ग्रामीणों से बातचीत की। यह इलाका बेहद दुर्गम माना जाता है। फडणवीस ने नक्सल विरोधी अभियानों में बहादुरी के लिए सी-60 कमांडो और अधिकारियों को सम्मानित भी किया। ब्यूरो

# त्रिपुरा : सीमावर्ती गांव में शनि मंदिर की मूर्ति को पहुंचाया नुकसान, तनाव

**अगरतला।** भारत-बांग्लादेश सीमा पर स्थित सोनामुरा कस्बे में 31 दिसंबर को अराजक तत्वों ने भगवान शनि के मंदिर की मूर्ति को नुकसान पहुंचाया। इससे क्षेत्र में तनाव बढ़ गया है। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई शुरू की। यह घटना मिश्रित हिंदू-मुस्लिम समुदाय वाले क्षेत्र में हुई।

स्थानीय लोगों ने बताया कि 31 दिसंबर की रात को देखा गया कि बांस से घेराबंद किए गए मंदिर में मूर्ति उलटी पड़ी हुई थी। यह मंदिर सोनामुरा उपखंड के तामसा बाड़ी क्षेत्र में स्थित है, जो सेपाहिजाला जिले में आता है। सेपाहिजाला जिले के पुलिस अधीक्षक बोगाटी रेड्डी ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। ब्यूरो

# राखीगढ़ी में गाइड नहीं, क्यूआर कोड बताएगा हड़प्पा की कहानी

## एएसआई ने शुरू किया क्यूआर प्रोजेक्ट, कोड स्कैन करते ही हिंदी-अंग्रेजी में मिलेगी जानकारी

रिशु राज सिंह

**चंडीगढ़।** हिसार की हड़प्पाकालीन साइट राखीगढ़ी में अब इससे जुड़ी जानकारी लेने के लिए गाइड की जरूरत नहीं पड़ेगी।

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने यहां क्यूआर प्रोजेक्ट शुरू किया है, जो पुरातत्व और आधुनिक तकनीक को जोड़ने का एक अनोखा प्रयास है। पर्यटक अब यहां लगे क्यूआर कोड को स्कैन कर हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। लिखित जानकारी के साथ आप स्मार्टफोन के माध्यम से इसे सुन भी सकेंगे। राखीगढ़ी हड़प्पा सभ्यता से जुड़े सबसे बड़े पुरातात्विक स्थलों में से एक है। यह स्थल करीब 5,000 साल पुरानी सिंधु घाटी सभ्यता की संस्कृति और उन्नत जीवन शैली का प्रमाण है। यहां खुदाई में कई महत्वपूर्ण अवशेष मिले हैं, जिनमें व्यवस्थित नगर योजना, जल निकासी प्रणाली व कुम्हार कला शामिल है। एएसआई चंडीगढ़ सर्कल के क्यूआर प्रोजेक्ट के तहत पर्यटक, साइट पर लगे क्यूआर कोड को अपने स्मार्टफोन से स्कैन कर सकते हैं। कोड स्कैन करते ही स्थल की जानकारी स्क्रीन पर दिखाई देने लगेगी।



हाल की खुदाई में मिला पकी हुई ईंट का फर्श

हड़प्पाकालीन साइट राखीगढ़ी में लगाए गए क्यूआर कोड।

वर्ष 2021-2024 के दौरान भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण की ओर से की गई खुदाई में राखीगढ़ी में अनेक महत्वपूर्ण खोज की गईं। इनमें एक विशेष प्रकार की दीवार, जिसका निर्माण लंबी ईंटों से किया गया था और एक कमरे में पकी हुई ईंट का फर्श शामिल है। अन्य खोजों में खेल खिलौने, छलनी, विभिन्न प्रकार के औजार, पालतू जानवरों के अवशेष, तांबे और कांसे के सामान, पॉटरी, गहने और हड़प्पाकालीन लिपियुक्त मुद्राएं भी शामिल हैं। इनसे संकेत मिलता है कि राखीगढ़ी एक उन्नत नगरीय केंद्र था। 2023-24 में उजागर हुई सीढ़ीदार संरचना और पकी ईंटों का फर्श सार्वजनिक वास्तुकला व घरों के निर्माण की उन्नत तकनीकों का प्रमाण है।

### कई साक्ष्य मौजूद

पहली बार 1969 में प्रो. सूरजभान के शोध से पता चला कि राखीगढ़ी के अवशेष और बस्तियां हड़प्पा संस्कृति की प्रकृति को दर्शाते हैं। एएसआई व पुणे के डेक्कन कॉलेज के शोध व उत्खनन में यह सामने आया कि राखीगढ़ी एक बड़ी बस्ती थी, जो 500 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में फैली हुई थी। यहां ग्यारह टीले पाए गए हैं, जो वैदिक सरस्वती नदी की सहायक दृषद्वती नदी के पास स्थित थे। दृषद्वती को अब चौतांग नदी के रूप में पहचाना जाता है। 1997-2000 में डॉ. अमरेन्द्र नाथ के निर्देशन में हुए उत्खनन से स्पष्ट हुआ कि यहां शुरुआती काल से परिपक्व हड़प्पा काल तक के विकास के सबूत हैं।

# खाना पहुंचाने वाली कंपनी के कर्मियों को 97 लाख की टिप

**नई दिल्ली।** 2024 के अंतिम दिन यानी 31 दिसंबर को जोमैटो के कर्मचारियों को 97 लाख रुपये टिप के रूप में मिले हैं। कंपनी को शाम पांच बजे तक प्रति सेकंड 140 ऑर्डर मिले थे। क्विक कॉमर्स पर जो सामान सबसे ज्यादा ऑर्डर किए गए, उनमें चिप्स, फ्रूट बीयर, कोल्ड ड्रिंक, बर्फ के टुकड़े और अंगूर शामिल थे।

जिस चीज ने सबका ध्यान खींचा वह अंगूर के ऑर्डरों की संख्या थी। नए साल की पूर्व संध्या पर आधी रात को 12 अंगूर खाने की परंपरा एक पुरानी स्पेनिश परंपरा से जुड़ी हो सकती है और माना जाता है कि यह आने वाले वर्ष के लिए सौभाग्य और समृद्धि के लिए होती है। ब्यूरो

# उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता लागू करने की घोषणा

## सीएम धामी ने कहा-समानता को बढ़ावा देगा यह कानून

**देहरादून।** नए साल के पहले दिन उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने की घोषणा की है। माना जा रहा है कि जल्द ही इसे राज्य में लागू कर दिया जाएगा। समान नागरिक संहिता लागू करने वाला उत्तराखंड पहला राज्य होगा।



पुष्कर सिंह धामी

सीएम धामी ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, हम प्रदेश में नागरिकों को समान अधिकार देने के लिए समान नागरिक संहिता लागू करने जा रहे हैं। यह कानून न केवल समानता को बढ़ावा देगा, बल्कि देवभूमि के मूल स्वरूप को बनाए रखने में सहायक सिद्ध होगा। गौरतलब है कि उत्तराखंड सरकार ने 2024 में समान नागरिक संहिता के लिए कानून पारित किया था। सीएम धानी ने यूसीसी का मसौदा तैयार करने के लिए हाईकोर्ट की सेवानिवृत्त न्यायाधीश रंजना प्रकाश देसाई की अध्यक्षता में विशेषज्ञ समिति गठित की थी। समिति ने पिछले साल फरवरी में राज्य सरकार को चार खंडों में यूसीसी का एक व्यापक मसौदा प्रस्तुत किया था। धामी सरकार ने कुछ दिनों बाद विधानसभा में उत्तराखंड समान नागरिक संहिता विधेयक पेश किया और इसे 7 फरवरी को पारित कर दिया गया। ब्यूरो

## न्यूज डायरी

### एयर मार्शल मिश्रा ने संभाला प. कमान के प्रमुख का पदभार



**नई दिल्ली।** एयर मार्शल जीतेंद्र मिश्रा ने बुधवार को भारतीय वायुसेना की पश्चिमी कमान के प्रमुख का पदभार संभाल लिया। वह एयर मार्शल पंकज मोहन सिन्हा का स्थान लेंगे, जो 39 वर्षों से अधिक की विशिष्ट सेवा देने के बाद सेवानिवृत्त हुए हैं। भारतीय वायुसेना के अनुसार एयर मार्शल मिश्रा के पास 3000 घंटे से अधिक लड़ाकू विमान उड़ाने का अनुभव है। एयर मार्शल मिश्रा को 6 दिसंबर, 1986 को लड़ाकू पायलट के रूप में भारतीय वायुसेना में शामिल किया गया था। एजेंसी

### वनस्पतिशास्त्री केएस मणिलाल का निधन, पीएम ने दुख जताया



**त्रिशूर।** मशहूर वनस्पतिशास्त्री और पद्मश्री विजेता केएस मणिलाल का उम्र से जुड़ी बीमारियों की वजह से बुधवार को निधन हो गया। वह 86 साल के थे। उनका पूरा नाम कटुंगल सुब्रह्मण्यन मणिलाल था, लेकिन वह अपने चाहने वालों के बीच केएस मणिलाल नाम से ही पहचाने जाते थे। वह कालीकट विश्वविद्यालय में वनस्पति विज्ञान विभाग के प्रमुख रहे थे। पीएम मोदी ने दुख जताते हुए अपूर्णीय क्षति बताया। एजेंसी

### राजस्थान : दौसा में बाघ के हमले से तीन लोग घायल

**जयपुर।** राजस्थान के दौसा जिले में बुधवार को बाघ के हमले से तीन लोग घायल हो गए। अलवर के संभागीय वन अधिकारी राजेंद्र हुड्डा के मुताबिक, घटना बांदीकुई के महुखुर्द गांव की है। घायलों की पहचान उगा महावर (45), विनोद मीणी (42) और बाबूलाल मीणा (48) के तौर पर की गई। हुड्डा ने बताया कि यह बाघ मंगलवार रात अलवर के सरिस्का जंगल से दौसा जिले में घुस आया था। उगा के झाड़ियों के पास से गुजरने के दौरान वहीं पर छिपे बैठेल बाघ ने हमला कर दिया। ब्यूरो

### अवंतीपोरा में जैश-ए-मोहम्मद के चार मददगार गिरफ्तार

**श्रीनगर।** पुलवामा जिले के अवंतीपोरा में सुरक्षाबलों ने आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के चार मददगारों को गिरफ्तार किया है। उनकी पहचान मुदस्सिर अहमद नाइक, इनायत फिरदौस राथर, उमर नजीर शेख व सलमान नजीर लोन के रूप में हुई है। इनके पास से आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई है। पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि गिरफ्तार किए आतंकी मददगार पुलवामा में जैश-ए-मोहम्मद के सक्रिय आतंकियों को रसद, हथियार और गोला-बारूद पहुंचाते थे। ब्यूरो

## ऑनलाइन पोल

amarujala.com/poll

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 'प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना' और 'पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना' को 2026 तक जारी रखने की मंजूरी दी है। क्या यह फैसला किसानों के लिए मददगार साबित होगा?

(1) हां (2) नहीं

### पिछले पोल का रिजल्ट

अखिल भारतीय रक्षा कर्मचारी महासंघ ने आगामी बजट में रक्षा कर्मियों को आयकर में 10 लाख रुपये तक छूट देने की मांग रखी है। क्या सरकार को इस पर विचार करना चाहिए?

| | |
|---|---|
| हां | 80.6% |
| नहीं | 19.4% |

# 2025 रक्षा सुधार वर्ष...सेना को मिलेगी तकनीक की ताकत व एकीकृत सैन्य कमान


## रक्षा मंत्री राजनाथ ने कहा-वर्तमान चुनौतियों के बीच भारत की सुरक्षा व संप्रभुता की नींव रखेंगे सुधार

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** वर्ष 2025 को रक्षा सुधार वर्ष घोषित किया गया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में हुई उच्चस्तरीय बैठक में यह घोषणा की गई। मंत्रालय ने कहा कि सेना के तीनों अंगों के बीच तालमेल बढ़ाने के लिए एकीकृत सैन्य कमान बनाना और सेना को तकनीकी रूप से उन्नत व युद्ध के लिए तैयार बल में बदलना प्राथमिकता होगी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि ये सुधार देश की रक्षा तैयारियों में अभूतपूर्व प्रगति की नींव रखेंगे और 21वीं सदी की चुनौतियों के बीच भारत की सुरक्षा एवं संप्रभुता सुनिश्चित करेंगे।

रक्षा मंत्रालय ने जिन सुधारों की योजना बनाई है, उनका व्यापक मकसद रक्षा अधिग्रहण प्रक्रियाओं को सरल और समयबद्ध बनाना, प्रमुख हितधारकों के बीच गहन सहयोग सुनिश्चित करना, बाधाओं को दूर करना, अक्षमताओं को खत्म करना और संसाधनों का अधिक से अधिक इस्तेमाल करना है। एकीकृत सैन्य कमान की योजना काफी महत्वपूर्ण है क्योंकि एकीकृत सैन्य कमान मॉडल के तहत सरकार सेना, वायुसेना और नौसेना की क्षमताओं को एकीकृत करना चाहती है तथा युद्ध एवं अभियानों के दौरान उनके संसाधनों का अधिक से अधिक उपयोग करना चाहती है। एकीकृत सैन्य कमान योजना के अनुसार, प्रत्येक सैन्य कमान में सेना, नौसेना और वायुसेना की यूनिट होंगी। ये सभी एक विशिष्ट भौगोलिक क्षेत्र में सुरक्षा चुनौतियों को देखते हुए एक यूनिट के रूप में काम करेंगी। मौजूदा समय में सेना, नौसेना और वायुसेना के अलग-अलग कमान हैं।

बैठक में कहा गया कि मंत्रालय को देश को रक्षा उत्पादों के एक विश्वसनीय निर्यातक के रूप में स्थापित करने की दिशा में काम करना चाहिए और भारतीय उद्योगों और विदेशी मूल उपकरण निर्माताओं के बीच अनुसंधान एवं विकास और साझेदारी को बढ़ावा देना चाहिए। देश की परिस्थितियों के अनुकूल आधुनिक सेनाओं से सर्वोत्तम प्रथाओं को अपनाने पर भी जोर दिया गया।



### एआई, हाइपरसोनिक, रोबोटिक्स जैसी तकनीक पर रहेगा ध्यान

मंत्रालय ने कहा, 2025 में साइबर और अंतरिक्ष जैसे नए क्षेत्रों, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), मशीन लर्निंग, हाइपरसोनिक और 'रोबोटिक्स जैसी उभरती तकनीक पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। मंत्रालय ने कहा कि बैठक में इस बात पर भी सहमति बनी कि भविष्य में संभावित युद्धों को जीतने के लिए आवश्यक रणनीति, तकनीक और प्रक्रियाएं भी विकसित की जानी चाहिए।

- *बैठक में अंतर-सेवा सहयोग व प्रशिक्षण के माध्यम से संचालन जरूरतों तथा संयुक्त संचालन क्षमताओं की साझा समझ विकसित करने का भी आह्वान किया गया। बैठक में तीव्र व मजबूत क्षमता विकास के लिए अधिग्रहण प्रक्रियाओं को सरल व समयबद्ध तरीके से करने की जरूरत पर भी बल दिया गया।*

### सार्वजनिक-निजी भागीदारी को बढ़ावा

रक्षा सुधारों का उद्देश्य रक्षा क्षेत्र और असैन्य क्षेत्र के उद्योगों के बीच प्रौद्योगिकी हस्तांतरण एवं ज्ञान साझा करने की प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने के लिए कदम उठाना तथा व्यापार को आसान बनाकर सार्वजनिक-निजी भागीदारी को बढ़ावा देना है। बैठक में रक्षा तंत्र में विभिन्न हितधारकों के बीच सहयोग पर ध्यान केंद्रित करने और विभागों के बीच विभाजन को सीमित करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया गया।

## साइबर अपराधियों ने सबसे अधिक व्हाट्सएप पर बनाए शिकार

**नई दिल्ली।** टेलीग्राम और इंस्टाग्राम के बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म व्हाट्सएप ऑनलाइन घोटालेबाजों के लिए पसंदीदा शिकारगाहों में से एक बना हुआ है। केंद्रीय गृह मंत्रालय की नवीनतम रिपोर्ट में यह खुलासा हुआ। वर्ष 2024 के पहले तीन महीनों में व्हाट्सएप के माध्यम से साइबर धोखाधड़ी के संबंध में कुल 43,797 शिकायतें प्राप्त हुईं, इसके बाद टेलीग्राम के खिलाफ 22,680 और इंस्टाग्राम के खिलाफ 19,800 शिकायतें मिलीं। रिपोर्ट के मुताबिक साइबर धोखेबाज इन अपराधों को शुरू करने के लिए गूगल का उपयोग कर रहे हैं।

गृह मंत्रालय की रिपोर्ट

- गूगल विज्ञापन प्लेटफॉर्म सीमापार से लक्षित विज्ञापन के लिए एक सुविधाजनक तरीका प्रदान करता है। यह घोटाला, जिसे सुअर वध घोटाला या निवेश घोटाला के नाम से जाना जाता है, एक वैश्विक घटना है और इसमें बड़े पैमाने पर मनी लॉन्ड्रिंग और यहां तक कि साइबर गुलामी भी शामिल है। आई4सी ने खुफिया जानकारी और सिग्नल साझा करने के लिए गूगल और फेसबुक के साथ साझेदारी की है। इसका उद्देश्य साइबर धोखेबाजों, एंड्रॉइड बैंकिंग मैलवेयर (हैश) और कई अन्य लोगों की ओर से डिजिटल ऋण देने वाले एप्स और उसके सिग्नल और गूगल के फायरबेस डोमेन (मुफ्त होस्टिंग) के दुरुपयोग को चिह्नित करना है। ब्यूरो



### अवैध कर्ज वाले एप फेसबुक विज्ञापन का करते हैं इस्तेमाल

रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में अवैध ऋण देने वाले एप लॉन्च करने के लिए संगठित साइबर अपराधियों द्वारा प्रायोजित फेसबुक विज्ञापनों का बड़े पैमाने पर उपयोग किया जाता है। इसमें आगे लिखा है, ऐसे लिंक को सक्रिय रूप से पहचाना जाता है और आवश्यक कार्रवाई के लिए फेसबुक पेजों के साथ-साथ फेसबुक के साथ साझा किया जाता है।

- *भारत-म्यांमार सीमा पर मणिपुर के मोरेह में 9.2 किलोमीटर लंबी बाड़ लगाने की परियोजना पूरी कर ली गई है। हालांकि, बाड़ के समानांतर सड़क बनाने का काम अभी चल रहा है।*

# 15 को नौसेना में शामिल होंगे दो युद्धपोत व पनडुब्बी, बढ़ेगी ताकत

## नए हथियारों और सेंसर से लैस, इस्तेमाल के लिए हमेशा तैयार

**मुंबई।** गणतंत्र दिवस से 10 दिन पहले दो अत्याधुनिक युद्धपोत सूरत व नीलगिरि और एक पनडुब्बी वाग्शीर को आधिकारिक तौर पर भारतीय नौसेना में शामिल किया जाएगा। इससे समुद्र में भारतीय नौसेना की ताकत बढ़ जाएगी। मुंबई के नौसेना डॉकयार्ड में तीनों जंगी जहाज एक साथ कमीशन के लिए तैयार हैं। भारतीय नौसेना के अधिकारियों ने बुधवार को कहा कि सभी तीन प्लेटफार्म गाइडेड मिसाइल विध्वंसक सूरत, स्टील्थ फ्रीगेट नीलगिरि और वाग्शीर नए हथियारों और सेंसर से लैस हैं। किसी भी समय बिना किसी बाधा के इसे चलाया जा सकेगा।

प्रोजेक्ट 17-ए स्टील्थ फ्रिगेट क्लास के तहत बनाए जा रहे सात युद्धपोतों में से नीलगिरि युद्धपोत की कई खासियतें हैं। वहीं, प्रोजेक्ट 15-बी स्टील्थ विध्वंसक सूरत कोलकाता श्रेणी के प्रोजेक्ट 15-ए विध्वंसक का एडवांस रूप है। वाग्शीर स्कॉर्पियन श्रेणी की छठी और अंतिम पनडुब्बियों में से एक है। इसे एंटी सरफेस युद्ध, पनडुब्बी रोधी युद्ध, खुफिया जानकारी इकट्ठा करना, क्षेत्र की निगरानी और विशेष अभियानों सहित कई प्रकार के मिशनों को पूरा करने के लिए डिजाइन किया गया है। तीनों को पूरी तरह से मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल) मुंबई में डिजाइन और निर्मित किया गया है। ब्यूरो



**प्रोजेक्ट 17-ए** — *स्टील्थ फ्रिगेट क्लास के तहत बनाए जा रहे सात युद्धपोतों में से नीलगिरी युद्धपोत की कई खासियतें हैं।*

**प्रोजेक्ट 15-बी** — *स्टील्थ विध्वंसक सूरत कोलकाता श्रेणी के प्रोजेक्ट 15-ए विध्वंसक का एडवांस रूप है।*

### दिन-रात उड़ान भर सकते हैं हेलिकॉप्टर

*आधुनिक विमानन सुविधाओं से लैस, नीलगिरि और सूरत से दिन और रात दोनों ही समय चेतक, एएलएच, सी किंग और हाल ही में शामिल किए गए एमएच-60आर सहित कई हेलिकॉप्टरों का संचालन कर सकते हैं। हेलिकॉप्टर ट्रैवर्सिंग सिस्टम और विजुअल एड और लैंडिंग सिस्टम जैसी विशेषताएं सभी परिस्थितियों में निर्बाध संचालन सुनिश्चित करती हैं।*

### दोनों युद्धपोतों में तैनात होंगी महिला अधिकारी

नीलगिरि और सूरत दोनों युद्धपोतों पर महिला अधिकारी और नाविक तैनात रहेंगी। बड़ी संख्या में महिला अधिकारियों और नाविकों को शामिल करने के लिए इसमें विशिष्ट आवास व्यवस्थाएं की गई हैं, जो फ्रंटलाइन लड़ाकू भूमिकाओं में लैंगिक समावेशन की दिशा में नौसेना के प्रगतिशील कदमों के अनुरूप हैं।

# मंत्री के ड्राइवर के हॉर्न बजाने पर जला जलगांव, तनाव...लगा कर्फ्यू

## महाराष्ट्र : सात गाड़ियां और 15 दुकानें जलाईं



जलगांव में उपद्रवियों ने सड़क किनारे खड़ी गाड़ियों को आग के हवाले कर दिया।

**मुंबई।** महाराष्ट्र के जलगांव जिले में मंत्री के ड्राइवर ने हॉर्न बजाकर रास्ता मांगा तो झड़प हो गई। देखते ही देखते मामला इतना बढ़ा कि दोनों पक्षों के बीच हिंसक झड़प होने लगी। उपद्रवियों ने 7 वाहनों और करीब 15 दुकानों को आग के हवाले कर दिया। घटना के बाद इलाके में कर्फ्यू लगा दिया गया। क्षेत्र में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिस ने करीब दो दर्जन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर सात को गिरफ्तार किया है।

एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि असल विवाद पालधी गांव के कसाइबाड़ा इलाके में मंगलवार देर रात शुरू हुआ। मंत्री गुलाबराव पाटिल की गाड़ी कसाइबाड़ा क्षेत्र से गुजर रही थी, तभी ड्राइवर ने हॉर्न बजाकर लोगों को रास्ता देने के लिए कहा। कार में मंत्री की पत्नी भी थीं। हॉर्न बजाने पर कहासुनी शुरू हो गई और कुछ अराजक तत्वों ने पथराव शुरू कर दिया। इसके बाद दो गुट आमने-सामने आ गए। लोगों ने वाहनों और दुकानों को निशाना बनाया और आगजनी की जिससे कई दुकानें जलकर राख हो गई हैं। हिंसा की सूचना के बाद फायर ब्रिगेड को भी बुलाया गया। आग पर काबू पाने तक करोड़ों का नुकसान हो चुका था। ब्यूरो

### दंगा नियंत्रण पुलिस की टीम तैनात

जलगांव की एसपी कविता नेरकर ने बताया कि इलाके में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए बुधवार तक कर्फ्यू लगाया गया है। इलाके में अतिरिक्त पुलिस बल, राज्य रिजर्व पुलिस बल, दंगा नियंत्रण पुलिस की टीम तैनात कर दी गई है। अब तक कई लोगों को हिरासत में भी लिया गया है। गुलाबराव पाटिल शिवसेना (शिंदे गुट) के नेता हैं और राज्य में जलापूर्ति व स्वच्छता मंत्री हैं।

# फसलों के नुकसान का आकलन व दावा निपटाने के लिए एफआईएटी

## कैबिनेट बैठक : 824.77 करोड़ का अलग कोष बनाने की घोषणा

**नई दिल्ली।** फसल बीमा योजनाओं के कार्यान्वयन में प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार ने नवाचार और तकनीक के लिए 824.77 करोड़ रुपये का अलग कोष (एफआईएटी) बनाने का एलान किया है। यह फसल क्षति के तेजी से आकलन, दावा निपटान और कम विवादों के लिए तकनीक के इस्तेमाल में मदद करेगा। यह आसान पंजीकरण और अधिक कवरेज के लिए डिजिटल तकनीकों का उपयोग करने में भी मदद करेगा।

कृषि मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि कोष उपयोग योजना के तहत तकनीकी पहल जैसे यस-टेक, विंड्स आदि के साथ-साथ अनुसंधान और विकास अध्ययनों के वित्तपोषण के लिए किया जाएगा। तकनीक का उपयोग कर उपज अनुमान प्रणाली (यस-टेक) उपज अनुमान के लिए रिमोट सेंसिंग तकनीक का उपयोग करती है, जिसमें तकनीक-आधारित उपज अनुमानों को न्यूनतम 30 प्रतिशत महत्व दिया जाता है। ब्यूरो

### ब्लॉक स्तर पर स्थापित किए जा रहे मौसम स्टेशन

मंत्रालय ने बताया कि मौसम सूचना और नेटवर्क डाटा सिस्टम (विंड्स) में ब्लॉक स्तर पर स्वचालित मौसम स्टेशन (एडब्ल्यूएस) और पंचायत स्तर पर स्वचालित वर्षा गेज (एआरजी) स्थापित किए जा रहे हैं। विंड्स के तहत हाइपर-लोकल मौसम डाटा विकसित करने के लिए वर्तमान नेटवर्क घनत्व में पांच गुना वृद्धि की बात है। इस पहल के तहत केंद्र और राज्य सरकारों की ओर से केवल डाटा किराया लागत का भुगतान किया जाता है।

### इंडोनेशिया किया जाएगा 10 लाख टन गैर बासमती चावल का निर्यात

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि कैबिनेट ने राष्ट्रीय सहकारी निर्यात लिमिटेड (एनसीईएल) के जरिये इंडोनेशिया को 10 लाख टन गैर बासमती चावल के निर्यात को भी मंजूरी दी है। यह निर्यात एनसीईएल, सहकारिता मंत्रालय और इंडोनेशियाई सरकार के बीच एक समझौता ज्ञापन के तहत किया जाएगा।

# नशा तस्करी में गिरफ्तार आठ पाकिस्तानियों को बीस साल कैद

**मुंबई।** नशा तस्करी में गिरफ्तार आठ पाकिस्तानियों को महाराष्ट्र की एक विशेष अदालत ने 20 साल कैद की सजा सुनाई। दो-दो लाख रुपये का जुमार्ना भी लगाया है। दोषियों के पास से 2015 में लगभग 7 करोड़ रुपये की 200 किलोग्राम से अधिक की हेरोइन जब्त की गई थी। एनडीपीएस अधिनियम मामलों के विशेष न्यायाधीश शशिकांत बांगर ने आठों आरोपियों को मादक पदार्थ विरोधी कानून के तहत दोषी पाया।



भारतीय तटरक्षक बल ने इन पाकिस्तानियों को नशा की तस्करी करते एक नाव से पकड़ा था। अभियोजन पक्ष के मुताबिक, नाव में मौजूद 11 ड्रमों में भूरे रंग के पाउडर के 20 प्लास्टिक पाउच थे। इन पाउचों की जांच में यह पाउडर हेरोइन निकला। आरोपियों के पास तीन सैटेलाइट फोन, जीपीएस नेविगेशन चार्ट और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण भी बरामद किए गए। तटरक्षक बल ने सभी को दक्षिण मुंबई में येलो गेट पुलिस के हवाले कर दिया था। विशेष लोक अभियोजक सुमेश पुंजवानी ने आरोपियों के लिए अधिकतम सजा की मांग की थी। वहीं, बचाव पक्ष के वकील ने अदालत से नरम रुख अपनाने की अपील की थी, लेकिन अदालत ने नरमी बरतने से इन्कार कर दिया और आठों आरोपियों को अधिकतम सजा सुनाई। ब्यूरो

**रहें सतर्क** — दुनिया ने 2024 में 41 अतिरिक्त दिन खतरनाक गर्मी का सामना किया

# 1901 के बाद से 2024 भारत में सबसे गर्म साल रहा

**नई दिल्ली।** भारत में साल 2024 ने गर्मी के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। 1901 के बाद से 2024 भारत के लिए सबसे गर्म वर्ष रहा और औसत न्यूनतम तापमान दीर्घकालिक औसत से 0.90 डिग्री सेल्सियस अधिक 20.24 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।



दुनिया ने 2024 में 41 अतिरिक्त दिन खतरनाक गर्मी का सामना किया। भारत मौसम विज्ञान विभाग के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने कहा कि 2024 में वार्षिक औसत तापमान 25.75 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो दीर्घकालिक अवधि (1991-2020) के औसत से 0.65 डिग्री अधिक है। यह 2016 में बनाए गए पिछले रिकॉर्ड को पार कर गया, जब औसत तापमान सामान्य से 0.54 डिग्री सेल्सियस अधिक था। उन्होंने कहा कि औसत अधिकतम तापमान 31.25 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो दीर्घकालिक अवधि के औसत से 0.20 डिग्री अधिक है। महापात्र ने कहा कि जुलाई, अगस्त, सितंबर और अक्तूबर के लिए रिकॉर्ड औसत न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया, जबकि फरवरी के लिए यह दूसरा सबसे अधिक था। उन्होंने कहा कि 2024 में न्यूनतम तापमान में वृद्धि काफी अधिक रही। दीर्घकालिक डाटा से पता चलता है कि देश के अधिकांश हिस्सों में न्यूनतम तापमान में वृद्धि देखी जा रही है, खासतौर पर मानसून के बाद और सर्दियों के मौसम में। उन्होंने जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने के लिए तत्काल कदम उठाने पर जोर दिया है। ब्यूरो

### वैश्विक औसत तापमान 1.5 डिग्री ऊपर रहा

यूरोपीय जलवायु एजेंसी कॉपरनिक्स के अनुसार, 2024 संभवतः रिकॉर्ड पर सबसे गर्म वर्ष के रूप में समाप्त हुआ और यह पहला वर्ष था जब वैश्विक औसत तापमान पूर्व-औद्योगिक स्तर से (1850-1900) स्तर से 1.5 डिग्री सेल्सियस ऊपर रहा। जून 2023 में मासिक वैश्विक तापमान 1.5 डिग्री की सीमा को पहली बार पार किया और यह प्रवृत्ति जुलाई को छोड़कर 2024 में पूरे साल बनी रही।

- *विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि दुनिया अब एक ऐसे चरण में प्रवेश कर रही है जिसके दौरान तापमान लगातार सीमा से अधिक हो जाएगा। पूर्व औद्योगिक स्तर की तुलना में दुनिया का तापमान पहले ही 1.3 डिग्री अधिक हो गया है।*

### इस महीने ला नीना की संभावना

*आईएमडी ने कहा कि जनवरी में ला नीना की स्थिति विकसित होने की उम्मीद है। इसमें मध्य प्रशांत महासागर का तापमान औसत से अधिक ठंडा हो जाता है जो उत्तर भारत में सर्दी का प्रमुख कारण बनता है। लेकिन इसकी अवधि अल्पकालिक होगी। इससे गर्मी की प्रवृत्ति पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ने की संभावना नहीं है।*

# एअर इंडिया ने चुनिंदा उड़ानों में शुरू की वाई-फाई सुविधा

**मुंबई।** एअर इंडिया ने अपने वाइडबॉडी एयरबस ए350 और बोइंग 787-9 बेड़े के साथ-साथ चुनिंदा एयरबस ए321नियो विमानों पर घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में वाई-फाई इंटरनेट कनेक्टिविटी सेवाएं शुरू कीं।



एअर इंडिया भारत के भीतर उड़ानों पर ऐसी सेवाएं देने वाली पहली एयरलाइन बन गई है। यह सेवा 10,000 फीट की ऊंचाई पर वाई-फाई-सक्षम डिवाइस जैसे लैपटॉप, टैबलेट और आईओएस या एंड्रॉइड ऑपरेटिंग सिस्टम वाले स्मार्टफोन इस्तेमाल करने वाले यात्रियों को एक साथ कई डिवाइस कनेक्ट करने की अनुमति देगा। विमानन कंपनी ने कहा कि घरेलू उड़ानों में शुरुआती अवधि के लिए वाई-फाई मुफ्त है। आने वाले समय में बेड़े के अन्य विमानों में भी यह सुविधा शुरू की जाएगी। एजेंसी

# मनमोहन सिंह के स्मारक के लिए जगह की तलाश शुरू

## पूर्व पीएम के परिवार से स्थान को लेकर की गई चर्चा

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने पूर्व पीएम दिवंगत डॉ. मनमोहन सिंह के स्मारक के लिए जगह तलाशने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। अंतिम चयन के लिए पूर्व पीएम के परिवार से भी बातचीत जारी है। सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय लोक निर्माण विभाग के अफसरों ने राष्ट्रीय स्मृति स्थल में संजय गांधी स्मारक के आसपास के स्थलों का दौरा किया और कुछ स्थानों की पहचान की, जहां स्मारक बनाया जा सकता है।

सूत्रों ने बताया कि डॉ. सिंह के परिवार के साथ सरकार ने तीन-चार जगहों को लेकर विचार-विमर्श भी किया है। किसी भी जगह पर अंतिम फैसला डॉ. सिंह के परिवार से परामर्श के बाद लिया जाएगा। सरकार पहले ही पूर्व प्रधानमंत्री के लिए स्मारक स्थापित करने की इच्छा जाहिर कर चुकी है। ब्यूरो



### केंद्र करेगा ट्रस्ट का गठन

*स्मारक के लिए भूमि आवंटित करने से पूर्व केंद्र एक ट्रस्ट का गठन करेगा। परिवार ने मनमोहन का अंतिम संस्कार वहीं कराने की मांग की थी, जहां स्मारक बन सके। हालांकि सरकार ने निगम बोध घाट पर अंतिम संस्कार कराया। इस पर कांग्रेस व भाजपा में नोकझोंक भी हुई थी।*

# एजुकेशन & कॅरिअर

जटिल समस्याओं को सुलझाने के लिए सोच भी उसी तरह की होनी चाहिए।

## अमर उजाला Job Alert

Real-time job alerts
amarujala.com/jobs

### दिल्ली अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड

पोस्ट ग्रेजुएट टीचर के पदों पर निकली भर्ती



432 पद

आवेदन की अंतिम तिथि : 14 फरवरी, 2025
योग्यताएं : बीएड/स्नातकोत्तर व अन्य निर्धारित पात्रताएं
यहां आवेदन करें : dsssb.delhi.gov.in

### इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक में मौके ■ 68 पद

सहायक प्रबंधक, वरिष्ठ प्रबंधक व अन्य पदों पर रिक्तियां
आवेदन की अंतिम तिथि
10 जनवरी, 2025
योग्यताएं
बीई/बीटेक व अन्य निर्धारित पात्रताएं
यहां आवेदन करें
ippbonline.com

### RGNAU में निकली भर्ती ■ 46 पद

प्रोग्रामर, सेक्शन ऑफिसर व अन्य पदों पर मौके
आवेदन की अंतिम तिथि
10 फरवरी, 2025
योग्यताएं
स्नातक व अन्य निर्धारित पात्रताएं
यहां आवेदन करें
rgnau.ac.in

### एम्स, देवघर में संभावनाएं ■ 107 पद

सीनियर रेजिडेंट के पदों पर करें आवेदन
आवेदन की अंतिम तिथि : 09 जनवरी, 2025
वेतनमान : रुपये 67,700 प्रतिमाह निर्धारित
यहां आवेदन करें : aiimsdeoghar.edu.in

### हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग ■ 65 पद

एग्रीकल्चर डेवलपमेंट ऑफिसर के पदों पर करें अप्लाई
आवेदन की अंतिम तिथि
27 जनवरी, 2025
वेतनमान
रुपये 48,700 से लेकर रुपये 1,54,300 प्रतिमाह निर्धारित
यहां आवेदन करें
hppsc.hp.gov.in

### भारतीय मानक ब्यूरो में अवसर ■ 12 पद

मैनेजमेंट एग्जीक्यूटिव और यंग प्रोफेशनल के पद रिक्त
आवेदन की अंतिम तिथि
17 जनवरी, 2025
आयु-सीमा
पदानुसार अधिकतम 35 वर्ष और 45 वर्ष निर्धारित
यहां आवेदन करें
bis.gov.in

### यहां भी रोजगार की संभावनाएं ...

- नेशनल हेल्थ सिस्टम्स रिसोर्स सेंटर : को-ऑर्डिनेटर माइक्रोबायोलॉजी व अन्य पदों पर रिक्तियां।
  आवेदन की अंतिम तिथि : 07 जनवरी, 2025
  ■mohfw.gov.in
- केंद्रीय रेशम बोर्ड : प्रतिनियुक्ति के आधार पर विभिन्न पदों पर करें आवेदन।
  आवेदन की अंतिम तिथि : 27 जनवरी, 2025
  ■csb.gov.in

अपनी प्रतिक्रियाओं और सुझावों के लिए हमें udaan@amarujala.com पर ई-मेल करें।

# किस लक्ष्य की ओर बढ़ रहे हैं आप

*जीवन को बेहतर बनाने के लिए जरूरी है कि धन और शोहरत के बजाय आप अपना ध्यान स्थायी चीजों पर केंद्रित करें*

रेनर स्ट्रैक
हार्वर्ड बिजनेस रिव्यू



अक्सर इन्सान धन, शोहरत और ताकत के पीछे भागता है, लेकिन इनसे मिलने वाली खुशी कुछ ही समय की होती है। प्राचीन यूनानी दर्शन और आधुनिक शोध बताते हैं कि एक बेहतर और सार्थक जीवन के लिए तीन आयाम आनंद (हेडोनिया), अर्थ और गुण (यूडेमोनिया) तथा मजबूत संबंध होने बेहद जरूरी हैं। ऐसे में, जीवन को बेहतर बनाने का पहला कदम एक प्रभावी रणनीति बनाना होता है। इसके लिए धन और यश जैसे कारकों से आगे बढ़कर आपको उन चीजों पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत होती है, जो वास्तव में आपके लिए मायने रखती हैं। इन रणनीतियों के आधार पर किया गया आपका हर एक प्रयास आपके अंतिम लक्ष्य और मूल्यों के अनुरूप होगा। याद रखें जीवन में रणनीति बनाना बेहतर कल के लिए बेहद जरूरी है।

Harvard Business Review

■ **बेहतर जीवन की परिभाषा**

बेहतर जीवन को परिभाषित करने के लिए पीईआरएमए-वी ढांचा बेहद कारगर है, जिसमें सकारात्मक भावनाएं (पी), जुड़ाव (ई), रिश्ते (आर), अर्थ (एम), उपलब्धि (ए) और जीवन शक्ति (वी) शामिल हैं। आप इसके जरिये शून्य से दस के पैमाने पर प्रत्येक तत्व की उपलब्धता का आकलन करके अपने जीवन को परिभाषित कर सकते हैं। साथ ही, इससे आपको एक बेहतर रणनीति बनाने में मदद मिलेगी।

■ **रणनीति बनाने का सही समय**

अब आप सोच रहे होंगे कि ऐसी रणनीति बनाने का सबसे सही समय कौन-सा होता है? जीवन से जुड़ी रणनीति किसी भी समय बनाई जा सकती है। यह समय आपके स्कूल-कॉलेज का, कॅरिअर के शुरुआती पड़ाव या उसके बीच का अथवा सेवानिवृत्त का समय हो सकता है। आपके जीवन की महत्वपूर्ण घटनाएं इसी समय घटित होती हैं। ऐसे क्षणों के दौरान, एक स्पष्ट रणनीति होने से आप जीवन के उतार-चढ़ाव को आसानी से प्रबंधित कर पाएंगे। इससे तनाव को कम करने और अधिक आनंद व संतुष्टि पाने में मदद मिलती है।

■ **ओकेआर रणनीति**

जीवन में स्थायी बदलाव लाना चुनौतीपूर्ण होता है। ऐसे बदलावों के लिए आप गूगल जैसी कंपनियों के दृष्टिकोण को अपना सकते हैं, जो ओकेआर (ओ-उद्देश्य और केआर-मुख्य परिणाम) का उपयोग करके रणनीतियों को लागू करती हैं। ओकेआर स्पष्ट, महत्वाकांक्षी, मापने योग्य और परिणामों पर केंद्रित होते हैं। सफलता सुनिश्चित करने के लिए, अपने लक्ष्य को परिभाषित करें और इसे प्राप्त करने के लिए एक तिथि निर्धारित करें। ऐसा करके आप अपने जीवन में सार्थक बदलाव ला सकते हैं।



■ **स्पष्ट दृष्टिकोण और दूरदर्शिता**

अगर आप अपने जीवन में कोई मुकाम हासिल करना चाहते हैं, तो आपके पास दूरदर्शिता और एक स्पष्ट दृष्टिकोण का होना बेहद जरूरी है। आपको यह पता होना चाहिए कि आप आने वाले वर्षों में खुद को कहां खड़ा देखना चाहते हैं। अपने दृष्टिकोण और विचारों की एक सूची बना लें। इससे आपको जीवन को एक नए रूप में ढालने में मदद मिलेगी।

## आवेदन आमंत्रित

### 'इंट्रोडक्शन टू कंप्यूटर प्रोग्रामिंग' फ्री कोर्स

**यूनिवर्सिटी** ऑफ लंदन ने 'इंट्रोडक्शन टू कंप्यूटर प्रोग्रामिंग' फ्री ऑनलाइन कोर्स की शुरुआत की है। कंप्यूटर प्रोग्रामिंग में दक्षता हासिल करने के लिए यह कोर्स आपके लिए एक अच्छा जरिया हो सकता है।



कोर्स के पाठ्यक्रम में कुल तीन मॉड्यूल शामिल हैं। पहले मॉड्यूल में आपको डेवलपमेंट एन्वॉयरन्मेंट विषय के तहत के तहत क्षेत्र से जुड़े टूलकिट, सरल आकृतियों एवं 2D निर्देशांकों का उपयोग करके ड्राइंग और कोड लिखने की प्रक्रिया के बारे में बताया जाएगा। दूसरे मॉड्यूल का संबंध पी5 डॉट जेएस में 2D ड्राइंग फंक्शन का सेट, रंग प्रतिनिधित्व और शैलियों और कंसोल के साथ डिबगिंग से है, जबकि तीसरे मॉड्यूल में आप चर और डाटा, सिंपल इंटरैक्शन और कोड ऑर्गेनाइजेशन जैसी तीन अवधारणाओं के बारे में जानेंगे। कोर्स के दौरान उद्योग विशेषज्ञ से नौकरी के लिए व्यावहारिक कौशल को सीखने के साथ-साथ सर्टिफिकेट पाने का भी मौका मिलेगा, जिससे आपका रिज्यूमे तो प्रभावी बनेगा ही, नौकरी की संभावनाएं भी बढ़ेंगी। आप अधिकारिक लिंक tinyurl.com/yjcx6ypy पर जाकर ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

## फेलोशिप प्रोग्राम

### टीच फॉर इंडिया फेलोशिप प्रोग्राम

**टीच** फॉर इंडिया फेलोशिप प्रोग्राम-2025 की पेशकश की जा रही है। यदि आप स्नातक कर चुके छात्र या कोई पेशेवर हैं और आपके पास अकादमिक दक्षता, नेतृत्व क्षमता, मजबूत संगठनात्मक कौशल हैं, तो आप इस फेलोशिप प्रोग्राम में आवेदन कर सकते हैं। इसकी अवधि दो वर्ष निर्धारित की गई है। प्रोग्राम के दौरान आपको अपने शिक्षण व नेतृत्व कौशल को निखारने, समान विचारधारा वाले शिक्षकों और सलाहकारों के एक विशाल नेटवर्क में शामिल होने का मौका मिलेगा। फेलोशिप में शामिल होने के लिए आपको अपनी उपलब्धियों, रुचियों, अनुभवों और विचारों को आवेदन करते समय साझा करना होगा। आपका चयन टेलीफोनिक इंटरव्यू के माध्यम से किया जाएगा। आप अपनी अर्हता की जांच करते हुए आधिकारिक लिंक apply.teachforindia.org पर जाकर दो फरवरी, 2025 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।



## एग्जाम अलर्ट — हफ्ते की परीक्षाएं

### एनआईडी डीएटी प्रारंभिक परीक्षा

- परीक्षा की तिथि : 05 जनवरी, 2025
- परीक्षा में दो भाग होंगे, जिनमें कुल 100 अंकों के प्रश्न पूछे जाएंगे। भाग-I में बहुविकल्पीय, जबकि भाग-II में विषयों से जुड़े प्रश्नों के जवाब देने होंगे।
- **यहां से प्रवेश-पत्र डाउनलोड करें** nid.edu

### यूपीएसएसएससी ऑडिटर और असिस्टेंट अकाउंटेंट परीक्षा

- परीक्षा की तिथि : 05 जनवरी, 2025
- इस परीक्षा में विषयगत ज्ञान, कंप्यूटर एवं सूचना प्रौद्योगिकी, करंट अफेअर्स, प्रौद्योगिकी व विकास और उत्तर प्रदेश से संबंधित 100 अंकों के 100 प्रश्न पूछे जाएंगे। गलत उत्तरों के लिए एक-चौथाई नकारात्मक अंकन किया जाएगा।
- **यहां से प्रवेश-पत्र डाउनलोड करें** upsssc.gov.in

## खुद को परखें

1. दिसंबर 2024 में किस देश ने नोरोवायरस की सूचना दी है?
   (a) अमेरिका
   (b) फ्रांस
   (c) चीन
   (d) रूस
2. हाल ही में, सभी सात महाद्वीपों की सबसे ऊंची चोटियों पर चढ़ने वाली सबसे कम उम्र की महिला कौन बनी है?
   (a) प्रगति बिष्ट
   (b) सनाया गुप्ता
   (c) काम्या कार्तिकियन
   (d) कीर्ति रावत
3. हेलिकोबैक्टर पाइलोरी किस प्रकार का रोगजनक है?
   (a) वायरल (b) जीवाणु
   (c) फंगल (d) प्रोटोजोआ

उत्तर : *1.a, 2.c, 3.b*

## सामान्य ज्ञान — बाल्कन ब्लूज




- बोस्निया के सेवडालिंका, जिसे अक्सर बाल्कन ब्लूज के नाम से जाना जाता है, को यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत (आईसीएच) की राष्ट्रीय सूची में शामिल किया गया है।
- बाल्कन ब्लूज की जड़ें 16वीं शताब्दी की मानी जाती हैं, जो दक्षिण स्लाविक मौखिक कविता और ऑटोमन साम्राज्य के संगीत प्रभावों के संश्लेषण को दर्शाती हैं।
- सेवडालिंका को अक्सर एक कैपेला या टैम्बुरिका (एक ल्यूट जैसा वाद्य) जैसे पारंपरिक वाद्य यंत्रों के माध्यम से बजाया जाता है।
- बाल्कन ब्लूज की कला को मौखिक परंपराओं के जरिये संरक्षित किया गया है, जिसमें पारिवारिक समारोहों और सामुदायिक कार्यक्रमों का एक केंद्रीय तत्व शामिल है।
- अमूर्त सांस्कृतिक विरासत का अर्थ वे प्रथाएं, प्रतिनिधित्व, अभिव्यक्तियां, ज्ञान और कौशल हैं, जिन्हें समुदाय, समूह और व्यक्ति अपनी सांस्कृतिक विरासत के हिस्से के रूप में पहचानते हैं।
- हाल ही में, भारत को 2022 से 2026 तक के लिए आईसीएच की सुरक्षा के लिए यूनेस्को के 2003 कन्वेंशन की अंतर-सरकारी समिति के लिए चुना गया है।

## कल्पवृक्ष — FAITH & WISDOM

# सूर्य देव हैं पूरी सृष्टि के प्राण

**सृष्टि सृजन और सभी जीवों की उत्पत्ति में भगवान सूर्य का प्रमुख योगदान है। ब्रह्मा, विष्णु, महेश भी सूर्य का ध्यान करते हैं। उनकी उपासना से आयु, विद्या, बुद्धि और यश की प्राप्ति होती है।**

उत्तम स्वास्थ्य ही सृष्टि का सर्वोत्तम सुख है। शास्त्रों में इसके आधिकारिक देव भगवान सूर्य कहे गए हैं। प्राणियों का शरीर जिस अस्थि के ढांचे पर टिका हुआ है, उसके कारक भी सूर्य देव ही हैं। दीर्घकालिक स्वस्थ जीवन अश्विनी कुमारों की उपासना-कृपा के आधीन है। इस संसार के जितने भी स्थावर (छोटे-बड़े पेड़-पौधे, लता, नाना प्रकार की औषधियां आदि) और जंगम (मानव, पशु-पक्षी, सरीसृप आदि) हैं, सूर्य देव उनकी आत्मा (प्राण) हैं। मां आदिशक्ति को सूर्योपासना की उपयोगिता बताते हुए भगवान शिव कहते हैं कि भास्कर इस जगत के साक्षीभूत देव हैं। वे सृष्टि के शुभ-अशुभ कार्यों के दृष्टा हैं, इसलिए ब्रह्मा, विष्णु, स्वयं मैं और सभी देव, ऋषि-मुनि, सिद्ध योगी, यक्ष, गंधर्व आदि सभी देव सूर्य का ही ध्यान करते हैं। सृष्टि सृजन और सभी जीवों की उत्पत्ति में इनका प्रमुख योगदान है।





पं. जयगोविंद शास्त्री

पौष माह में सूर्य धनु राशि पर गोचर करते हैं, जिसके परिणामस्वरूप इनकी शक्ति कुछ क्षीण और रश्मियां कमजोर पड़ जाती हैं। इस राशि के स्वामी गुरु का तेज भी प्रभावहीन रहता है, जिसके कारण उनके स्वभाव में उग्रता आ जाती है। ज्योतिष ग्रंथों में इस माह को 'खरमास' कहा जाता है। वैदिक ज्योतिष के अनुसार, आदिकाल में इनके पास सभी राशियों का आधिपत्य था, किंतु कालांतर में इन्होंने सिंह राशि को अपने पास रखा और कर्क राशि का आधिपत्य चंद्रमा को दे दिया। बाकी बची दस राशियों में से पांच ग्रहों मंगल, बुध, गुरु, शुक्र और शनि को दो-दो राशियों का अधिपति नियुक्त किया। ये सभी ग्रहों, राशियों, नक्षत्रों, संवत्सरों, योगों, करणों और मुहूर्तों के अधिपति हैं।

पौष माह में इनकी यात्रा के समय सेवा में इनके रथ के साथ अंशु और भग नाम के दो आदित्य, कश्यप और क्रतु नाम के दो ऋषि, महापद्म और कर्कोटक नाम के दो नाग, चित्रांगद और अरणायु नाम के दो गंधर्व, सहा और सहस्या नाम की दो अप्सराएं, तार्क्ष्य और अरिष्टनेमि नामक दो यक्ष, आप और वात नामक दो महाबलशाली दैत्य चलते हैं।

■ **प्रात:कालीन सूर्य उपासना**

इनका पूजन-आराधना भी महादेव की पूजा की तरह सरल है। प्रातः नमस्कार और स्नान के बाद अर्घ्य देने से यह भक्तों पर पूर्ण प्रसन्न हो जाते हैं, इसलिए उत्तम स्वास्थ्य, शिक्षा, संतान और यश की प्राप्ति, सामाजिक पद-प्रतिष्ठा, प्रतियोगिता में सफलता, व्यापार में कामयाबी और राज्यपद की लालसा रखने वालों, बेरोजगार नवयुवकों, अधिकारियों से प्रताड़ित लोगों को प्रातः उदयकालीन लाल सूर्य की उपासना करनी चाहिए।

■ **मध्यानकालीन**

बार-बार चोट लगती हो, शरीर में कैल्शियम की कमी हो, दुर्घटना के शिकार अधिक होते हों, अपयश का भय सता रहा हो, अपनी हत्या का भय हो तो यदि दोपहर 'अभिजीत' मुहूर्त में भी सूर्य को अर्घ्य देकर उनकी आराधना की जाए तो जीवनपर्यंत इस तरह का भय नहीं रहेगा।

■ **सायंकालीन उपासना**

सायंकालीन प्रदोष वेला में सूर्य उपासना से जीवनपर्यंत अन्न-जल और भौतिक वस्तुओं का सुख मिलता है। इनके मंत्र जाप, आदित्य हृदय स्तोत्र का पाठ करने और जल से अर्घ्य देने पर जन्म-कुंडली के सभी दोष नष्ट हो जाते हैं। आयु, विद्या, बुद्धि और यश की प्राप्ति होती है।

# प्रेम पर आधारित है वास्तविक खुशी



प्रवचन
स्वामी सुखबोधानंद

**जब** हम किसी से शारीरिक रूप से दूर होते हैं तो उनके अलग होने का अहसास होता है। हम उनका प्रेम पाने की कोशिश करते हैं, लेकिन आध्यात्मिक स्तर पर यह दूरी कोई मायने नहीं रखती। इस स्तर पर पहुंचकर आपको एक होने के लिए परिश्रम की आवश्यकता नहीं होती। जब आप भौतिक स्तर पर किसी से मिलने की कोशिश करते हैं तो यह अपने आपमें ही नाउम्मीदी का स्रोत बन जाता है।

एक बार एक युवक ने मुझसे पूछा, "प्रतिस्पर्धा से भरे इस युग में क्या खुश रहना संभव है? क्या अविश्वास की नींव पर एक खुशहाल जीवन की स्थापना की जाती सकती है?" बाइबल में लिखा है कि स्वर्ग की सत्ता आपके भीतर है। गीता कहती है कि खुशहाली आपके भीतर ही छिपी है, लेकिन मनुष्य इस खुशी को बाहरी दुनिया में तलाशता है। हम अपने भीतर छिपे सार को भूल विवरण में खो जाते हैं। हम अपेक्षाओं का शिकार बन जाते हैं। अपेक्षाएं रखना गलत नहीं है, लेकिन अपेक्षाओं पर खुशियों को निर्भर कर देना गलत है। हमें प्रेम से काम करना चाहिए, अपेक्षाओं से नहीं। एक झेन गुरु थे। वह बेहद निर्बल होने के बावजूद बड़े से बड़े पत्थर को भी बिना परेशानी के हिला देते थे। किसी ने उनसे पूछा कि आपके इस बल का रहस्य क्या है? इस पर उन्होंने बताया कि पत्थर को हिलाने से पहले मैं उससे वार्तालाप करता हूं। मैं उससे आज्ञा और समर्थन मांगता हूं। इसके बाद वह पत्थर स्वतः ही हिल जाता है। प्रेम ही आपको शक्ति प्रदान करता है, न कि सामने वाले से संबंधित आपकी अपेक्षाएं।

## सप्ताह का मंत्र

एक एवात्मा मंतव्यो जाग्रत्स्वप्नसुषुप्तिषु।
स्थानत्रयव्यतीतस्य पुनर्जन्म न विद्यते।।
एक एव हि भूतात्मा भूते भूते व्यवस्थितः।
एकधा बहुधा चैव दृश्यते जलचन्द्रवत्।।
घटसंवृतमाकाशं नीयमाने घटे यथा।
घटो नीयेत नाकाशं तथा जीवो नभोपमः।।
घटवद्विविधाकारं भिद्यमानं पुनः पुनः।
तद्भेदे च न जानाति स जानाति च नित्यशः।।
शब्दमायावृतो यावत्तावत्तिष्ठति पुष्कले।
भिन्ने तमसि चैकत्वमेक एवानुपश्यति।।

स्रोत : त्रिपुरतापिन्युपनिषद

### ॐ की साधना से चित्त की शांति

**संकेत** : प्रस्तुत मंत्र अथर्ववेदीय त्रिपुरतापिन्युपनिषद के पंचम उपनिषद से लिया गया है, जिनमें देवों द्वारा ब्रह्म का रहस्य जानने की जिज्ञासा प्रकट करने पर भगवान ने उनको ज्ञान, विज्ञान और सम्यक ज्ञान, तीनों साधनों द्वारा ब्रह्मविषयक उपदेश दिया है।

**मंत्रार्थ** : जाग्रत-स्वप्न-सुषुप्ति, इन तीनों अवस्थाओं में एक ही आत्मा अवस्थित है। उसी प्रकार स्वर्ग-मृत्यु-पाताल में भी वह एक ही रहता है। जो मनुष्य तीनों अवस्थाओं और तीनों लोकों से परे उठ जाता है, उसका पुनर्जन्म नहीं होता। एक ही परमात्मा आत्मा के रूप में प्रत्येक प्राणी में रहता है। चंद्र एक होने पर भी भिन्न-भिन्न जल पात्रों में प्रतिबिंब रूप में बहुत-सी संख्या वाला दिखाई देता है। आकाश अनंत होने पर भी एक घड़े में वह 'घटाकाश' के रूप में (सीमित) रहता है, पर घड़ा जब दूर किया जाता है, तब वहां आकाश व्याप्त हो जाता है। इसी प्रकार जीव भी आकाश की तरह व्यापक है, केवल शरीर आदि की उपाधि से सीमित मालूम होता है। घट में अवस्थित आकाश घट के प्रमाण में विविध आकारों वाला दिखता है, पर घड़े का नाश होने पर वह परमाकाश में मिल जाता है। इसी प्रकार जीव भी देहादि उपाधियों के नाश हो जाने पर भेद-भाव को नहीं जानता। ज्ञानी इस अभेदभाव को जानता है। शब्द (नाम और रूप) की माया से आवृत्त होकर जहां तक जीव बहुत्व (अनेकत्व) में रहता है, वहां तक ही वह बहुत्व-अनेकत्व में दिखाई देता है, लेकिन जब भ्रमजनक पाया गया अज्ञान-अंधकार चला जाता है, तब यह मालूम पड़ जाता है कि वह एक ही है।

**तात्पर्य** : शब्द व्याप्य ब्रह्म तो भिन्न-भिन्न दिखाई पड़ता है, मगर शब्दावरण चले जाने पर वह 'अक्षरब्रह्म' ही दिखाई देता है। इसलिए विद्वान मनुष्य यदि चित्त की शांति चाहता हो तो उसे अक्षरब्रह्म 'ॐ' की उपासना करनी चाहिए।

## आज का दिन

2 जनवरी, 1959

सोवियत संघ ने अंतरिक्ष यान 'लूना 1' को सफलतापूर्वक लॉन्च किया था। यह पृथ्वी की कक्षा छोड़ने वाला, चंद्रमा के आसपास पहुंचने वाला और सूर्य की परिक्रमा करने वाला पहला अंतरिक्ष यान था।



- 1778 : जॉर्जिया संयुक्त राज्य अमेरिका में शामिल होने वाला चौथा राज्य बना था।
- 1913 : ऑस्ट्रेलिया ने पहला डाक टिकट जारी किया था।
- 1947 : गांधी जी ने पूर्वी बंगाल में शांति के लिए मार्च शुरू किया था।
- 1954 : देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' की शुरुआत हुई थी।

## व्रत त्योहार

आज : पौष शुक्ल पक्ष तृतीया।
कल : शिशिर ऋतु, सूर्य उत्तरायणे, दक्षिण गोले।
राहुकाल : प्रातः 10.30 से 12.00 तक।

■ सूर्योदय : 07.19
■ सूर्यास्त : 17.33
(भारतीय मानक समयानुसार)

## कल का पंचांग

विक्रमी संवत 2081, 13 पौष मास शक 1946, पौष मास 20 प्रविष्टे, 02 रज्जब हिजरी 1446, पौष शुक्ल पक्ष चतुर्थी 23.39 तक उपरांत पंचमी, धनिष्ठा नक्षत्र 22.21 तक उपरांत शतभिषा नक्षत्र, वज्र योग 12.36 तक उपरांत सिद्धि योग, वणिज करण 12.23 तक उपरांत विष्टि (भद्रा) करण, चंद्रमा कुंभ राशि में 10.45 बजे।

amarujala.com/astrology

## राशिफल

■ पं. विनोद त्यागी

**मेष** : मन अशांत रहेगा। ऋण संबंधी परेशानी बनी रहेगी। व्यवसाय में मंदी रहेगी। स्वास्थ्य नरम रहेगा।

**वृष** : नौकरी में उन्नति के संकेत मिलेंगे। भू-संपत्ति का कार्य बन सकता है। व्यवसाय में लाभ होगा।

**मिथुन** : योजना को कार्य रूप देने में सफल रहेंगे। सरकारी क्षेत्र में अटके कार्य बनेंगे। व्यवसाय में लाभ बढ़ेगा।

**कर्क** : मानसिक ऊहापोह बना रहेगा। सरकारी क्षेत्र में सावधानी बरतें। व्यावसायिक समस्या का निदान मिलेगा।

**सिंह** : प्रयासों में निराशा होगी। विश्वासपात्र से धोखा संभव है। व्यवसाय में लाभ के अवसर मिलेंगे। यात्रा हो सकती है।

**कन्या** : दिन अनुकूल रहेगा। नौकरी में स्थिति सुखद रहेगी। धनागम के नए स्रोत बनेंगे। व्यवसाय में उत्तम लाभ होगा।

**तुला** : राजनीतिक प्रतिष्ठा बढ़ सकती है। कोर्ट-कचहरी में विजय मिलेगी। व्यवसाय में अचानक लाभ होगा।

**वृश्चिक** : आत्मविश्वास बनाए रखें। संतान पक्ष की चिंता रहेगी। व्यवसाय में लाभ कम होगा। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**धनु** : अजनबी से सावधानी रहें। नौकरी में अनैतिक कार्य से बचें। व्यवसाय में यथेष्ट लाभ होगा। क्रोध से बचें।

**मकर** : नए कार्य का प्रस्ताव आ सकता है। व्यवसाय में यथेष्ट धन लाभ होगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कुंभ** : भाग्य सहायक रहेगा। नौकरी में उन्नति के संकेत मिल सकते हैं। व्यावसायिक लाभ से उत्साह बढ़ेगा।

**मीन** : बौद्धिक कार्यों में सफलता मिलेगी। नौकरी में उन्नति हो सकती है। व्यवसाय में धन लाभ संभव है।

## जन्मदिन



गिप्पी ग्रेवाल, अभिनेता

आज जन्मे जातक आत्मविश्वासी होते हैं। लक्ष्य प्राप्ति प्रायः 25 या 29वें वर्ष में होती है। इस वर्ष धैर्य रखने और श्रम करने पर कार्य सफल होंगे। विवाह या संतान सुख की इच्छापूर्ति के योग बनेंगे। मकान या प्लॉट का क्रय हो सकता है। रोजगारपरक परीक्षाओं में सफलता मिलेगी। व्यवसाय में लाभ होगा। सेहत सामान्य रहेगी।

## सुडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | 3 | 7 | 1 | 8 | 4 | | |
| 1 | | | | | | 8 | | |
| | 8 | 4 | 3 | 6 | | 9 | 2 | |
| | | | 1 | | | 5 | 4 | |
| | | | 2 | | 6 | | | |
| | 5 | 2 | | | 4 | | | |
| | 3 | 9 | | 4 | 1 | 6 | 5 | |
| | | 7 | | | | | | 4 |
| | | 8 | 5 | 2 | 7 | 1 | 3 | |

सुडोकू 81 वर्गों का ग्रिड है, जो 9 वर्गों के ब्लॉक में बंटा हुआ होता है। कुछ वर्गों के अंक लिखे हैं और खाली वर्गों में 1 से लेकर 9 तक के अंक लिखने होते हैं। कोई नंबर 1 पंक्ति, कॉलम या 9 वर्ग वाले छोटे ब्लॉक में दोबारा नहीं आ सकता है।

उत्तर

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 3 | 7 | 1 | 8 | 4 | 6 | 5 |
| 1 | 6 | 5 | 4 | 9 | 2 | 8 | 7 | 3 |
| 7 | 8 | 4 | 3 | 6 | 5 | 9 | 2 | 1 |
| 8 | 9 | 6 | 1 | 7 | 3 | 5 | 4 | 2 |
| 4 | 7 | 1 | 2 | 5 | 6 | 3 | 9 | 8 |
| 3 | 5 | 2 | 9 | 8 | 4 | 7 | 1 | 6 |
| 2 | 3 | 9 | 8 | 4 | 1 | 6 | 5 | 7 |
| 5 | 1 | 7 | 6 | 3 | 9 | 2 | 8 | 4 |
| 6 | 4 | 8 | 5 | 2 | 7 | 1 | 3 | 9 |

## डेली हेल्थ कैप्सूल

### सर्दियों में हाथ-पैर सुन्न हो जाते हैं?

*सर्दियों में हाथ-पैर सुन्न पड़ जाना आम समस्या है, खासकर ठंड के प्रति संवेदनशील लोगों में।*

**चिकित्सकीय** भाषा में इसे नंबनेस कहते हैं। आमतौर पर यह नसों पर दबाव, रक्त प्रवाह में कमी या ठंड के कारण होता है, लेकिन इसके दूसरे कारण भी हो सकते हैं। लंबे समय तक दिक्कत रहने से नसों को स्थायी नुकसान हो सकता है। हाथ-पैर सुन्न होने पर संतुलन खोने का खतरा रहता है। रक्त प्रवाह में लगातार कमी रहने से



मांसपेशियां कमजोर हो सकती हैं। कुछ उपायों से इससे बचा जा सकता है। शरीर को गरम कपड़ों से ढककर रखें। ऊनी दस्ताने और मोजे पहनें। थर्मल कपड़ों का उपयोग करें। रक्त संचार बढ़ाने के लिए नियमित रूप से हाथ-पैर की मालिश करें। गरम पानी में थोड़ी देर हाथ-पैर डालकर रखें। व्यायाम करें। खानपान में गरम चीजों का सेवन करें, जैसे अदरक की चाय, हल्दी वाला दूध और पर्याप्त पानी पीएं। बादाम, अखरोट, मूंगफली का सेवन करें। ये रक्त वाहिकाओं को स्वस्थ रखते हैं। विटामिन सी युक्त फलों- संतरा, नीबू, आंवला और ब्रोकली को खानपान में शामिल करें। इनसे इम्यून सिस्टम मजबूत होगा और रक्त संचार बेहतर होगा। आयरन की कमी से भी रक्त संचार धीमा होता है। इसके लिए पालक, चुकंदर, अनार और हरी पत्तेदार सब्जियों का सेवन करें।

### क्या कहते हैं विशेषज्ञ

**यदि यह समस्या लगातार बनी हुई है या लंबे समय तक बनी रहती है, तो डॉक्टर से परामर्श लें। यह रेनॉड्स सिंड्रोम या अन्य किसी स्वास्थ्य समस्या का संकेत हो सकती है।**


-डॉ. अरविंद कुमार अत्री, वरिष्ठ हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ

## बुमराह नहीं होते तो श्रृंखला एकतरफा होती : मैक्ग्रा



*सिडनी। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व दिग्गज तेज गेंदबाज ग्लेन मैक्ग्रा ने जसप्रीत बुमराह की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा कि अगर भारतीय टीम में यह तेज गेंदबाज नहीं होता तो फिर यह श्रृंखला पूरी तरह से ऑस्ट्रेलिया के पक्ष में एकतरफा हो जाती। भारत अभी पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला में 1-2 से पीछे चल रहा है। मैक्ग्रा ने कहा, बुमराह भारतीय टीम के महत्वपूर्ण खिलाड़ी हैं और अगर वह नहीं होते तो यह श्रृंखला ऑस्ट्रेलिया के लिए एकतरफा बन जाती। एजेंसी*

### न्यूज डायरी



भारत के खिलाफ सिडनी टेस्ट में ऑस्ट्रेलियाई टीम कैंसर बचाव मुहिम के तहत गुलाबी कैप पहनकर उतरेगी।

#### हॉकी इंडिया लीग में बंगाल ने गोनासिका को हराया

**राउरकेला।** कप्तान रूपिंदर पाल सिंह के दो गोल की बदौलत श्राची बंगाल टाइगर्स ने बुधवार को हॉकी इंडिया लीग के अपने दूसरे मैच में टीम गोनासिका को 2-1 से हरा दिया। रूपिंदर पाल सिंह (31वें और 48वें मिनट) के दो गोल से टाइगर्स ने जीत हासिल की और अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया। टीम गोनासिका की यह लगातार दूसरी हार थी। उसके लिए मनप्रीत सिंह ने गोल किया। एजेंसी

#### शतरंज रैंकिंग में चैंपियन गुकेश पांचवें स्थान पर



**नई दिल्ली।** भारतीय ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगेसी और विश्व चैंपियन डी गुकेश ने बुधवार को जारी शतरंज रैंकिंग में क्रमशः अपना चौथा और पांचवां स्थान बरकरार रखा। एरिगेसी 2801 रेटिंग अंक से चौथे स्थान पर हैं। वहीं, पिछले महीने चीन के डिंग लिरेन को हराकर विश्व चैंपियनशिप का खिताब जीतने वाले 18 वर्षीय गुकेश 2783 रेटिंग के साथ पांचवें स्थान पर हैं। महिला वर्ग में कोनेरू हंपी 2523 की रेटिंग के साथ छठे स्थान पर हैं। एजेंसी

#### पूर्व बल्लेबाज कांबली को अस्पताल से मिली छुट्टी

**ठाणे।** पूर्व भारतीय बल्लेबाज विनोद कांबली को करीब दो हफ्ते तक इलाज के बाद बुधवार को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। कांबली (52 वर्ष) को मूत्र संक्रमण और खिंचाव के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया था, लेकिन बाद में डॉक्टरों ने कहा कि उनके मस्तिष्क में थक्के पाए गए हैं। नए साल के संदेश में कांबली ने मीडिया से बात करते हुए लोगों से शराब और नशीले पदार्थों से दूर रहने की अपील की और कहा कि बुरी आदतें किसी की जिंदगी बर्बाद कर सकती हैं। एजेंसी

## वैशाली चमकीं...विश्व ब्लिट्ज चैंपियनशिप में जीता कांस्य, भारत को 2 पदक

### शतरंज : वेनजुन ने फाइनल में टिंगजी को हराया

**न्यूयॉर्क।** भारत की आर वैशाली ने विश्व ब्लिट्ज शतरंज चैंपियनशिप के महिला वर्ग में कांस्य पदक जीता। इससे पहले रैपिड स्पर्धा में भारतीय ग्रैंडमास्टर कोनेरू हंपी ने खिताब जीता था। इस तरह भारत ने विश्व रैपिड और ब्लिट्ज चैंपियनशिप में कुल दो पदक जीते।

वैशाली ने मंगलवार देर रात क्वार्टर फाइनल में चीन की झू जिनर को 2.5-1.5 से हराया, लेकिन सेमीफाइनल में वह चीन की एक अन्य प्रतिद्वंद्वी जू वेनजुन से 0.5-2.5 से हार गईं। इस प्रतियोगिता में पूरी तरह से चीन के खिलाड़ियों का दबदबा रहा। चीन की जू वेनजुन ने हमवतन लेई टिंगजी को

**0.5-2.5** से वैशाली को सेमीफाइनल में विजेता वेनजुन से हार मिली

3.5-2.5 से हराकर विश्व खिताब जीता। टूर्नामेंट समाप्त होने के बाद फिडे विश्व रैपिड और ब्लिट्ज चैंपियनशिप का समापन समारोह हुआ और इस दौरान विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित किए गए। वैशाली को पदक दिया गया तो हंपी को पदक के साथ चैंपियन ट्रॉफी मिली। एजेंसी



कांस्य पदक के साथ आर वैशाली। एजेंसी



विजेता ट्रॉफी के साथ रैपिड विश्व चैंपियन कोनेरू हंपी।

### पहली बार दो खिलाड़ियों में बंटा खिताब

ओपन वर्ग में दुनिया के नंबर एक मैग्नस कार्लसन और रूस के इयान नेपोमनियाच्ची ने ब्लिट्ज खिताब साझा किया क्योंकि सडन-डेथ की तीन बाजियों के बाद भी कोई स्पष्ट विजेता नहीं बन पाया। इसके बाद दोनों खिलाड़ियों ने ट्रॉफी साझा करने पर सहमति जताई। यह पहला अवसर है जब खिताब दो खिलाड़ियों में बांटा गया।



संयुक्त विजेता कार्लसन-नेपोमनियाच्ची।

- कार्लसन ने कहा, हम दोनों थके हुए थे। हमारा यह फैसला कुछ को पसंद आएगा और कुछ को नहीं। हम खेल जारी रख सकते थे, लेकिन खिताब साझा करना अच्छा समाधान था। यह टूर्नामेंट को समाप्त करने का अच्छा तरीका था।
- दोनों खिलाड़ियों के खिताब बांटने की आलोचना हो रही है। पूर्व विश्व चैंपियन व्लादिमीर क्रैमनिक ने इस तरह की स्थितियों के लिए कोई नियम न सोचने के लिए अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ की आलोचना की है।

## ऑस्ट्रेलिया में टीम के प्रदर्शन से खुश नहीं गंभीर रोहित और विराट पर अच्छे प्रदर्शन का दबाव

### बल्लेबाजों के आउट होने के तरीके से कोच नाराज, 5वें टेस्ट से पहले ड्रेसिंग रूम में अशांति

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलियाई दौरे पर संघर्ष कर रही भारतीय टीम के खराब प्रदर्शन की आंच ड्रेसिंग रूम पर भी पड़ने लगी है। मेलबर्न टेस्ट में हार के बाद टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर कुछ खिलाड़ियों के प्रदर्शन से खुश नहीं हैं। बताया जाता है कि गंभीर मेलबर्न में बल्लेबाजों के आउट होने के तरीके से नाराज हैं। यही नहीं गंभीर और उनके सहयोगी स्टाफ की, टीम के बदलाव के दौर से निपटने की भूमिका भी चर्चा का विषय बन गई है।

**6.2** का औसत है इस सीरीज में रोहित का

इन घटनाक्रमों के बीच शुक्रवार से शुरू हो रहे पांचवें और अंतिम सिडनी टेस्ट से पहले फॉर्म में नहीं चल रहे कप्तान रोहित शर्मा और अनुभवी विराट कोहली पर अच्छे प्रदर्शन का दबाव बढ़ गया है। रोहित ने इस दौरे पर पिछली पांच टेस्ट पारियों में सिर्फ 31 रन और विराट ने सात पारियों में 167 रन बनाए हैं। सीरीज में 1-2 से पिछड़ी भारतीय टीम को विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने की होड़ में बने रहना है तो उसे हर हाल में सिडनी टेस्ट जीतना होगा। पहला पर्थ टेस्ट जीतने के बाद भारत को एडिलेड और मेलबर्न में हार मिली है। हालांकि 5वां टेस्ट शुरू होने से दो दिन पूर्व सामने आए ड्रेसिंग रूम के घटनाक्रम अच्छे संकेत नहीं हैं। एजेंसी



ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने बुधवार को ऑस्ट्रेलिया और भारत की टीमों से मुलाकात की।

#### मजाक में पीएम अल्बनीज बोले, बुमराह के लिए कानून लाना पड़ेगा

*जसप्रीत बुमराह की गेंदबाजी का जादू ऑस्ट्रेलिया में सिर चढ़कर बोल रहा है। ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज भी इसमें शामिल हैं। बुधवार को जब भारत और ऑस्ट्रेलिया की टीमों ने अल्बनीज से मुलाकात की तो उन्होंने मजाक में एक कानून का सुझाव दिया, जिसके तहत भारतीय तेज गेंदबाज को घरेलू टीम के खिलाफ बाएं हाथ से या एक कदम से गेंदबाजी करनी होगी। ऑस्ट्रेलियाई पीएम ने इस दौरान सीरीज में 30 विकेट ले चुके बुमराह की जमकर प्रशंसा की। कोच गौतम गंभीर ने कहा, उम्मीद है कि हम अगले टेस्ट में लोगों का मनोरंजन कर सकेंगे।*

#### द्रविड़ के कार्यकाल जैसा संवाद नहीं

- पता चला है कि गंभीर टीम के अधिकांश खिलाड़ियों के साथ एकमत नहीं हैं और खिलाड़ियों के साथ संवाद उतना अच्छा नहीं है जितना रवि शास्त्री और राहुल द्रविड़ के समय हुआ करता था। कप्तान रोहित शर्मा ने कहा था कि वह चयन के मुद्दों पर खिलाड़ियों से व्यक्तिगत रूप से बात करते हैं, लेकिन जुलाई में गंभीर के कार्यभार संभालने के बाद रोहित ने जूनियर से ऊपर स्तर के कुछ ऐसे खिलाड़ियों को स्पष्ट रूप से नहीं बताया है कि उन्हें टीम से बाहर क्यों रखा जा रहा है। इस मामले में रोहित की स्वयं की खराब फॉर्म ने भी उनकी मदद नहीं की है, लेकिन यह भी पता चला है कि अधिक मुखर माने जाने वाले गंभीर को खिलाड़ियों के उस समूह का ज्यादा विश्वास हासिल नहीं है जो कोहली और रोहित जितने उम्रदराज नहीं हैं और हर्षित-नीतीश जैसे नए भी नहीं हैं।

#### प्रयोग से असुरक्षित महसूस कर रहे खिलाड़ी

राहुल द्रविड़ और रवि शास्त्री के कोचिंग कार्यकाल में एक बात देखी गई कि खिलाड़ियों को प्रदर्शन का पूरा मौका देते हुए टीम में बदलाव के प्रयोग कम किए जाते थे, लेकिन गंभीर के समय में ऐसा नहीं है। टीम में कुछ ऐसे खिलाड़ी हैं जो एकादश के साथ प्रयोग करने की उनकी प्रवृत्ति के कारण अपने को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

- मौजूदा श्रृंखला में नीतीश रेड्डी जैसे खिलाड़ी ने शानदार प्रदर्शन किया है, लेकिन शुभमन गिल को मेलबर्न टेस्ट से बाहर किए जाने के फैसले को लेकर अब भी बहस चल रही है। अंतिम एकादश में लगातार किए जा रहे प्रयोग के कारण भी भारतीय टीम का प्रदर्शन प्रभावित हुआ है।

## बुमराह ने सर्वाधिक रेटिंग में अश्विन को पीछे छोड़ा

### टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष पर कायम हैं तेज गेंदबाज जसप्रीत



**दुबई।** जसप्रीत बुमराह ने आईसीसी की बुधवार को जारी की गई टेस्ट गेंदबाजी रैंकिंग में 907 रेटिंग अंक का आंकड़ा छूकर नया भारतीय रिकॉर्ड बनाया। बुमराह ने हाल में संन्यास लेने वाले स्पिन गेंदबाज रविचंद्रन अश्विन को पीछे छोड़ा जिन्होंने 2016 में 904 अंकों की अपनी सर्वोच्च रेटिंग हासिल की थी।

**आईसीसी रैंकिंग**

बुमराह ने हाल में अश्विन की बराबरी की थी और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथे टेस्ट मैच में शानदार प्रदर्शन के दम पर वह नया भारतीय रिकॉर्ड बनाने में सफल रहे। बुमराह 907 रेटिंग अंकों के साथ सर्वकालिक सूची में इंग्लैंड के डेरेक अंडरवुड के साथ संयुक्त 17वें स्थान पर हैं। इस तेज गेंदबाज ने बॉक्सिंग-डे टेस्ट मैच में नौ विकेट हासिल किए थे जिससे उन्होंने गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत की। भारत हालांकि इस मैच में हार गया था। एजेंसी

**907** रेटिंग अंक टेस्ट रैंकिंग में बुमराह के हुए

#### कमिंस तीसरे स्थान पर



ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने एमसीजी में छह विकेटों के दम पर 15 रेटिंग अंक हासिल किए जिससे वह एक पायदान चढ़कर गेंदबाजी में तीसरे स्थान पर पहुंच गए। कमिंस ने चौथे टेस्ट की दो पारियों में 90 रन बनाने के बाद टेस्ट ऑलराउंडर रैंकिंग में भी तीसरा स्थान हासिल किया।

#### चौथे स्थान पर यशस्वी



बॉक्सिंग-डे टेस्ट में यशस्वी जायसवाल की 82 और 84 रन की पारी ने उन्हें 854 रेटिंग अंकों के साथ कॅरिअर के सर्वश्रेष्ठ चौथे स्थान पर पहुंचा दिया, जबकि नीतीश रेड्डी के पहले टेस्ट शतक ने उन्हें टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में 20 स्थान ऊपर 53वें नंबर पर पहुंचा दिया।

## कोच जोकिम मालदीव के खिलाफ मैच में भारतीय टीम में करेंगे बदलाव

**बंगलूरू।** भारतीय महिला फुटबाल टीम के साथ अपने कोचिंग कॅरिअर की शानदार शुरुआत करने वाले जोकिम एलेक्जेंडरसन मालदीव के खिलाफ बृहस्पतिवार को खेले जाने वाले दूसरे मैत्री मैच में और नए खिलाड़ियों को मौका देने के लिए तैयार हैं। एलेक्जेंडरसन की देखरेख में टीम ने सोमवार को मालदीव को शुरुआती मुकाबले में 14-0 से हराया था। इस मैच में भारतीय टीम के लिए आठ खिलाड़ियों ने पदार्पण किया था।

**महिला फुटबाल**

कोच जोकिम ने कहा, हमने इस मैच का अच्छा उपयोग किया। हम विपक्षी टीम पर हावी थे। हमने हर विभाग में अच्छा किया। हम अगले मैच में शुरू से ही अनुभवहीन खिलाड़ियों को टीम में शामिल करने की कोशिश करेंगे। टीम में कुछ और बदलाव करने जा रहे हैं। पिछले मैच में पदार्पण करने वालो में लिंडा सबसे ज्यादा प्रभावशाली साबित हुईं। एजेंसी



कोच जोकिम

## चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी का आयोजन फिर से संभव : इकराम

**राउरकेला।** अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) अध्यक्ष दातो तैय्यब इकराम ने बुधवार को प्रतिष्ठित चैंपियंस ट्रॉफी को फिर से आयोजित करने की इच्छा व्यक्त की, हालांकि उन्होंने पहले से ही व्यस्त अंतरराष्ट्रीय हॉकी कैलेंडर में इस टूर्नामेंट को शामिल करने की मुश्किलों को भी उजागर किया। चैंपियंस ट्रॉफी 1978 में एक सालाना टूर्नामेंट के तौर पर शुरू हुई और 2014 में यह दो वर्ष पर होने लगी। इसका अंतिम चरण 2018 में हुआ। इसके बाद एफआईएच ने इसे बंद कर दिया था। एजेंसी

**टेनिस** ब्रिसबेन अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में दिमित्रोव जीते, जोकोविच-किर्गियोस युगल में हारे

## 113वीं रैंक की किंबर्ली ने दूसरी वरीय नवारो को हराया

**ब्रिसबेन।** वर्ष 2024 में अपने धमाकेदार प्रदर्शन से महिला टेनिस संघ (डब्ल्यूटीए) की ओर से वर्ष की उभरती हुई टेनिस खिलाड़ी चुनी गईं अमेरिका की एमा नवारो को 2025 के पहले ही दिन उलटफेर का शिकार होना पड़ा।

**08** वीं विश्व रैंकिंग है नवारो की

ब्रिसबेन अंतरराष्ट्रीय टेनिस टूर्नामेंट में दूसरी वरीय नवारो को विश्व नंबर 113 स्थानीय खिलाड़ी किंबर्ली बिरेल के हाथों सीधे सेटों में 5-7, 5-7 से हार का सामना करना पड़ा। वहीं, अपने दोस्त निक किर्गियोस के साथ जोड़ी बनाकर उतरे नोवाक जोकोविच की युगल में विदाई हो गई। जोकोविच-किर्गियोस को शीर्ष वरीय जोड़ी निकोला मेक्टिच और माइकल वीनस ने 6-2, 3-6, 10-8 से हराया। पुरुष वर्ग में दूसरी वरीय बुल्गारिया के दिमित्रोव ने जीत दर्ज की। एजेंसी



किंबर्ली बिरेल ने सीधे सेटों में 7-5, 7-5 से मुकाबला जीता।

#### वाइल्ड कार्ड के जरिये किंबर्ली को मिला प्रवेश

किंबर्ली को स्थानीय खिलाड़ी होने के नाते आयोजकों ने इस टूर्नामेंट के लिए वाइल्ड कार्ड के जरिये प्रवेश दिया था। किंबर्ली को जबरदस्त रूप से दर्शकों का समर्थन मिला। जिसके चलते नवारो अपना स्वभाविक खेल नहीं दिखा सकीं। एक अन्य मुकाबले में दारिया कासातकिना ने अमेरिका की पेयटन स्टर्न्स को 7-6, 4-6, 7-5 से हराया।

- दिमित्रोव ने अलेक्जेंडर वूकिच को 6-2, 7-6 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

- बेलारूस की महिला टेनिस खिलाड़ी विक्टोरिया अजारेंका ने महिला एकल में माया जोइंट को 6-7, 6-2, 6-4 से हराकर तीसरे दौर में प्रवेश किया।


**अमर उजाला**

संस्थापक : स्व. डोरीलाल अग्रवाल
: स्व. मुरारीलाल माहेश्वरी

नवोन्मेषक : स्व. अतुल माहेश्वरी

अमर उजाला लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मृत्युंजय कुमार सिंह द्वारा अमर उजाला लिमिटेड 5/1, आई.एन.एस. बिल्डिंग, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित व इम्प्रेशन्स प्रिंटिंग & पैकेजिंग लिमिटेड, सी-21, 22, सेक्टर- 59, नोएडा-201301 से मुद्रित।

संपादक : डॉ. इन्दुशेखर पंचोली

फोन : 0120-4694000
फैक्स : 0120-2587325
E-mail : editor@del.amarujala.com
Website : www.amarujala.com
RNI NO. DELHIN/2003/09919


# बिंदास

ENTERTAINMENT PROMOTIONAL FEATURE

यह कास्टिंग निर्देशकों का ही कमाल है कि आज देश 'लापता लेडीज' के प्रांजल पेटरिया या 'पंचायत' के दुर्गेश कुमार को पहचानता है। - राम रावत

## अब सिनेमा छोटे शहरों के कलाकारों तक खुद पहुंच रहा है

**फिल्म निर्माण में विकसित हुई कास्टिंग सबसे नई विधा है। कलाकारों के चयन की इस प्रक्रिया में राम रावत ने महारत हासिल की और 'लापता लेडीज' तथा 'ऑल वी इमेजिन एज लाइट' के कलाकारों के चयन में भी वह शामिल रहे। 'अपना अड्डा' सीरीज में इस बार पंकज शुक्ल ने बातचीत की राम रावत से।**



अपना अड्डा

**■ काशी विश्वनाथ मंदिर के पुजारी परिवार का बालक मुंबई फिल्म नगरी कैसे आ गया?**

ये बात साल 2012 की। प्रतीक बब्बर और अमायरा दस्तूर अभिनीत फिल्म 'इसक' की शूटिंग बनारस में हो रही थी और एक दिन लस्सी की दुकान पर फिल्म की शूटिंग के लिए मकरंद देशपांडे और फिल्म की कॉस्ट्यूम डिजाइन नम्रता जानी से हमारी भेंट हो गई। दोनों पूजापाठ वाली वेशभूषा की तलाश में थे और हमने उनकी मदद का प्रस्ताव रख दिया। फिल्म में मकरंद जो कपड़े पहने दिखते हैं, वे मेरे परिधान हैं। उसके बाद हम उनकी मदद करते रहे और नम्रता जानी के साथ बाकी काम भी करने लगे।

**■ अच्छा! तो मुंबई आने के बाद मिले कभी मकरंद देशपांडे से?**

मैंने संस्कृत माध्यम से स्नातक किया है। शास्त्री की उपाधि हासिल की है मैंने। लेकिन, फिल्मों का ऐसा चस्का लगा कि मैं बिना किसी को बताए वाराणसी से मुंबई चला आया। यहां आकर जब पहली बार मकरंदजी से पृथ्वी थियेटर पर मिला तो वह देखते ही पहचान गए। गले लगाकर बोले, यहां क्यों चले आए, घर चले जाओ। ये काम बहुत कठिन है। यहां कैसे गुजारा कर पाओगे?

**■ चाचा ने वापस नहीं बुलाया कि कहां मुंबई में धक्के खा रहे हो?**

वह चार-पांच दशकों से वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर में शिव की पूजा आराधना करते आ रहे हैं। वही मुझे मेरे पैतृक गांव मध्यप्रदेश में सागर जिले के लालोई से बाहर लेकर आए। उन्होंने ही शिक्षित भी किया और दीक्षित भी। मेरे जीवन को ढालने में उनका बहुत बड़ा योगदान रहा है। वह शुरू में तो बहुत नाराज हुए मेरे फैसले से लेकिन फिर उन्होंने ही हौसला भी दिया।

**■ लेकिन, सब तो यहां हीरो बनने आते हैं, आप कास्टिंग डायरेक्टर कैसे बन गए?**

मैंने मुंबई आने के बाद सबसे ज्यादा भीड़ एक्टिंग के लिए परेशान लोगों की ही देखी। और, यहीं पता चला कि ये सब कोऑर्डिनेटर और कास्टिंग डायरेक्टर के जरिये ही फिल्मों, वेब सीरीज व टीवी सीरियल में काम पाते हैं। तो बस मैंने इसी 'मददगार' वाली भूमिका को चुन लिया। शुरुआत विज्ञापन फिल्मों से हुई। फिर रोमिल मोदी से मिला, और अब तक उन्हीं के साथ हूं। जो कुछ हूं, उन्हीं की वजह से हूं। स्वतंत्र कास्टिंग के भी मौके मिलते हैं, लेकिन मेरा उनको छोड़ने का मन ही नहीं करता।

**■ मुंबई से बाहर होने वाली शूटिंग में मुंबई से बाहर के ही कलाकार लेने का जो चलन शुरू हुआ है, उसके बारे में क्या कहना है आपका?**

हां, पहले लोग घरों से भागकर सिनेमा तक आते थे, अब सिनेमा छोटे शहरों के कलाकारों तक खुद पहुंच रहा है। आप यकीन नहीं करेंगे, देश के तकरीबन सारे राज्यों और उन राज्यों के सारे बड़े, छोटे, मंझोले शहरों के अलग-अलग व्हाट्सएप ग्रुप इन कलाकारों के बन चुके हैं। फिल्में, सीरीज बनाने वाले इन्हीं कलाकारों को अब हम लोग सहायक भूमिकाओं में लेते हैं। स्थानीय कलाकारों को काम मिलता है और निर्माताओं का पैसा बचता है।

**■ दर्जनों फिल्में और सैकड़ों विज्ञापन फिल्में करने के बाद आपको क्या लगता है कि इस क्षेत्र में क्या नवाचार होना चाहिए?**

ये कास्टिंग निर्देशकों का ही कमाल है कि आज देश 'लापता लेडीज' के प्रांजल पटेरिया या 'पंचायत' के दुर्गेश कुमार को पहचानता है। लेकिन, मुझे लगता है कि काम मिलने के बाद इन कलाकारों का जो पैसा बिचौलिये खा जाते हैं, उस खामी को दूर करने की जरूरत है और निर्माता कंपनी से मिलने वाला पैसा सीधे कलाकार के खाते में ही जाए, इसकी शुरूआत की जानी चाहिए। देश भर के सहायक कलाकारों का एक संगठन खड़ा करने की मेरी इच्छा है।

**बहरीन में पैदा हुई और श्रीलंका की ब्यूटी क्वीन रहीं अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज की इस साल कई फिल्में रिलीज होने वाली हैं। उनकी पहली फिल्म रिलीज होगी 'फतेह', जिसमें वह सोनू सूद की हीरोइन बनी हैं। उनकी चार बातें...**

## शोहरत मेरी पहचान नहीं बन सकती



चार बातें

**हम** सब अपनी-अपनी भावनाओं से बने हुए पुतले हैं। जो कुछ भी हम महसूस करते हैं, अच्छा या बुरा, वह सब हमें हमारे आसपास के वातावरण से मिलता है। इसमें हमारे अपने एहसास भी शामिल होते हैं। मेरा ये पक्का मानना है कि हम जो कुछ करते हैं, जैसा सोचते हैं, वैसे ही हम बन जाते हैं।

**संकेत समझना जरूरी :** सकारात्मकता एक ऐसी आदत है, जो हमारा जीवन बदल सकती है। इसमें बहुत बड़ी शक्ति होती है। हर परिस्थिति के पीछे छुपे संकेत को पढना और उसके अनुसार अपना आगे का रास्ता तय करना ही जीवन का ध्येय होना चाहिए। दूसरों के बारे में फैसला करने से पहले हमें ये देखना चाहिए कि आखिर इसका उद्देश्य क्या है?

**जज मत बनिए :** नकारात्मक विचार किसी का भी जीवन बदल सकते हैं। परीक्षा में फेल हुए बच्चे को घरवालों के सहारे की जरूरत होती है। वह खुद से जूझ रहा होता है, ऐसे में उससे की गई नकारात्मक बातें उसे और डरा सकती हैं, उससे जीवन से विमुख कर सकती हैं। हमें ये ध्यान रखना चाहिए कि हम बिना सोचे समझे जो कुछ सोशल मीडिया पर लिख देते हैं, उसका असर कितना घातक हो सकता है।


**मैं सिर्फ जैकलीन :** अभिनेत्री बनना मेरा अपना निर्णय रहा है और अब मैं अतीत में जाकर चाहूं भी तो इस फैसले को बदल नहीं सकती। हर पेशे के अपने नुकसान और फायदे हैं, लेकिन मैं काम और परिवार में संतुलन बनाए रखने की पक्षधर हूं। लोकप्रिय होना मुझे प्रभावित नहीं करता। मैं सिर्फ जैकलीन हूं, शोहरत मेरी पहचान नहीं बन सकती।


लेटेस्ट वीडियो, फोटो और खबरों के लिए क्लिक करें amarujala.com/entertainment

# दुनियाभर में नए साल का जश्न, पश्चिम एशिया और यूक्रेन में मायूसी

## टाइम्स स्क्वायर से लेकर बैंकॉक तक हुई आतिशबाजी, रोम में प्रार्थना

**वेलिंगटन।** सिडनी से लेकर मुंबई और नैरोबी तक दुनिया भर में लोगों ने एक दूसरे को गले लगाकर, बर्फबारी और रोशनी में साल 2025 का स्वागत किया। दक्षिण प्रशांत महासागरीय देशों और न्यूजीलैंड का ऑकलैंड शहर ने नए साल का जश्न सबसे पहले मनाया। न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वायर में 'बॉल ड्रॉप' (टाइम्स स्क्वायर की छत पर लगे बॉल गिराकर) नए साल का स्वागत हुआ। पश्चिम एशिया, सूडान व यूक्रेन में संघर्ष के कारण स्वागत का जश्न फीका रहा। ऑस्ट्रेलिया में सिडनी हार्बर ब्रिज से लेकर खाड़ी तक आतिशबाजी हुई। इस जश्न के लिए दस लाख से ज्यादा लोग सिडनी हार्बर पर जुटे। जापान नए साल की छुट्टियों के दौरान जश्न में डूबा रहा। थाईलैंड के बैंकॉक में कई शॉपिंग मॉल में संगीत-आतिशबाजी के कार्यक्रम हुए। इंडोनेशिया के जकार्ता में आतिशबाजी के दौरान 800 ड्रोनों का इस्तेमाल हुआ। श्रीलंका में लोगों ने बौद्ध मंदिरों में दीये व अगरबत्ती जलाकर प्रार्थना की। दुबई में, हजारों लोग दुनिया की सबसे ऊंची गगनचुंबी इमारत बुर्ज खलीफा में आतिशबाजी के कार्यक्रम में शामिल हुए। केन्या के नैरोबी में भी आतिशबाजी की गई। रोम में 'पोप फ्रांसिस होली ईयर' मनाया, प्रार्थना की। पेरिस ने अपने पारंपरिक 'काउंटडाउन' और चैंप्स-एलिसीज पर आतिशबाजी के साथ 2024 को विदा किया। एजेंसी



बुर्ज खलीफा



लंदन



बर्लिन



पेरिस

### शी-पुतिन के बीच शुभकामनाएं

चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग व रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच नववर्ष की शुभकामनाओं का आदान-प्रदान हुआ। इसने तनाव से जूझ रहे पश्चिमी देशों के बीच दोनों नेताओं में निकटता की याद दिलाई। शी ने पुतिन से कहा, दोनों देश मित्रता के साथ आगे बढ़ेंगे। रूस ने भी कहा, वह चीन का समर्थन करता रहेगा।

### ठंड से बेफिक्र हो पानी में कूदे लोग

लंदन में टेम्स नदी के किनारे आतिशबाजी का प्रदर्शन कर जश्न मनाया गया। ब्रिटेन के अन्य हिस्सों में तूफान के कारण मौसम खराब रहा, जिसके कारण स्कॉटलैंड के एडिनबर्ग में जश्न रद्द कर दिया गया। लेकिन स्विटजरलैंड और कुछ अन्य स्थानों पर लोग ठंड की परवाह नहीं करते हुए पानी में कूद पड़े। **रियो डी जेनेरियो में कोपाकबाना बीच पर ब्राजील का मुख्य नववर्ष समारोह मनाया गया, जिसमें 12 मिनट तक लगातार आतिशबाजी की गई।**

**सर्बिया में जश्न के बजाय प्रदर्शन :** बेलग्राद। दुनिया में जहां साल बदलने पर जश्न मनाए गए वहीं सर्बिया में कई शहरों में लोगों ने राजनीतिक सुधार और न्याय की मांग करते हुए प्रदर्शन किए। देशवासी सरकार में भ्रष्टाचार को इसका जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। एजेंसी

# घर वालों ने आपका नाम दिलजीत रखा...आप वही कर रहे : मोदी

## पीएम मोदी से मिले गायक-अभिनेता दिलजीत दोसांझ

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेता व गायक दिलजीत दोसांझ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उनके आवास पर मुलाकात की। इस दौरान पीएम ने कहा कि आपके घर वालों ने आपका नाम रखा दिलजीत व आप पूरी दुनिया में यही काम कर रहे हैं। लोगों का दिल जीत रहे हैं।

पीएम व दिलजीत दोनों ने मुलाकात का वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किया। प्रधानमंत्री ने मुलाकात के दौरान दिलजीत की पीठ थपथपाते हुए कहा कि जब हमारे गांव का बच्चा पूरी दुनिया में नाम रोशन करता है तो हमें गर्व होता है। बातचीत के दौरान दिलजीत ने कहा कि हम स्कूल में पढ़ते थे कि हमारा भारत महान है। जब हम बड़े हुए और भारत घूमकर देखा तब समझ आया कि ऐसा क्यों कहा जाता था। पीएम मोदी ने इस पर कहा कि हमारे देश की संस्कृति-समाज बहुत जीवंत है। बातचीत के दौरान योगा पर भी बात हुई। पीएम मोदी ने कहा कि जिसने योग किया है वही इसकी ताकत को समझ सकता है। दिलजीत ने सोशल मीडिया पर लिखा, पीएम के साथ मुलाकात यादगार रहेगी। ब्यूरो



### आप पीएम, ये बहुत बड़ा पद...आपके अंदर का बेटा देख मन खुश : दिलजीत

दिलजीत ने कहा, आप देश के प्रधानमंत्री हैं, ये बहुत बड़ा पद है। इस पर रहते वक्त कई बार आपके अन्य स्वरूप छिप जाते हैं। लेकिन जब आप अपनी मां की बात करते हैं, गंगा मइया की बात करते हैं तो आपके अंदर का बेटा बाहर आता है। यह देखकर दिल खुश हो जाता है।

**दिलजीत ने छेड़ा सुर तो मोदी देने लगे संगत :** दिलजीत ने इस बीच एक पंजाबी सूफी गीत गुनगुनाते हुए सुर छेड़ा तो पीएम मोदी ने पास मेज पर थाप जमाकर संगत देना शुरू कर दिया। दिलजीत गीत गाते रहे और मोदी उस पर थाप देते रहे।

## न्यूज डायरी

### ट्रंप ने कहा, जिमी कार्टर के अंतिम संस्कार में शामिल होंगे

**वेस्ट पाम बीच।** अमेरिकी नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि वह अगले सप्ताह पूर्व राष्ट्रपति जिमी कार्टर के राजकीय अंतिम संस्कार में जाएंगे। उनका संस्कार 9 जनवरी को होना है। ट्रंप उनके धुर विरोधी रहे हैं। एजेंसी



डोनाल्ड ट्रंप

### यूएन में पाकिस्तानी कार्यकाल शुरू हुआ कराची में 29 घायल

**इस्लामाबाद।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के अस्थायी सदस्य के तौर पर पाकिस्तान का दो वर्ष का कार्यकाल एक जनवरी को नए साल से शुरू हो गया। इस मौके पर संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान के दूत मुनीर अकरम ने खुशी जताई। इस बीच, कराची में नए साल पर की गई हवाई फायरिंग में 29 लोग घायल हो गए। नए साल का जश्न मनाते वक्त हुई घटनाओं में कई महिला और बच्चे भी प्रभावित हुए। एजेंसी

### गाजा पर इस्राइली हमले में फलस्तीन के 12 लोगों की मौत

**दीर अल-बलाह।** गाजा पट्टी पर इस्राइली हमले में बुधवार को 12 फलस्तीनी मारे गए हैं, जिनमें ज्यादातर महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। हमला उत्तरी गाजा के जबालिया इलाके में एक घर पर हुआ, जो इस क्षेत्र का नष्ट हो चुका हिस्सा है। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि हमले में 7 की मौत हुई और कम से कम एक दर्जन अन्य लोग जख्मी हुए हैं। एजेंसी

### नेपाल में भारतीय संगठन के साथ बाल विवाह विरोधी मुहिम

**काठमांडो।** नेपाल में बाल-विवाह अपराध समाप्ति के पीएम केपी शर्मा ओली के संकल्प के बीच इस हिमालयी देश से भारत के बाल अधिकार कार्यकर्ताओं, बच्चों व नागरिक संस्था के सदस्यों सहित 100 से अधिक लोगों ने 'बाल विवाह मुक्त नेपाल' मुहिम शुरू करने के लिए हाथ मिलाया है। भारतीय संगठन 'जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन' और नेपाल के 'बैकवर्ड सोसाइटी एजुकेशन' के सहयोग से इसे शुरू किया गया है। एजेंसी

# अमेरिका : न्यू आर्लियंस शहर में भीड़ पर चढ़ाया ट्रक, 10 की मौत

## नए साल के पहले दिन आतंकी हमले से सहमे लोग, मुठभेड़ में हमलावर ढेर

**न्यू ऑर्लियंस।** नए साल पर न्यू ऑर्लियंस के प्रसिद्ध बॉर्बन स्ट्रीट पर तेज रफ्तार पिकअप ट्रक ने जश्न मना रही भीड़ को रौंद दिया, जिससे दस लोगों की मौत हो गई। न्यू ऑर्लियंस पुलिस के अनुसार आरोपी चालक शमसुद्दीन जब्बार (42) ने दो पुलिसकर्मियों पर गोलीबारी भी की। घायल दोनों पुलिसकर्मियों की हालत स्थिर है। हादसे में 35 लोग घायल हैं जबकि संदिग्ध हमलावर भी मुठभेड़ में मारा गया।

न्यू ऑर्लियंस के मेयर लाटोया कैंट्रेल ने इसे आतंकवादी हमला करार दिया है। मीडिया से बातचीत में कैंट्रेल ने कहा, हमें पता है कि न्यू ऑर्लियंस शहर पर आतंकवादी हमला हुआ है। घटना की जांच चल रही है। वहीं, मेयर के बयान के कुछ समय बाद एफबीआई एजेंट ने मीडिया से कहा कि यह कोई आतंकवादी घटना है या नहीं इसकी जांच चल रही है। हालांकि, एफबीआई के न्यू ऑर्लियंस कार्यालय की प्रभारी एलेथिया डंकन ने कहा, घटना स्थल पर एक परिष्कृत विस्फोटक उपकरण (आईईडी) बरामद हुआ है। हम यह पुष्टि करने का प्रयास कर रहे हैं कि घटना स्थल पर इसका उपयोग हुआ है या नहीं। राष्ट्रपति जो बाइडन को भी घटना की जानकारी दे दी गई है। एजेंसी



घटनास्थल पर तेज रफ्तार ट्रक चढ़ाने के बाद सुरक्षाकर्मियों ने क्षेत्र को खाली कराया। एजेंसी

### आरोपी ने जानबूझकर लोगों पर चढ़ाया ट्रक : पुलिस अधीक्षक

पुलिस अधीक्षक ऐनी किर्कपैट्रिक ने बताया कि हादसा शहर के सीजर्स सुपरडोम में आयोजित कॉलेज फुटबॉल क्वार्टरफाइनल ऑलस्टेट बाउल के शुरू होने से कुछ घंटे पहले हुई। लोग बुधवार तड़के 3:15 बजे नए साल का जश्न मना रहे थे। शमसुद्दीन ने पिकअप ट्रक को तेजी से चलाते हुए बोर्बोन स्ट्रीट पर जश्न मना रहे लोगों की भीड़ पर चढ़ा दिया। मरने वाले और घायल सभी स्थानीय निवासी हैं। किर्कपैट्रिक ने बताया कि जब्बार ने लोगों की भीड़ पर जानबूझकर तेज गति से ट्रक चलाया। पुलिस ने घटनास्थल पर ही जब्बार को मार गिराया और ट्रक से आईएस का झंडा भी बरामद किया।

### *नए साल का जश्न खौफ में बदल गया : प्रत्यक्षदर्शी*

*प्रत्यक्षदर्शियों में केविन गार्सिया (22) ने बताया, मैंने देखा कि एक ट्रक बॉर्बन फुटपाथ के बाईं ओर सभी को टक्कर मारता आ रहा था। टक्कर इतनी भीषण थी कि एक व्यक्ति उड़ता हुआ मेरी तरफ गिरा। गार्सिया ने गोलियों की आवाज भी सुनी। इस दौरान नए साल का जश्न खौफ में बदल गया। अन्य प्रत्यक्षदर्शी व्हिट डेविस ने कहा, यह घटना तब हुई जब वह बॉर्बन स्ट्रीट पर एक नाइट क्लब से बाहर निकल रहे थे।*

- *डेविस ने कहा, अचानक पिकअप ट्रक भीड़ को रौंदते हुई बढ़ी। हर कोई चिल्लाने लगा और पीछे की ओर हटने लगे। फिर हम सब को पुलिस ने घेर लिया। थोड़ी देर बाद हमें क्लब से बाहर जाने दिया गया। पुलिस ने लोगों को बताया कि हमें कहां और किधर से जाना है। मैंने कुछ शव देखे। कई लोगों को एंबुलेंस से ले जाया जा रहा था।*

### कराची में विरोध प्रदर्शन के दौरान हिंसा, कई रास्ते जाम

**कराची।** कराची में मजलिस वहदत-ए-मुसलमीन (एमडब्ल्यूएम) पार्टी का विरोध प्रदर्शन उस वक्त हिंसक हो गया, जब पुलिस ने नुमाइश चौरांगी में प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए गोलाबारी की। इसके बाद प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर पथराव किया। हिंसा में एसएसपी केमरी फैजान अली और विशेष सुरक्षा इकाई के कमांडो सदस्यों सहित कई अधिकारी घायल हो गए। पाकिस्तान की पुलिस ने कई प्रदर्शनकारियों को हिरासत में भी लिया है।

कराची में छह स्थानों पर धार्मिक दलों ने धरना देना जारी रखा है। इससे बड़े पैमाने पर यातायात बाधित हुआ है और यात्रियों को काफी असुविधा हो रही है। नुमाइश चौरांगी में स्थिति विशेष रूप से गंभीर है, जहां सड़क को यातायात के लिए पूरी तरह से बंद कर दिया गया है। एजेंसी

### 183 कैदियों की सजा पूरी होने पर विदेश मंत्रालय बोला-

# हिरासत में रखे गए हमारे कैदियों को तत्काल रिहा करे पाकिस्तान : भारत

**नई दिल्ली।** भारत ने पाकिस्तान से 183 भारतीय मछुआरों और नागरिक कैदियों की जेल की सजा पूरी होने के मद्देनजर उनकी रिहाई और स्वदेश वापसी में तेजी लाने का आग्रह किया। विदेश मंत्रालय ने कहा कि इसके अलावा, पाकिस्तान को उसकी हिरासत में मौजूद उन 18 नागरिक कैदियों और मछुआरों को तत्काल राजनयिक पहुंच प्रदान करने के लिए भी कहा गया है, जिनके बारे में माना जाता है कि वे भारतीय हैं।

भारत ने 2008 के समझौते के ढांचे के तहत प्रत्येक कैलेंडर वर्ष में 1 जनवरी और 1 जुलाई को ऐसा करने की प्रथा के तहत दोनों देशों की ओर से नागरिक कैदियों और मछुआरों की सूचियों के आदान-प्रदान के संदर्भ में अनुरोध किया। भारत ने अपनी हिरासत में बंद 381 नागरिक कैदियों और 81 मछुआरों के नाम साझा किए हैं, जो पाकिस्तानी हैं या पाकिस्तानी माने जाते हैं। विदेश मंत्रालय के अनुसार, इसी तरह, पाकिस्तान ने अपनी हिरासत में बंद 49 नागरिक कैदियों और 217 मछुआरों के नाम साझा किए हैं, जो भारतीय हैं या जिनके बारे में माना जाता है कि वे भारतीय हैं। एजेंसी

### *परमाणु प्रतिष्ठानों की भी जानकारी साझा की*

*भारत और पाकिस्तान ने बुधवार को एक द्विपक्षीय समझौते के तहत अपने परमाणु प्रतिष्ठानों की एक सूची का भी आदान-प्रदान किया। विदेश मंत्रालय ने कहा कि सूची का आदान-प्रदान परमाणु प्रतिष्ठानों और सुविधाओं के खिलाफ हमले के निषेध पर एक समझौते के प्रावधानों के तहत हुआ। यह नई दिल्ली और इस्लामाबाद में राजनयिक चैनलों के माध्यम से एक साथ किया गया।*

## पाकिस्तान : मनमोहन सिंह को पैतृक गांव में श्रद्धांजलि, परिजन आमंत्रित

### ग्रामीणों ने कहा-गांव की मिट्टी से जुड़ाव पर गर्व

**चकवाल।** इस्लामाबाद से लगातार आतंकी गतिविधियों के कारण भारत-पाकिस्तान के रिश्ते तनावपूर्ण बने हुए हैं, लेकिन पाकिस्तान के एक छोटे से गांव गाह ने भारत के पूर्व पीएम मनमोहन सिंह के निधन पर शोक जताया है। यह मनमोहन सिंह का पैतृक स्थान भी है। यहां के लोगों ने पूर्व पीएम को श्रद्धांजलि देने के लिए विशेष कार्यक्रम किया था। उन्होंने बुधवार को मनमोहन सिंह के परिवार को गांव में आमंत्रित किया है और कहा, गांव की मिट्टी से जुड़ाव पर हमें गर्व है।

ग्रामीणों ने एक साधारण परवरिश से लेकर दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के प्रमुख बनने तक के उनके सफर का जश्न मनाया। एक ग्रामीण ने कहा, मुझे गर्व है कि मनमोहन सिंह मेरे पिता के सहपाठी थे। स्कूल में मनमोहन सिंह का नाम देखने से सम्मानित होता हूं। एक अन्य ग्रामीण ने मनमोहन सिंह के परिवार को उनके पैतृक गांव आने का निमंत्रण दिया। कहा, हम उनकी पत्नी और बेटियों को निमंत्रण देते हैं, यहां उनका वही घर और वैसा ही माहौल दिखाई देगा। एजेंसी



पाकिस्तान के गाह में मनमोहन को श्रद्धांजलि देते ग्रामीण। एजेंसी

## फलस्तीन के समर्थन में सड़कों पर 10 हजार लोग



इस्तांबुल में विरोध-प्रदर्शन

इस्राइल-हमास युद्ध में हो रही फलस्तीनियों की मौतों को रोकने के लिए इस्तांबुल शहर में करीब 10 हजार लोगों ने रैली निकाली। तुर्किये के इस शहर में नए साल के पहले दिन प्रदर्शनकारियों ने पीड़ित फलस्तीनियों के समर्थन में जमकर नारेबाजी की। 12 माह से चल रहे इस्राइल-हमास युद्ध में अब तक 46 हजार से भी ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। एजेंसी

**12** माह से चल रहा है इस्राइल हमास के बीच संघर्ष

**46** हजार से भी ज्यादा लोगों की अब तक गाजा में हुई मौत

# भारत महत्वपूर्ण पड़ोसी, बांग्लादेश कई मायनों में उस पर निर्भर, खिलाफ नहीं जाएंगे : जनरल जमान

## बांग्लादेशी सेना प्रमुख बोले-समानता आधार पर अच्छे संबंध बनाने होंगे

**ढाका।** भारत को महत्वपूर्ण पड़ोसी बताते हुए बांग्लादेश के सेनाध्यक्ष जनरल वकार-उज-जमान ने कहा कि ढाका कई मायनों में नई दिल्ली पर निर्भर है। भारत यहां के लोगों का इलाज करता है। हम कभी भी भारत के खिलाफ नहीं जाएंगे।



जनरल जमान

जनरल वकार-उज-जमान ने कहा कि भारत और बांग्लादेश के बीच लेन-देन का रिश्ता है और यह संबंध निष्पक्षता पर आधारित होने चाहिए। यदि हम अपना लाभ उठाना चाहते हैं तो दोषी भी हम ही हैं। जनरल जमान ने कहा, लोगों को किसी भी तरह से यह महसूस नहीं होना चाहिए कि भारत हम पर हावी हो रहा है। यह हमारे आपसी हितों के भी खिलाफ है। पूर्वोत्तर क्षेत्र में सुरक्षा सुनिश्चित करने पर के सवाल पर उन्होंने कहा कि बांग्लादेश ऐसा कुछ भी नहीं करेगा जो भारत के रणनीतिक हितों के खिलाफ हो। एजेंसी

### भारत संग द्विपक्षीय मुद्दों में हसीना का प्रत्यर्पण भी : विदेश मंत्री तौहीद

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के विदेश मंत्री तौहीद हुसैन ने कहा कि अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना का प्रत्यर्पण भारत के साथ कई मुद्दों में से एक है, जिस पर बांग्लादेश आगे बढ़ेगा। बुधवार को मीडिया से बातचीत में हुसैन ने कहा कि दिल्ली से हसीना को वापस लाने और भारत के साथ संबंधों को बेहतर बनाने के ढाका के प्रयास समानांतर रूप से आगे बढ़ेंगे। पूर्व राजनयिक हुसैन ने कहा, हमारी प्राथमिकताएं रोहिंग्या संकट को हल करना और अमेरिका, भारत और चीन के साथ मजबूत द्विपक्षीय संबंध बनाए रखना है। 2025 में बांग्लादेश के लिए यह प्रमुख प्राथमिकताएं होंगी। स्थिरता सुनिश्चित करते हुए अपने आर्थिक और कूटनीतिक प्रयासों को आगे बढ़ाना ही हमारा मकसद है।



तौहीद हुसैन

### अवामी लीग लड़ सकती है चुनाव : आयुक्त

**ढाका।** बांग्लादेश के मुख्य चुनाव आयुक्त एएमएम नसीरुद्दीन ने कहा है कि अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग पर यदि सरकार या न्यायपालिका प्रतिबंध नहीं लगाती तो पार्टी चुनाव लड़ सकती है। समाचारपत्र 'ढाका ट्रिब्यून' की एक खबर के अनुसार, मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ने सोमवार को चटगांव सर्किट हाउस में चुनाव अधिकारियों के साथ बैठक के दौरान यह बात कही। यानी शेख हसीना की पार्टी 'अवामी लीग' बांग्लादेश में होने वाले आगामी आम चुनाव लड़ सकती है। नसीरुद्दीन ने यह भी कहा कि चुनाव आयोग पूरी तरह स्वतंत्र है और उस पर कोई बाहरी दबाव नहीं है। एजेंसी

**जासूसी** | अक्तूबर में ट्रंप, उनके साथी वेंस के फोन हुए टेप, कमला के टीम की बातें भी सुनी गईं

# चीनी हैकर्स ने अमेरिकी वित्त विभाग में लगाई सेंध

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी वित्त मंत्रालय की ओर से चीन प्रायोजित साइबर हमलों के दावों के मुताबिक चीनी हैकर्स ने वित्त विभाग (ट्रेजरी डिपार्टमेंट) ऑफिस को तकनीकी मदद देने वाली क्लाउड आधारित सेवाओं तक सेंध लगा दी थी।

कोषागार विभाग के सांसदों को लिखे पत्र के मुताबिक हैकरों के हाथ वह की (विशेष कोड) लग गया जिसका इस्तेमाल क्लाउड आधारित सेवाओं को सुरक्षित रखने के लिए किया जाता था। इस सुरक्षा प्रणाली का नाम गार्डरेल है। हैकर्स इन सेवाओं की सुरक्षा में सेंध लगाकर दूर किसी देश में बैठकर आसानी से ट्रेजरी डीओ के वर्कस्टेशनों को देख सकते थे तथा उनके दस्तावेजों तक भी पहुंच सकते थे। चीनी हैकर्स इससे पहले अमेरिका व अन्य पश्चिमी देशों की दूरसंचार कंपनियों व एजेंसियों में भी सेंध लगा चुके हैं। अक्तूबर के अंत में इन हैकर्स ने डोनाल्ड ट्रंप और उनके साथी जेडी वेंस के फोन को भी निशाना बनाया था। उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के कैंपेन में काम करने वालों के भी फोन की जासूसी की गई थी। एफबीआई और साइबरसिक्योरिटी एवं इन्फ्रास्ट्रक्चर सिक्योरिटी एजेंसी (सिसा) ने दावा किया है कि इन हैकर्स की कमान चीन के हाथों में है। एजेंसी



### लाखों अमेरिकियों का डाटा था दांव पर

बीबीसी की एक रिपोर्ट के मुताबिक दूरसंचार कंपनियों पर चीन प्रायोजित साइबर हमलों में लाखों अमेरिकी नागरिकों का डाटा भी दांव पर था। यही नहीं चीनी प्रायोजित हैकर्स के निशाने पर ब्रिटेन के चुनाव और न्यूजीलैंड के सांसद भी थे। इन हैकर्स की मदद से चीन उन शक्तिशाली व्यक्तियों से जुड़ा डाटा हासिल करना चाहता था। हालांकि, चीन ने इन सभी आरोपों को खारिज कर दिया है।

***कानून प्रवर्तन एजेंसियों के फोन की भी हो रही थी टेपिंग :*** *एफबीआई के मुताबिक दूरसंचार कंपनियों के सिस्टम में सेंध लगाने वालों के निशाने पर अकेला ट्रेजरी डिपार्टमेंट नहीं था। हैकर कानून प्रवर्तन एजेंसियों व उनसे जुड़े लोगों के भी फोन सुन रहे थे। इसके जरिये चीन यह पता लगा रहा था कि अमेरिका किन विदेशी जासूसों की निगरानी कर रहा है। हाल ही में, अमेरिका की दो सबसे बड़ी दूरसंचार कंपनियों, एटीएंडटी और वेरिजॉन ने भी स्वीकार किया कि वे चीन से जुड़े साल्ट टाइफून साइबर जासूसी ऑपरेशन के निशाने पर थीं। 7 अन्य शीर्ष दूरसंचार फर्मों को भी हैकरों ने निशाना बनाया था।*

# अमेरिकी चुनाव प्रभावित करने पर रूसी व ईरानी संस्थाओं पर लगा प्रतिबंध

**वाशिंगटन।** अमेरिकी वित्त मंत्रालय ने ईरान और रूस की संस्थाओं पर नए प्रतिबंध लगाए हैं। इन पर अमेरिका के 2024 के नवंबर माह में हुए राष्ट्रपति चुनाव को प्रभावित करने के लिए गलत जानकारी फैलाने के मकसद से एआई का दुरुपयोग करने का आरोप है। उसने ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स की एक सहायक कंपनी और रूस की सैन्य खुफिया एजेंसी की एक सहयोगी कंपनी पर चुनाव के दौरान सामाजिक राजनीतिक तनाव भड़काने व वोटरों को प्रभावित करने के आरोप लगाए हैं।

### नवंबर से पहले गलत जानकारियां फैलाईं एआई का किया दुरुपयोग

अमेरिकी वित्त मंत्रालय ने कहा, ईरान व रूस की इन कंपनियों ने फर्जी वीडियो, समाचारों और सोशल मीडिया पोस्ट के जरिये मतदाताओं को गुमराह करने और अमेरिकी चुनावों में भरोसा घटाने के लिए डिजाइन किया था। आतंकवाद और वित्तीय खुफिया के कार्यवाहक अवर मंत्री ब्रैडली टी. स्मिथ ने कहा, ईरान और रूस की सरकारों ने अमेरिकी लोगों को बांटने की कोशिश की है। एजेंसी

# जेलेंस्की का पुतिन को झटका, यूरोप जाने वाली रूसी गैस आपूर्ति रोकी

## यूरोपीय बाजारों पर मॉस्को का दशकों पुराना प्रभुत्व समाप्त

**मॉस्को/कीव।** यूक्रेन से होकर गुजरने वाली सोवियत युग की पाइपलाइनों के माध्यम से रूसी गैस निर्यात नए साल के दिन रुक गया है। इसके चलते यूरोप के ऊर्जा बाजारों पर मॉस्को के दशकों के प्रभुत्व का अंत हो गया है। लगभग तीन साल के युद्ध के बावजूद गैस का प्रवाह जारी रहा, लेकिन रूस की गैस फर्म गजप्रोम ने कहा कि यूक्रेन द्वारा पारगमन समझौते को नवीनीकृत करने से इन्कार करने के बाद यह कदम उठाया गया है। इससे यूरोपीय बाजार में गैस के दामों बढ़ेंगे।

इस कदम के बाद न सिर्फ यूरोपीय यूनियन (ईयू) की प्रतिस्पर्धा प्रभावित होगी बल्कि जीवन-यापन की लागत में भी बढ़ोतरी होगी। ईयू से संबंधित स्लोवाकिया और ऑस्ट्रिया ने वैकल्पिक आपूर्ति की व्यवस्था की है।



गजप्रोम कंपनी से आपूर्ति प्रभावित। एजेंसी

हालांकि हंगरी को तुर्कस्ट्रीम के माध्यम से रूसी गैस मिलती रहेगी, जो काला सागर के नीचे दो पाइपलाइन चलाती है। इस बीच, यूरोपीय आयोग ने कहा कि यूरोपीय संघ ने कटौती के लिए तैयारी कर ली है। प्रवक्ता ने कहा, यूरोपीय गैस अवसंरचना गैर-रूसी मूल की गैस देने के लिए पर्याप्त लचीली है। एजेंसी

Vishalgautam783

- दैनिक जागरण
- अमर उजाला
- हिन्दुस्तान
- जनसत्ता
- बिज़नेस स्टैंडर्ड
- राष्ट्रीय सहारा
- दैनिक भास्कर
- राजस्थान पत्रिका
- The Hindu
- The Indian Express
- THE TIMES OF INDIA
- Mint
- More Newspaper

ये सभी अखबार Whatsapp चैनल पर आते हैं।